CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम :20°C

मुरादाबाद, बुधवार 3 जून 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 287 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 16 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



महबूबा ने की जम्मू-कश्मीर पर संवाद के लिए साझा प्रतिनिधिमंडल भेजने की अपील पेज 2



आरसीबी की जीत के बाद वृंदावन पहुंचे विराट-अनुष्का खेल टाइम्स



टूटते भरोसे के वेंटिलेटर पर देश की परीक्षा व्यवस्था सम्पादकीय



लेबनान पर इजरायली हमले से ट्रम्प नाराज, नेतन्याहू को फटकार लगाई पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों ने ली पद की शपथ

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में नियुक्त किए गए पांच नए न्यायाधीशों ने मंगलवार को पद की शपथ ले ली। इसके साथ ही शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने उच्चतम न्यायालय के ऑडिटोरियम में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायमूर्ति श्रीचंद्रशेखर, न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति अरुण पल्ली के साथ-साथ वरिष्ठ अधिवक्ता वी मोहना को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम द्वारा पिछले महीने की गई सिफारिशों के बाद केंद्र सरकार ने सोमवार को नियुक्तियों की अधिसूचना जारी की थी।

### कर्नाटक में मंत्री पदों को दौड़ हुई तेज, 40 MLA पहुंचे दिल्ली

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** कर्नाटक मंत्रिमंडल में महज उपलब्ध दस मंत्री पदों की होड़ में शामिल कांग्रेस के चालीस विधायकों ने नई दिल्ली को राज्य की राजनीति का मुख्य केंद्र बना दिया है। इस कारण बुधवार को मनोनीत मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के शपथ ग्रहण समारोह से पहले लॉबिंग और उच्च स्तरीय विचार-विमर्श का दौर तेज हो गया है। कांग्रेस आलाकमान की ओर से मंत्रिमंडल के गठन को अंतिम रूप दिया जाना हालांकि अभी बाकी है। ऐसे में 40 से अधिक विधायक नई सरकार में शामिल होने का दावा ठोंकने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में डेरा डाले हुए हैं। दावेदारों की इस भारी भीड़ ने मंत्रिमंडल गठन की कवायद को पेचीदा बना दिया है।

### NHRC ने 53 गर्भवती महिलाओं की मौत का स्वत: संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मध्य प्रदेश के सिंधी जिले में चिकित्सा सुविधाओं और जागरूकता के अभाव के कारण एक वर्ष के भीतर 53 गर्भवती महिलाओं की मौत होने की खबर का स्वत: संज्ञान लिया है। एनएचआरसी ने मंगलवार को बताया कि आयोग ने मामले को मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन से जुड़ा बताते हुए मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच सिंधी जिले में प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद कुल 53 महिलाओं की मौत हुई।

### प्रधानमंत्री रिसर्च चेयर योजना के लिए आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से प्रधानमंत्री रिसर्च चेयर (पीएमआरसी) योजना 2026 के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि पीएमआरसी केंद्र सरकार की एक प्रमुख राष्ट्रीय पहल है जिसका उद्देश्य दुनिया भर में कार्यरत भारतीय मूल के उत्कृष्ट शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों और पेशेवरों को भारत के शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान केंद्रों से जोड़ना है।



नई दिल्ली: आईजीआई हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर सऊदी अरब से लौटने वाली पहली उड़ान से आए एक हज यात्री का अभिवादन करते केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू।

# वेदांता समूह के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ फेमा के उल्लंघन का आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के नियमों के कथित उल्लंघन के मामले में मंगलवार को अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाले वेदांता समूह के परिसरों पर छापेमारी की।

यह छापेमारी वेदांता द्वारा अपनी मुख्य कंपनी वेदांता रिसोर्सेज को किए गए रॉयल्टी भुगतान की जांच के सिलसिले में समूह के मुंबई और दिल्ली स्थित कार्यालयों पर की जा रही है। इस मामले पर वेदांता के प्रवक्ता ने कहा कि हम अधिकारियों को पूरा सहयोग दे रहे हैं और मांगी गई सभी जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। कंपनी सभी लागू कानूनों और नियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। चूंकि यह मामला अभी नियामक प्रक्रिया के अधीन है, इसलिए हम इस स्तर पर आगे कोई टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब कंपनी अपने कारोबार को चार नई सूचीबद्ध कंपनियों में बांटने (डी मर्जर) की प्रक्रिया में जुटी है। कंपनी को इस बंटवारे की प्रक्रिया के लिए विभिन्न विनियामक मंजूरियां भी मिल चुकी हैं। प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी की रिपोर्टों के बाद वेदांता के शेयरों पर बिकवाली का दबाव देखा गया और वे घाटे में चले गए।

### सलीम डोला के ड्रग तस्करी नेटवर्क की जांच के सिलसिले में चार शहरों में छापे

**नई दिल्ली।** ईडी ने सलीम इस्माइल डोला और उसके सहयोगियों द्वारा कथित रूप से संचालित अंतर्राष्ट्रीय संगठित नशीले पदार्थ तस्करी गिरोह के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत जारी जांच के सिलसिले में मुंबई, सूरत, अंकलेश्वर और राजकोट में 20 स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया।

## ओएसएम विवाद के बाद सरकार का एक्शन

# CBSE चेयरमैन और सचिव का किया तबादला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सीबीएसई से जुड़े मामलों में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए बोर्ड के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम को चेयरमैन व सीनियर ब्यूरोक्रेट वरुण भारद्वाज को सचिव नियुक्तकिया गया है। इसके साथ ही सीबीएसई द्वारा ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सेवाओं की खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए एक विशेष जांच समिति का गठन किया गया है। सूत्रों के अनुसार यह जांच समिति ओएसएम सेवाओं की खरीद, टेंडर प्रक्रिया और उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करेगी।

जारी आदेश के अनुसार इस जांच समिति की अध्यक्षता कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की चेयरपर्सन एस. राधा चौहान करेंगी। समिति को सीबीएसई द्वारा ओएसएम सिस्टम के लिए सेवाओं की खरीद से जुड़े सभी मामलों की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकारी आदेश में कहा गया है कि समिति की अध्यक्ष एस. राधा चौहान आवश्यकता पड़ने पर अन्य विभागों और कार्यालयों के अधिकारियों की सहायता भी ले सकेंगी। वहीं समिति को सचिवीय सहायता कैपेसिटी बिल्डिंग कमेटी द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार ने जांच समिति को अपनी रिपोर्ट एक महीने के भीतर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) को सौंपने के निर्देश दिए हैं।



ओएसएम खरीद प्रक्रिया की होगी जांच, लोखंडे प्रशांत सीताराम को चेयरमैन और वरुण भारद्वाज को सचिव नियुक्त किया

### सीबीएसई: री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर बड़ा साइबर हमला

**दो मिनट में आए 15 लाख हिट, अब तक 16 हजार छात्रों ने भरा फॉर्म**

**नई दिल्ली।** सीबीएसई के री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर मंगलवार को भारी ट्रैफिक के बीच साइबर अटैक की कोशिश की गई। बोर्ड के अनुसार कुछ दुर्भावनापूर्ण तत्वों ने पोर्टल की सेवाओं को बाधित करने के लिए लगातार साइबर हमले किए। इसके बावजूद हजारों छात्रों ने सफलतापूर्वक अपनी आवेदन प्रक्रिया पूरी की। सीबीएसई ने जानकारी दी कि फिलहाल री-इवैल्यूएशन पोर्टल एक समय में 8,000 से अधिक रीयल टाइम यूजर्स को सपोर्ट कर रहा है। मंगलवार दोपहर 3 बजे तक 16,000 से ज्यादा छात्र सफलतापूर्वक अपने आवेदन जमा कर चुके थे। बोर्ड के अनुसार हाल ही में पोर्टल पर डिनायल ऑफ सर्विस (डीओएस) अटैक की कोशिश की गई। इस दौरान महज 2 मिनट के भीतर पोर्टल पर करीब 15 लाख हिट दर्ज किए गए।

# सलमान खान ने 'काला हिरण' के निर्माताओं को भेजा कानूनी नोटिस

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने 'काला हिरण' फिल्म के निर्माताओं को एक कानूनी नोटिस भेजा है।

बताया जा रहा है कि यह फिल्म 1998 के काले हिरण (ब्लैक बक) के शिकार के मामले से प्रेरित है। सलमान खान ने आरोप लगाया है कि इस फिल्म से उनके व्यक्तित्व संबंधी अधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ है और उन्होंने फिल्म की रिलीज और इसके प्रचार-प्रसार से जुड़ी सभी गतिविधियों को रोकने की मांग की है। सलमान खान के कानूनी प्रतिनिधियों ने फिल्म के कास्टिंग निदेशक अक्षय पांडे को जारी किए गए नोटिस में यह तर्क दिया गया है कि यह प्रोजेक्ट काले हिरण मामले से जुड़ी चल रही न्यायिक कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है और अभिनेता की प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंचा सकता है। नोटिस के अनुसार, ब्लैक बक मामला अभी भी राजस्थान उच्च न्यायालय में लंबित है। इस मामले का कोई भी नाटकीय या सनसनीखेज चित्रण सलमान खान के खिलाफ पूर्वाग्रह पैदा कर सकता है और निष्पक्ष सुनवाई के उनके अधिकार को कमजोर कर सकता है। कानूनी टीम ने तर्क दिया है कि फिल्म की सामग्री, विचाराधीन मामले के बारे में जनता की राय को प्रभावित करके, न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर सकती है। नोटिस में कहा गया है कि खान के प्रतिनिधियों को इस फिल्म के बारे में तब पता चला, जब ऐसी खबरें आईं कि फिल्म निर्माता अभिनेताओं से संपर्क कर रहे हैं और प्रचार सामग्री बांट रहे हैं। इस सामग्री में फिल्म की कहानी और किरदारों के रेखाचित्र शामिल थे, जिनमें कथित तौर पर अभिनेता और 'ब्लैक बक मामले' का जिक्र किया गया था। सलमान खान की कानूनी टीम ने यह साफ किया है कि उन्होंने फिल्म के लिए अपने नाम, व्यक्तित्व, शक्ल या उनसे जुड़ी किसी भी घटना के इस्तेमाल की न तो इजाजत दी है और न ही सहमति दी है। वहीं, फिल्म निर्माता अमित जानी ने इस लीगल नोटिस को जल्दबाजी में उठाया गया कदम बताया है और इस बात से इन्कार किया है कि 'काला हिरण: द बैटल फॉर लीगेसी' सलमान खान पर बनी कोई बायोपिक फिल्म है। श्री जानी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह फिल्म किसी अभिनेता पर केंद्रित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक कहानी है, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध घटनाओं और वन्यजीव संरक्षण के प्रति बिश्नोई समुदाय की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता पर आधारित है। फिल्म निर्माताओं ने अभी तक यह संकेत नहीं दिया है कि नोटिस मिलने के बाद वे इस प्रोजेक्ट में कोई बदलाव करेंगे या नहीं।



■ आरोप लगाया: फिल्म से उनके व्यक्तित्व संबंधी अधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो जगह बादल फटे

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के गहन सरथल और माछीपाल इलाके में मंगलवार को बादल फटे हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, हालात का जायजा लेने के लिए प्रशासन की टीमें मौके पर भेजी गई हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून 4 जून को केरलम के तट पर पहुंच सकता है। पहले 26 मई को केरलम पहुंचने का अनुमान था। मानसून आमतौर पर एक जून के आसपास केरलम पहुंचता है और अगले डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर करता है। 23 राज्यों में जून की शुरुआत के साथ गर्मी से राहत मिली है।

■ राजस्थान-एमपी में आंधी-बारिश से पांच लोगों की मौत

# सुवेंदु सरकार के खिलाफ ममता का धरना

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** में तृणमूल कांग्रेस इस करारी हार के बाद चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। दोनों दलों के आक्रामक तेवरों के बीच मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विरोध-प्रदर्शन का ऐलान किया।

टीएमसी की तरफ से हुए इस हल्लाबोल के बीच भाजपा ने सोनारपुर में हुई मारपीट और हिंसा के मामले में तृणमूल को घेरा है। सीएम ममता ने कहा कि भाजपा ने 294 में से 177 विधानसभा सीटों पर मतगणना में धांधली की। पुलिस ने धरने की अनुमति नहीं दी, फिर भी प्रदर्शन लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा।



■ टीएमसी प्रमुख बोलीं: भाजपा ने 177 सीटों पर की धांधली, कार्यकर्ताओं को रोक रही पुलिस

# नेपाल से सीमा विवाद में तीसरे पक्ष का रोल बर्दाश्त नहीं: भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत-नेपाल सीमा से जुड़े नेपाली पीएम बालेन शाह के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच करीब 98 प्रतिशत सीमा का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है, लेकिन कुछ हिस्सों पर अभी भी सहमति बननी बाकी है।

उन्होंने बताया कि गंडक नदी का रास्ता बदलने की वजह से कुछ इलाकों में सीमा से जुड़े सवाल पैदा हुए हैं। इसके अलावा, कुछ जगहों पर सीमा पार कब्जे और नो-मैन्स लैंड पर अतिक्रमण के मामले भी हैं, जिनकी दोनों देश मिलकर मैपिंग कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, सीमा से जुड़े सभी मुद्दों पर चर्चा और समाधान के लिए भारत और नेपाल के बीच पहले से द्विपक्षीय तंत्र मौजूद हैं। भारत-नेपाल सीमा का मामला दोनों देशों के बीच का विषय है और इसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। दरअसल नेपाली पीएम बालेन शाह ने हाल ही में नेपाल की संसद में कहा था कि सीमा विवाद से जुड़े मुद्दे बातचीत से सुलझाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि इस मामले में ब्रिटेन की भूमिका हो सकती है, क्योंकि 1816 की सुगौली की संधि ब्रिटिश भारत और नेपाल के बीच हुई थी।

■ दोनों देशों के बीच करीब 98 प्रतिशत सीमा का निर्धारण पहले ही किया जा चुका
■ कुछ हिस्सों पर अभी भी सहमति बननी बाकी: जायसवाल

### विदेशियों के लिए भारत में रहने के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विदेशी नागरिकों के भारत में रहने के नियमों में बदलाव किया है। गृह मंत्रालय ने इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स (संशोधन) नियम, 2026 की अधिसूचना जारी करके रजिस्ट्रेशन और अपील से जुड़े नियमों में बदलाव की जानकारी दी। नए नियमों के मुताबिक विदेशी नागरिक अब भारत में उसके रहने के 180 दिन पूरे होने से पहले कभी भी रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। साथ ही ऑनलाइन अपील का ऑप्शन भी कर सकेंगे।

# मैं सुष्मिता के खर्च पर पलने वाला बॉयफ्रेंड था: ललित मोदी

**नई दिल्ली।** 2022 में जब बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन और आईपीएल के पूर्व बॉस ललित मोदी के अफेयर की खबरें आईं, तो दुनिया ने सुष्मिता को न जाने कितने गंदे ताने दिए थे, लेकिन मंगलवार को एंटरटेनमेंट की दुनिया से एक ऐसी खबर आई है जिसने हर किसी को चौंका दिया है।

खुद ललित मोदी ने इस राज पर से ऐसा पर्दा उठाया है कि ट्रोलर्स के मुंह पर ताला लग गया है। ललित मोदी ने साफ कह दिया है कि भाई साहब, सुष्मिता मेरे पैसों पर नहीं पल रही थीं, बल्कि कहानी तो एकदम उल्टी थी। ललित मोदी ने ये भी खुलासा किया कि वे एक्ट्रेस के खर्चे पर पलने वाले बायफ्रेंड थे। दरअसल ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के साथ हाल ही में हुई बातचीत में ललित मोदी ने सुष्मिता को अपनी लाइफ के सबसे जरूरी लोगों में से एक बताया और खुलासा किया कि उनके ब्रेकअप में दूरी ने अहम भूमिका निभाई थी। लंदन में रहने वाले इस कारोबारी के अनुसार, दोनों के बीच कोई ड्रामैटिक ब्रेकअप नहीं हुआ था। बल्कि, धीरे-धीरे दोनों की जिंदगी अलग-अलग डायरेक्शन में आगे बढ़ गई थी, सुष्मिता भारत में बस गई और वह लंदन में रहने लगे थे। अपने रिश्ते को याद करते हुए उन्होंने कहा कि सुष्मिता मेरे लिए बहुत खास थीं। उन्होंने मुझे कई मायनों में मैच्योर होने में मदद की और वह बेहद खास थीं, उस समय वह मेरी लाइफ का एक अहम हिस्सा थीं और आगे भी होतीं, बस दूरियां हमारे लिए बहुत ज्यादा थीं। उनका करियर भारत में था, और मेरी लाइफ लंदन में। लेकिन हमारा रिश्ता बहुत ही खास था और उनकी प्यारी यादें मेरे दिल में बसी हैं। वह आज भी मेरी बहुत प्यारी दोस्त हैं। मैं उनके लिए शुभकामनाएं देता हूं। वह एक वंडरफुल महिला हैं और उन्होंने रेने और अलीशा नाम की दो बेटियों के लिए जो कुछ किया है, वह वाकई सराहनीय है। वह एक बहुत ही खास महिला हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनके माता-पिता बहुत खास हैं, और एक सिंगल मदर होने के बावजूद उन्होंने अपने जीवन में बहुत कुछ हासिल किया है।



■ आईपीएल के पूर्व बॉस ललित मोदी ने किया खुलासा
■ एक्ट्रेस संग ब्रेकअप की वजह भी बताई

CMYK

# कीलों और पेंचों के सहारे बचेगी वर्ल्ड क्लास स्टेशन की चमक?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** करोड़ों रुपए की लागत से तैयार धामपुर के वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन की दीवारों से पत्थर गिरने की घटनाओं के बाद अब रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा के लिए नया रास्ता अपनाया है। भवन पर लगे पत्थरों में ड्रिल मशीन से छेद कर पेंच कसे जा रहे हैं, ताकि वे दोबारा नीचे न गिरें। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जिन दीवारों को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप देकर वर्ल्ड क्लास स्टेशन की पहचान बनानी थी, क्या अब उन पर दिखाई देने वाले पेंच और फिक्सिंग उसी सुंदरता को बरकरार रख पाएंगे?

पिछले कुछ दिनों में स्टेशन भवन की दीवारों से कई बार पत्थर गिरने की घटनाएं सामने आई थीं। मामला अधिकारियों तक पहुंचा तो निरीक्षण के बाद पत्थरों को अतिरिक्त मजबूती देने का काम शुरू करा दिया गया। मंगलवार को भी स्टेशन परिसर में ड्रिलिंग और



पेंच कसने का कार्य जारी रहा।

हालांकि सुरक्षा के लिहाज से यह कदम जरूरी माना जा रहा है, लेकिन स्थानीय लोगों के बीच चर्चा इस बात की भी है कि यदि उद्घाटन से पहले ही पत्थरों को पेंचों के सहारे संभालना पड़ रहा है, तो निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। लोगों का कहना है पत्थर गिरना तो शायद रुक जाए, लेकिन जिस भवन को वर्ल्ड क्लास लुक देने का दावा किया गया था, उसकी मूल सुंदरता पर इसका क्या असर पड़ेगा?

करीब 12 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इस स्टेशन को क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। ऐसे में लगातार सामने आ रही तकनीकी खामियों ने लोगों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि पेंचों और ड्रिलिंग के सहारे की जा रही मरम्मत केवल सुरक्षा का समाधान साबित होगी या फिर वर्ल्ड क्लास स्टेशन की खूबसूरती पर भी असर डालेगी। सवाल बरकरार है पत्थर तो रुक जाएंगे, लेकिन क्या वर्ल्ड क्लास स्टेशन की सुंदरता भी बची रह पाएगी?

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

## महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम हबीबवाला स्थित एक निजी नर्सिंग होम से जुड़े मामले में महिला कर्मचारी ने नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने आरोप लगाया कि वह पिछले वर्ष से एक निजी नर्सिंग होम में कार्यरत है। महिला का कहना है कि कुछ माह पूर्व नर्सिंग होम संचालक ने उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने और पुलिस में शिकायत की बात कहने पर आरोपी ने उससे शादी करने का आश्वासन दिया। महिला का आरोप है कि शादी का भरोसा देकर उसके साथ कई बार संबंध बनाए गए। महिला का यह भी आरोप है कि वह वर्तमान में गर्भवती है और जब उसने इसकी जानकारी संबंधित व्यक्ति को दी, तो उस पर गर्भपात कराने का दबाव बनाया जाने लगा। महिला ने आरोप लगाया कि उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया गया।

महिला ने पुलिस से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार कर रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मानव तस्करी रोकथाम अधिनियम पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के माह मई के एक्शन प्लान तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार

## यौन शोषण से संबंधित कानूनों की जानकारी दी

विधिक सेवा समिति धामपुर द्वारा शिवनगर कॉलोनी में मानव तस्करी रोकथाम अधिनियम (ITPA) 1956 विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में पराविधिक स्वयं सेवक जयवीर सिंह ने उपस्थित लोगों को मानव तस्करी एवं यौन शोषण से संबंधित कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्यावसायिक यौन शोषण और वेश्यावृत्ति के लिए की जाने वाली मानव तस्करी को रोकने के उद्देश्य से अनैतिक देह व्यापार




(निवारण) अधिनियम, 1956 (ITPA) लागू किया गया है। इस कानून के तहत वेश्यालय चलाने, बहला-फुसलाकर वेश्यावृत्ति कराने तथा नाबालिगों के यौन शोषण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़े दंड का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यह कानून बंधुआ मजदूरी जैसी कुप्रथाओं पर भी रोक लगाता है। साथ ही भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23(1) के तहत मानव तस्करी, बेगार तथा किसी भी प्रकार के जबरन श्रम को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। जयवीर सिंह ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को मानव तस्करी से जुड़ी किसी आपात स्थिति या अपराध की जानकारी मिले तो वह राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (AHTU) अथवा आपातकालीन सेवा 112 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकता है। शिविर में मंजू रानी, आशा देवी, मनसा, हरीओम, रीता सिंह, बबीता, सुधांशु सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को मानव तस्करी के प्रति जागरूक करना तथा उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देना था।

## एक नजर

### रिफाइंड तेल, दाल, आटे के दाम बढ़े



**कादराबाद।** रिफाइंड तेल, दाल और आटे के दामों में अचानक बढ़ोतरी हुई है। जिससे रसोई का बजट बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस मूल्य वृद्धि से गृहिणियां परेशान हैं और आम लोगों की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है। रोजमर्रा के इस्तेमाल की आवश्यक खाद्य सामग्री जैसे दूध, रिफाइंड, मसाले, चीनी, दाल, आटा और मैदा के दाम बढ़ने से मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। महिलाओं का कहना है कि पहले जितने रुपये में महीनेभर का राशन आ जाता था, अब उतने में आधा सामान खरीदना भी मुश्किल हो रहा है। स्थानीय व्यापारी मनोज ने बताया कि किराने की वस्तुओं के दामों में वृद्धि हुई है। आटा, दालें, तेल और रिफाइंड जैसी चीजों के दाम में दो से दस रुपये तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं, मसालों के दाम भी 10 से 20 रुपये तक बढ़े हैं। गृहणियों ने अपनी चिंता व्यक्त की।

### एक सप्ताह से लटका बिजली का खंभा



**रेहड़।** उदयपुर में एक बिजली का खंभा टूटकर नहर के ऊपर लटका हुआ है। जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने बिजली विभाग से इसे जल्द बदलवाने की मांग की है। उदयपुर निवासी ग्रामीणों ने बताया कि यह खंभा एक सप्ताह से अधिक समय पहले उदयपुर-सादकपुर के बीच आदर्श नर्सरी के सामने किसी वाहन की टक्कर से टूट गया था। तब से यह नहर के किनारे लटका हुआ है। उन्होंने विभाग से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में अवर अभियंता हर्ष कुमार ने बताया कि टूटे खंभे की लाइनें बंद कर दी गई हैं और उनमें करंट का प्रवाह नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि खंभे को जल्द ही बदलवा दिया जाएगा।

# टूरिस्ट वाहन और कार की टक्कर

## कई घायल, एक महिला गंभीर, जिला अस्पताल रेफर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कोतवाली मार्ग पर आज सुबह हरिद्वार से लौट रहे एक टूरिस्ट वाहन और कार के बीच टक्कर हो गई। यह दुर्घटना ऑक्सफोर्ड चौराहे के पास शादीपुर मार्ग पर हुई। हादसे में दोनों वाहनों में सवार कई लोग घायल हो गए, जिनमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार हरिद्वार से गंगा स्नान के बाद प्रयागराज लौट रहे यात्रियों का वाहन जब नहटौर ऑक्सफोर्ड चौराहे के निकट पहुंचा, तभी शादीपुर मार्ग से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे साइड से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। घायलों में प्रयागराज के विनय पांडे (42



वर्ष), सनी कुमार (32 वर्ष), पूर्ण चतुर्वेदी (26 वर्ष), अजय शंकर (33 वर्ष), सुरेंद्र (53 वर्ष), दिनेश त्रिपाठी (32 वर्ष), विवेक (36वर्ष), आसमानी तिवारी (30 वर्ष) और अमन यादव (25 वर्ष) शामिल हैं। कार में सवार इशरत पत्नी शहजाद गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटना में केवल इशरत की हालत गंभीर है और उन्हें जिला मुख्यालय भेजा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# गैंगस्टर अतीक की संपत्ति पर शिकंजा कसना शुरू

## स्लॉटर हाउस समेत अन्य संपत्तियों पर कार्रवाई की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** गैंगस्टर एक्ट के आरोपी अतीक अहमद की करोड़ों रुपए मूल्य की संपत्तियों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गई है। राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संबंधित संपत्तियों का सत्यापन कर नियमानुसार कुर्की की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम सहसपुर निवासी अतीक अहमद वर्तमान में दिल्ली के निजामुद्दीन क्षेत्र में रह रहा है। उसके नाम से ग्राम याकूबपुर में संचालित आमिर इंटरनेशनल स्लॉटर हाउस सहित अन्य संपत्तियां चिन्हित की गई हैं। प्रशासन द्वारा इन संपत्तियों के अभिलेखों की जांच एवं मूल्यांकन का कार्य कराया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार संबंधित संपत्तियों का मूल्य करोड़ों रुपए आंका गया है। राजस्व विभाग को आवश्यक कार्रवाई के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है और नियमानुसार रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

अधिकारियों का कहना है कि सभी कार्यवाही विधिक प्रावधानों के अनुरूप की जाएगी। बताया जा रहा है कि अतीक अहमद का नाम पूर्व में गौवंश तस्करी से जुड़े चर्चित प्रकरण में सामने आया था। जिसके बाद उसके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। अब प्रशासन अपराध से अर्जित बताई जा रही संपत्तियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि शासन की मंशा के अनुरूप अपराध एवं अपराधियों के आर्थिक नेटवर्क को कमजोर करने के लिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हल्दौर।** ग्राम सोतखेड़ी निवासी जकीर (48 वर्ष) पुत्र खलील बाइक से खासपुरा गया था। दोपहर करीब एक बजे बिजनौर-मुरादाबाद हाईवे स्टेट मार्ग पर स्थित फजलपुर ढ़ाकी मोड़ के पास बिजनौर से नूरपुर की ओर जा रही एक कार ने बाइक चालक को टक्कर मार दी। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने मामले की सूचना फोन पर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से नूरपुर भेजा। चिकित्सकों ने उसे नाजुक हालत में बिजनौर रैफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलने पर उसके परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### गोष्ठी में पर्यावरण पर चर्चा



**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान द्वारा आज संस्थान मुख्यालय पर गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें पर्यावरण पर चर्चा हुई। गोष्ठी के पश्चात इंदिरा पार्क में इंसुलिन, पीलिया एवं आम के पौधे लगाकर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। संस्थापिका सविता अग्रवाल ने कहा बेहतर पर्यावरण देश को बचाने में सहयोग करता है। वन हमें ऑक्सीजन देते हैं और कार्बन आक्साइड सोख लेते है। इंसुलिन का पौधा, वज्रदंती का पौधा, पीलिया आदि के पौधे बीमारियां दूर करने में सहायक होते हैं। दांतों की अधिकतर बीमारियों चाहे पस, आता हो, खून आता हो, कीड़ा लग गया हो, बदबू आती हो, वज्रदंती का पौधा बेहतरीन औषधी है। पहले वैद्य लोग यही दवाई देकर मरीज को निरोगी किया करते थे, परंतु अब एलोपैथी दवाई अधिक चल गई है, जो शरीर को बहुत नुकसान देती है तो हम कोशिश करते हैं ज्यादा से ज्यादा औषधीय पौधे लगाए जाएं। गोष्ठी में तय हुआ कि 6 जून तक रोज पर्यावरण दिवस जाया जाएगा। रोज अलग-अलग स्थानों पर पौधे लगाए जाएंगे। इस दौरान सभी को नारायण तुलसी का एक-एक पौधा उपहार स्वरूप दिया गया। सविता अग्रवाल, अध्यक्ष संध्या, मधु अग्रवाल, अंजू शर्मा, प्रदीप कुमार अग्रवाल, सर्वेश गुप्ता, पूनम गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, उमा अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, कुसुमलता अग्रवाल, साक्षी शर्मा, मोहित शर्मा, हरीश गुप्ता, इंद्रपाल सिंह, विपिन कुमार, चरण सिंह, संसार सिंह, हरपाल सिंह अंजू शर्मा, शशि शर्मा, रीता अग्रवाल, ऊषा शर्मा, मधु अग्रवाल, वंदना अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

# एसबीआई शाखा प्रबंधक रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार

**नई दिल्ली, वार्ता**



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने झारखंड के डुमरिया में तैनात एसबीआई के एक शाखा प्रबंधक को रिश्वतखोरी मामले में गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने मंगलवार को यहां बताया कि 31 मई को इस आरोप में मामला दर्ज किया गया कि आरोपी रोहित कुमार सिंह ने शिकायतकर्ता की दिवंगत मां से संबंधित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत दो लाख रुपये के दावे का निपटान करने के लिए 60,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। आरोपी ने कथित रूप से शिकायतकर्ता की मां के बैंक खाते को शिकायतकर्ता के नाम पर स्थानांतरित करने के बाद 35,000 रुपये की निकासी पर लगी रोक को हटाने के लिए अतिरिक्त 17,000 रुपये की भी मांग की थी। शिकायत के आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को शिकायतकर्ता से 77,000 रुपये की रिश्वत मांगते और लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी के कार्यालय एवं आवासीय परिसर में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार शाखा प्रबंधक को आज धनबाद की सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

# पश्चिम एशिया संकट और तेल कीमतों पर मोदी की खामोशी अनुचितः कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने पश्चिम एशिया में तनाव और ईरान-अमेरिका वार्ता का भारत पर पड़ने वाले प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा है कि इसमें भारत का बहुत कुछ दाव पर लगा हुआ है और ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी को उचित नहीं कहा जा सकता है।

पार्टी का कहना है कि यदि वार्ता सफल होती है, तो होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खुल सकता है और वैश्विक तेल कीमतों पर दबाव कम होगा, जिसका सीधा लाभ भारत को मिलेगा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी स्थिति को समाप्त करने के लिए बातचीत चल रही है, लेकिन इस बीच इजरायल की लेबनान में जारी सैन्य

## अमेरिका-ईरान वार्ता का प्रभाव भारत पर पड़ रहा

कार्रवाई के कारण किसी भी समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की नीतियों पर नाराजगी जता चुके हैं और दुनिया के कई अन्य देश भी लेबनान में इजरायली अभियान की आलोचना कर रहे हैं।

रमेश ने कहा कि ऐसे समय में जब इजरायल की कार्रवाई संभावित अमेरिका-ईरान समझौते को प्रभावित कर सकती है मोदी ने इस मुद्दे पर पूरी तरह चुप्पी साध रखी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की यह चुप्पी कई सवाल खड़े करती है, जबकि इस पूरे घटनाक्रम का असर भारत की ऊर्जा सुरक्षा और तेल कीमतों पर पड़ सकता है।

### ओडिशा बॉक्साइट खनन अनियमितताओं की जांच करे केंद्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ओडिशा में बॉक्साइट खनन परियोजनाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र से इस मामले में हस्तक्षेप कर प्रभावितों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पार्टी ने खनन परियोजनाओं से जुड़े वन अधिकार कानून, 2006 के कथित उल्लंघन, वन भूमि के उपयोग तथा ग्राम सभा की स्वीकृतियों में कथित अनियमितताओं के आरोपों को गंभीर बताते हुए उनकी व्यापक और निष्पक्ष जांच की मांग की है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि ओडिशा के कोरापुट जिले में बॉक्साइट खनन के लिए दी गई स्वीकृतियों को लेकर ग्रामीणों का विरोध जारी है।

# हमीरपुर सेतु दुर्घटना के दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाईः डीएम

**हमीरपुर।** हमीरपुर सेतु दुर्घटना की जांच के लिए दो उच्चस्तरीय समितियां गठित कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बेतवा नदी पर निर्माणाधीन सेतु के सेगमेंटल स्पान पी-5 से पी-6 गिरने की घटना को लेकर के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा दो अलग-अलग उच्चस्तरीय जांच समितियों का गठन किया गया है। दोनों समितियों ने घटना की व्यापक जांच शुरू कर दी है।

जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने बताया कि इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति घटना से संबंधित सभी प्रशासनिक, तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक पहलुओं की गहन जांच कर रही है। इसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) कर रहे हैं। समिति के सदस्यों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण एवं साक्ष्य संकलन का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त

## जांच के लिए उच्चस्तरीय समितियां गठित

दुर्घटना के संबंध में थाना कुरारा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) एवं धारा 125(ए) के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। प्रकरण की विवेचना प्रचलित है, जांच के दौरान मिले तथ्यों, साक्ष्यों और दोनों जांच समितियों की ओर से प्रस्तुत की जाने वाली आख्या के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई तय की जाएगी। घटना के लिए उत्तरदायी पाए जाने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रभावित परिवारों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं से भी आच्छादित किया जा रहा है। दो पात्र परिवारों को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। दिवंगत राजेश पाल की पत्नी अनीता एवं पुष्पेन्द्र सिंह चौहान के पिता राजेन्द्र सिंह को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना दी गई है, वहीं दिवंगत पुष्पेन्द्र सिंह चौहान के पिता राजेन्द्र सिंह को वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा स्वर्गीय राजेश पाल की पत्नी अनीता को निराश्रित महिला पेंशन से आच्छादित किए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा हरदोई स्टेशन पर एम. पी. एस. एवं बलामाऊ, हरदोई, शाहजहांपुर, हापुड़, नजीबाबाद, योग नगरी ऋषिकेश, रूड़की, लक्सर, चंदौसी, देहरादून तथा हरिद्वार स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन, के कार्य को IREPS के माध्यम से मंडल के विभिन स्टेशनों पर ठेके पर देने हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 22.06.2026 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1869/2026

# भाजपा सरकार में गोवंश की दुर्दशा






## सीएम की भावनाओं का सम्मान नहीं कर रहे अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सीएम योगी आदित्यनाथ के द्वारा गोवंश को माता बताते हुए उसके सम्मान को महत्व दिए जाने के बावजूद अधिकारी एवं गोवंश पालक उनकी भावनाओं का सम्मान नहीं कर रहे हैं। अधिकारी काजू व बादाम खा कर सेहत बना रहे हैं और लाचार गोवंश कूड़-कचरे में भोजन तलाश कर रहे हैं।

गौरतलब है कि उलेमाओं के द्वारा गौवंश को संरक्षण व सुरक्षा दिए जाने के नजरिए से उसे राष्ट्रीय पशु का दर्ज दिए जाने की मांग की गई थी। जिसके जवाब में कल अफजलगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि गोवंश पशु नहीं है और वह हमारी माता है, साथ उससे हमारा पुराना नाता है। लेकिन जनपद में तैनात अधिकारी एवं कथित गोवंश प्रेमी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भावनाओं का सम्मान नहीं कर रहे हैं। पूरे जनपद में गौवंश को भूख-प्यास से तड़पते हुए इधर-उधर भटकते हुए देखा जा सकता है। चरने के लिए जब गौवंश खेतों में जाता है, तो किसान लाठी से खदेड़ कर उसे बाहर निकाल देते हैं। शहरी क्षेत्र में मौजूद लावारिस गौवंश को सुबह सवेरे कूड़े-कचरे के ढेर में भोजन की तलाश करते हुए देखा जा सकता है। जिस वक्त अधिकारी काजू व बादाम सहित अन्य ड्राई फ्रूट्स के साथ चाय की चुस्कियां लेते हुए होते हैं, उस दौरान गोवंश को पालिथीन में भरकर फेंकी गई सड़ी-गली खाद्य सामग्री को गंदकी के ढेर में से ढूंढते हुए देखा जा सकता है। सड़कों के किनारे रखे कूड़ेदान के बाहर पड़े कूड़े में गोवंश पेट भरने के लिए जुस्तजू करते हैं। लेकिन प्रशासन व गोवंश प्रेमियों के द्वारा इनकी फिक्र करते हुए न तो हरे चारे की व्यवस्था की जाती है और न ही भीषण गर्मी में प्यास बुझाने के लिए इन्हें स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाता है। जिसकी वजह से यह गौवंश बेहद परेशान है। यह हालत उस सरकार में हो रही है, जिसका मुखिया गोवंश को माता बताते हुए उनके साथ धार्मिक व भावनात्मक रिश्ता जोड़ते हैं। जनपद में हजारों की संख्या में इस तरह के गौवंश मौजूद हैं। जो कभी खुद दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं, और कभी नागरिकों को हादसे में अपना शिकार बना लेते हैं। प्रशासन न तो गोवंश को आवारा छोड़ने वालों के खिलाफ कार्यवाही कर रहा है और न ही इन गोवंश के लिए गोशालाओं की शानदार व्यवस्था कराते हुए हरे चारे व पानी की व्यवस्था करा रहा है। कथित गोवंश प्रेमी भी सिर्फ बयानबाजी तक सीमित हैं। वह गोवंश की सुरक्षा व सम्मान के लिए कोई ठोस कदम उठाते हैं। गोवंश की इतनी बुरी हालत देखकर जागरुक नागरिक सवालिया निशान लगाते हैं। आखिर कब तक गोवंश को इतनी खराब जिंदगी जीने के लिए मजबूर किया जाएगा।

## गोवंश को लावारिस छोड़ने वालों पर शिकंजा कसना जरुरी

**बिजनौर।** गोवंश की दुर्दशा के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार वो लोग हैं, जो पैदा होने के बाद बछड़ों एवं दूध न देने वाली गायों को सड़कों पर लावारिस छोड़ देते हैं। सवाल यह उठता है कि इन लोगों की धार्मिक भावनाएं आखिरकार क्यों मर जाती है। सवाल यह उठता है कि वह इन गोवंश को माता की तरह सम्मान देते हुए क्यों नहीं पालते हैं। अगर वह इन्हें लावारिस न छोड़े और माता के समान सम्मान व सुरक्षा देते हुए धार्मिक भावनाओं के अनुरूप पालना शुरु कर दें, तो यह समस्या ही खड़ी न हो। गोवंश का पैदा होते ही जन्मप्रमाण पत्र बनाए जाने एवं उनके पंजीयन की जरुरत है। ताकि गोवंश लावारिस मिलने पर आरोपी की शिनाख्त की जा सके। गोवंश को लावारिस छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कानून बनाए जाने की जरुरत है। उन्हें उम्रकैद व 50 लाख रुपए का जुर्माना अगर लगा दिया जाए, तो कोई भी गोवंश को इस तरह से लावारिस नहीं छोड़ेगा। फिर सड़कों पर गोवंश लावारिस हालत में नहीं मिलेंगे। इस समस्या सम्मानजनक हल निकल जाएगा।

# नगीना की बेटी पूजा की हरिद्वार में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर की बेटी पूजा गुप्ता की हरिद्वार में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर हरिद्वार पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, मानसिक उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। परिजनों का आरोप है कि आरोपियों ने कमेटी के नाम पर पूजा से करीब 45 लाख रुपए और लाखों के जेवरात हड़प लिए थे।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना निवासी आलोक जैन की पुत्री पूजा गुप्ता का विवाह वर्ष 2011 में हरिद्वार के भूपतवाला निवासी शदर गुप्ता के साथ हुआ था। विवाह के बाद पूजा अपने परिवार के साथ हरिद्वार में रह रही थी। परिजनों का आरोप है कि कुछ लोगों ने उसे कमेटी चलाने के नाम पर अपने जाल में फंसा लिया और धीरे-धीरे उससे लाखों रुपये का लेन-देन कराया।

आलोक जैन के अनुसार आरोपियों ने पहले पूजा के करीब 15 लाख रुपए मूल्य के सोने के जेवरात अपने पास रख लिए। इसके बाद कमेटी के नाम पर लगभग 30 लाख रुपये नकद भी हड़प लिए गए। जब पूजा ने अपनी रकम और जेवर वापस मांगे तो

## 45 लाख की ठगी और उत्पीड़न का आरोप

उसे लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा।

परिजनों का आरोप है कि 19 मई को पूजा को एक आरोपी के घर बुलाकर उसके साथ मारपीट भी की गई थी, जिसकी शिकायत स्थानीय पुलिस चौकी में की गई थी।

इस घटना के बाद वह काफी तनाव में रहने लगी थी। बताया जाता है कि मौत से पहले पूजा ने सोशल मीडिया पर वीडियो और ऑडियो जारी कर अपनी पीड़ा साझा की थी। वायरल वीडियो में उसने कुछ लोगों पर धोखाधड़ी, मारपीट और उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए थे। परिजनों का कहना है कि लगातार मिल रही धमकियों और प्रताड़ना से परेशान होकर उसने 21 मई को आत्मघाती कदम उठा लिया। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराए जाने के बाद 22 मई को उसकी मौत हो गई।

मामले को लेकर हरिद्वार नगर कोतवाली पुलिस ने पांच आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस वायरल वीडियो और ऑडियो की भी जांच कर रही है।

# मोदी-योगी के नेतृत्व में विस्थापित परिवारों को मिला न्याय: आकिब युनुस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** युवा भाजपा नेता एवं अधिवक्ता आकिब युनुस एड. ने सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा अफजलगढ़ में 1645 विस्थापित परिवारों को भूमिधर प्रमाण पत्र वितरित किए जाने पर पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है।

आकिब युनुस एड. ने कहा कि जो कार्य दशकों तक अन्य सरकारें नहीं कर सकीं, उसे भाजपा सरकार ने कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार जनहित के ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। पाकिस्तान से विस्थापित होकर भारत आए हजारों परिवार वर्षों से अपनी जमीनों के मालिकाना हक की प्रतीक्षा कर रहे थे, जिसे भाजपा सरकार ने पूरा कर उन्हें न्याय दिलाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने अफजलगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में 1645 विस्थापित परिवारों को भूमिधर प्रमाण पत्र सौंपकर उनके दशकों पुराने इंतजार को समाप्त कर दिया। यह केवल भूमि का अधिकार नहीं, बल्कि उन परिवारों की पहचान, सम्मान और आत्मनिर्भरता से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम है। आकिब युनुस ने कहा कि वर्ष 1947 में पाकिस्तान से विस्थापित होकर भारत आए परिवारों की चौथी पीढ़ी को आज अपनी जमीन का मालिकाना हक मिलना भाजपा सरकार की संवेदनशीलता, सुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मोदी और योगी सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम आज प्रदेश की जनता के सामने हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों से जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है तथा प्रदेश विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

# आशा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

## डॉक्टर को हटाने की मांग, दुर्व्यवहार के आरोप, सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आशा कार्यकर्ताओं ने आज कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन के बैनर तले सैकड़ों आशा कार्यकर्त्रियां इकट्ठा हुईं और जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने हल्दौर सीएचसी पर तैनात डॉ. जितेंद्र कुमार पर अभद्र व्यवहार करने और तबादले के बाद भी पद न छोड़ने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की।

ज्ञापन में आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि डॉ. जितेंद्र कुमार का 21 मई को नजीबाबाद समीपुर के लिए तबादला हो चुका है। इसके बावजूद उन्होंने हल्दौर सीएचसी नहीं छोड़ा है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि डॉ. जितेंद्र कुमार उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं और उन्हें अपमानित करते हैं। आशा कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि नसबंदी के दौरान ओटी रूम में बाहर के चार अज्ञात व्यक्तियों को बुलाया गया था, जबकि लाभार्थी लगभग नग्न अवस्था में लेटे थे।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि डॉ. जितेंद्र कुमार को जल्द हल्दौर सीएचसी से नहीं हटाया गया, तो वह कानूनी कार्रवाई करने को मजबूर होंगी। कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी से डॉक्टर को तुरंत बर्खास्त करने और महिलाओं के सम्मान की रक्षा करने की मांग की।

# भाकियू पंचायत में किसानों का उत्पीड़न मुद्दा

## हरिद्वार चिंतन शिविर में अधिक किसान पहुंचने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** ग्राम सेह में भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया।

पंचायत को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति की किसी प्रकार की कोई भी समस्या हो, ब्लॉक अध्यक्ष व तहसील अध्यक्ष को बताए। यदि समस्या का समाधान नहीं होता है, तो फिर जिला स्तर पर समाधान कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 16 जून से हरिद्वार (उत्तराखंड) में वार्षिक चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में यूनियन की आगामी रणनीति तय की जाएगी। शिविर में जनपद से अधिक से अधिक किसानों को पहुचें। पंचायत में सेह के ग्रामवासियों ने वाहन चेकिंग के नाम पर पुलिस द्वारा किसानों के उत्पीड़न का मुद्दा उठाया गया। जिस पर पुलिस अधिकारी को पंचायत में बुलाकर ज्ञापन सौंपा गया। विद्युत समस्याओं के सम्बंध में भी विद्युत विभाग के अधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा गया। पंचायत की अध्यक्षता डा.अरुण कुमार ने की। संचालन जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेंद्र सिंह ने किया। पंचायत में तहसील अध्यक्ष नितिन राणा, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चंद्रपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, विनीत धनकड़, सुधीर शर्मा, डा.इशरत अली वारसी, उबेद मिकरानी, लटूर सिंह, रवि चौधरी, कोकिल चौधरी, मास्टर रोहिताश सिंह, कल्याण सिंह आदि उपस्थित रहे।

# प्रभाकर को 21 हजार का चेक देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल के छात्र प्रभाकर सिंह ने आईआईटी-जेईई एडवांस्ड परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 2252 प्राप्त कर विद्यालय, अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें सम्मानित किया।

विद्यालय परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनदीप सिंह और प्रधानाचार्य अवनीश शर्मा ने छात्र प्रभाकर सिंह तथा उनके पिता का माल्यार्पण कर सम्मान किया। उन्हें 21,000/- का उपहार चेक भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक मनदीप सिंह ने कहा कि प्रभाकर सिंह की सफलता कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह उपलब्धि विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। प्रधानाचार्य अवनीश शर्मा ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रभाकर सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं विद्यालय द्वारा प्राप्त सतत मार्गदर्शन को दिया।

उन्होंने बताया कि नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और निरंतर अभ्यास ने उन्हें यह सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी प्रभाकर सिंह और उनके परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं, साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बसपा की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

## पार्टी को मजबूत करने का आह्वान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बसपा की समीक्षा बैठक में पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार बहुजन समाज पार्टी के जिला कार्यालय में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष कविराज सिंह की अध्यक्षता व जिला महासचिव संजीव कुमार सैनी व विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह के संचालन में आयोजित हुई। बैठक में खास तौर पर मुख्य मंडल प्रभारी बाबू विजय सिंह एवं मुख्य मंडल प्रभारी देवेंद्र भारती मौजूद रहे। मंडल प्रभारी डीपी सिंह, रोहिताश सिंह और दिलीप कुमार उर्फ पिंटू ने अपनी-अपनी विधानसभाओं की समीक्षा कराई। पूर्व जिला अध्यक्ष अखिलेश कुमार हितैषी एड., जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी, भाईचारा कमेटी पिछड़ा वर्ग के जिला संयोजक विजेंद्र कश्यप, विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह, समर सिंह एड., संजय कुमार, नरेंद्र कुमार रवि, अमर सिंह, चेत. राम तथा विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद कुमार, नरेश कुमार, बलवंत सिंह तथा विधानसभा कमेटी के देशराज सिंह भूईयार एड., शौकत अहमद, राकेश कुमार, खजान सिंह, मास्टर संतराम आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य मंडल प्रभारी बाबू विजय सिंह ने बहुजन समाज पार्टी की नीतियों को विस्तार से बताते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी के साथ-साथ महापुरुषों का मिशन व मूवमेंट है। जिसे मायावती द्वारा आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करने के लिए 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाना जरूरी है। इसके लिए बूथ स्तर तक के संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। सर्व समाज को जोड़कर जनाधार को बढ़ाना है। भारतीय जनता पार्टी बहुजनों को आपस में लडाकर एक-दूसरे को अलग कर आपस में वैमनष्य पैदा कर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है, इससे सतर्क रहने की आवश्यकता है। मुख्य मंडल प्रभारी देवेंद्र भारती ने कहा कि यदि हमने संगठन को मजबूती के साथ खड़ा कर लिया, तो कोई ताकत बीएसपी को हरा नहीं सकती है। भाईचारा बनाकर ही जनाधार बढ़ाया जा सकता है। जिला अध्यक्ष कविराज सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए 2027 के आम चुनाव में एकजुट हो जाने का आह्वान किया।

## एक नजर

### बिना नम्बर की चल रही ई-रिक्शाएं



**बिजनौर।** मुख्यालय सहित पूरे जनपद में ई-रिक्शाएं चल रही है। ई-रिक्शाओं की हालत बेहद खराब है। इनकी वजह से हादसे होते रहते हैं। सूत्रों का कहना है कि बड़ी संख्या में चोरी की ई-रिक्शाएं जनपद में खपाई जा रही है। पूर्व में जब ऐसी ई-रिक्शाओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया था, तो बड़ी संख्या में इस तरह की ई-रिक्शाएं पकड़ी गई थी। चालकों ने अपनी ई-रिक्शाएं छिपा दी थी। लेकिन एक बार फिर इन ई-रिक्शाओं को सड़कों पर दौड़ते हुए देखा जा सकता है। ज्यादातर ई-रिक्शा चालकों के पास न तो ड्राइविंग लाइसेंस और न ही इन ई-रिक्शाओं के कागजात हैं। यह भी सामने आ रहा है कि ई-रिक्शा चालकों के द्वारा मनमाना किराया वसूला जा रहा है। यह सवारियों से अभद्र व्यवहार करते हैं। यातायात पुलिस एवं प्रशासन को इनके खिलाफ अभियान चलाना चाहिए। इसकी जांच की जानी चाहिए कि ई-रिक्शा चालक ने शराब तो नहीं पी रखी है और उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस भी है या नहीं। सूत्रों का कहना है कि अपने काले कारनामों को छुपाने एवं पुलिस कार्यवाही से बचने के लिए संगठन बनाकर उसका अध्यक्ष भाजपा नेताओं व पत्रकारों को बना देते हैं।

### हादसे में बाइक सवार की मौत

**चांदपुर।** आज दोपहर करीब दो बजे ग्राम सोतखेड़ी निवासी जकीर अहमद (48 वर्ष) खासपुरा बैंक से पैसे निकालकर अपने गांव लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही उसकी बाइक ग्राम ढाकी मौड़ के निकट पहुंची, बिजनौर की दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। जकीर को पहले हल्दौर पीएचसी ले गए जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया। बाद में निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक जकीर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को अपने कब्जे में ले लिया है, हालांकि कार चालक मौके से फरार होने में सफल रहा।

### धार्मिक प्रसंगों के मंचन का उद्घाटन

**बिजनौर।** रेहड़ के हरिकिशनपुर ग्राम में चल रहे 11 दिवसीय मेले में धार्मिक प्रसंगों के मंचन का उद्घाटन किया गया। ग्राम प्रधान शीला देवी ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। पूर्व प्रधान विनोद चौहान ने बताया कि तिखूंटी वाले बाबा का 11 दिवसीय मेला शुरू हुआ था। मेले के साथ ही रात में धार्मिक प्रसंगों के मंचन की शुरुआत की गई। ग्राम प्रधान शीला देवी ने उद्घाटन के दौरान कहा कि हमारे देश के इतिहास में अनेक ऐसे महापुरुष हुए हैं, जिनका जीवन सदैव प्रेरणास्रोत रहा है। मेला आयोजकों ने बताया कि अगले ग्यारह दिनों तक रात में सती अनुसूइया, मोरध्वज, राजा भर्तृहरि और सत्यवादी हरिश्चंद्र जैसे धार्मिक प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, रामायण के विभिन्न प्रसंगों जैसे भरत मिलाप, शबरी आश्रम में राम का आगमन, राम-सुग्रीव मित्रता और लक्ष्मण शक्ति का भी सजीव मंचन प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर हुकुम सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, विजय सिंह, शिखा रानी, रीना देवी सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मारी

## ट्रक कब्जे में लेकर पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नेशनल हाईवे-74 स्थित ग्राम माननगर (भूतपुरी) के पास लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। आज यहां दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए, जिनमें दो लोग घायल हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम शाहपुर जमाल निवासी अर्जुन सिंह पुत्र दिलावर सिंह माननगर में सड़क किनारे अपनी बाइक के साथ खड़ा था। इसी दौरान अफजलगढ़ की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद ट्रक चालक अर्जुन सिंह और उसकी बाइक को काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने शोर मचाकर ट्रक को रुकवाया, जिससे घायल की जान बच सकी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घायल अर्जुन सिंह को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

उधर माननगर के समीप ही आज एक अन्य सड़क दुर्घटना में एक डीसीएम वाहन सामने आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया और खाई में पलट गया। दुर्घटना में डीसीएम चालक नदीम घायल हो गया। बताया गया कि वह सितारगंज से केमिकल लेकर हरिद्वार जा रहा था। हादसे में डीसीएम वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। हल्का इंचार्ज छविनाथ सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि सोमवार को भी माननगर स्थित नेशनल हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में शाहपुर जमाल निवासी एक महिला और उसके डेढ़ वर्षीय पुत्र की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद से परिवार समेत पूरे गांव में शोक का माहौल है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के चलते क्षेत्रवासियों ने हाईवे पर सुरक्षा उपाय बढ़ाने और वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण लगाने की मांग की है।

# शेरी नशिस्त का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददता**

**चांदपुर।** डा. कलीम के आवास पर बज्म ए अदब द्वारा शेरी नशिस्त का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डा. कलीम चांदपुरी रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चांदपुर के शायरों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर शायर आसिफ कमाल, डा. कलीम चांदपुरी, मुबीन सहर, अतर आजमी, आवेश जाफरी, मामिन चांदपुरी, नाहिद सलीम, तबुस्सुम जिया, अरशद एड., शराफत चांदपुरी, अयाजुल एजाज, अहशाम अहमद आबिद अब्बासी आदि ने अपनी बेहतरीन शायरी से समां बांधे रखा। इनके अलावा महमाने हजरात शाहिद अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, साजिद अख्तर, यूसुफ जमाल, डा. मनव्वर, अफजल प्रिंस, अकबर, नासिर अहमद, वकील अहमद एड. आदि सहित बड़ी संख्या में शहर की अवाम ने इस शेरे नशिस्त में हिस्सा लिया। इस अवसर पर शायर तबस्सुम जिया की पंक्ति जिसमें उन्होंने कहा कि जरा सी देर तुम जुल्फ खोलो, ये देखेंगे कि हवा किस रूख चली है, खूब सराहा गया। एक अन्य शायर के इस शेर ने भी जमकर वाह वाही लूटी हर एक बात पे अच्छी नहीं है खामोशी, है न गवार तों माथे पे बल जरूरी है अतहर आजमी ने जमकर वाह वाही लूटी। इस महफिल में डा. कलीम के वालिद को भी याद किया गया।

## एक नजर

### उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ा

**नहटौर।** धामपुर मार्ग पर करीब 14 महीने पहले हुए सड़क हादसे में घायल युवक ने आज उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। ग्राम मंडोरी निवासी नकुल कुमार पुत्र नरेश कुमार 27 फरवरी, 2025 को बाइक से मुरादाबाद परीक्षा देने जा रहा था। जब वह नहटौर-धामपुर मार्ग पर स्थित ग्राम हर्रा के पास पहुंचा, तो अनियंत्रित ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में नकुल गंभीर रूप से घायल हो गया था। दुर्घटना के बाद से ही उसका विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा था। पिछले 14 महीनों से नकुल मौत और जिंदगी के बीच संघर्ष कर रहा था, लेकिन अंततः आज उसने दम तोड़ दिया। नकुल की असामयिक मृत्यु से उसके माता-पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र के लोगों ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। परिवार के लोग पोस्टमार्टम के लिए नहटौर थाने पहुंचे।

### अश्वत्थामा प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भावुक



**हल्दौर।** क्षेत्र के ग्राम चांदानंगली में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस आज कथावाचक निर्मल दासानुदास महाराज ने महाभारत के अश्वत्थामा प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने द्रौपदी के पांचों पुत्रों के वध की घटना का उल्लेख करते हुए धर्म और अधर्म के बीच के संघर्ष को विस्तार से समझाया। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथावाचक ने कहा कि ईर्ष्या, क्रोध और स्वार्थ मनुष्य को पतन की ओर ले जाते हैं, जबकि निःस्वार्थ भाव, सदाचार और धर्म का मार्ग जीवन को सार्थक बनाता है। उन्होंने बताया कि महाभारत के प्रसंग आज भी समाज को नैतिकता, संयम और कर्तव्यपालन की प्रेरणा देते हैं। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भागवत कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान ममता देवी एवं प्रमोद कुमार सहित हरिराज, बबलू, बाबूराम आर्य, आकाश, राजेश्वरी देवी, रामपाल सिंह, राजपाल सिंह, सरोज देवी, प्रीति, मिथलेश, पवन, कविता तथा रुकमणी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

### टपरौला में श्रीराम कथा का शुभारंभ



**नहटौर।** ग्राम टपरौला में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन चरित्र पर आधारित नौ दिवसीय 'श्री राम कथा' का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा पंडाल 'जय श्री राम' के जयकारों से गूंज उठा। विख्यात कथावाचक पंडित राम रसिक जी महाराज (अंकित भारद्वाज) ने कथा के प्रथम दिन रामकथा की महिमा और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राम कथा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह हमें जीवन जीने की सही कला सिखाती है। व्यास जी ने भगवान राम के आदर्शों को वर्तमान समय में अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यह राम कथा चरित्र निर्माण की कथा है, जिसकी आज समाज में बहुत अधिक आवश्यकता है। मुख्य यजमान सचिन चौहान और उनकी पत्नी मनोरमा चौहान ने ग्राम टपरौला के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से इस नौ दिवसीय आध्यात्मिक अनुष्ठान में सपरिवार शामिल होकर धर्म लाभ कमाने की अपील की है। कथा के अंत में प्रतिदिन महाआरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर विनोद चौहान, हिमांशु, केशव कुमार, मदनपाल सिंह, संदीप कुमार, वरुण कुमार, आलोक कुमार, अमित कुमार, परविंदर सिंह, ब्रजेश कुमार, रजत कुमार, कोमल सिंह, जोनी, रूपेश सिंह, निकुल, नीलू, तपिश, आयुष, आशु, अभय, यश, राजन, कनिष्क, प्रिंस, परी, गौरी, शिल्पी, ममता देवी, नेहा, अंजली, सुनीता देवी, उर्मिला देवी, रानी देवी, नीतू देवी, नूतन देवी, मुस्कान, आकांक्षा, आशा देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# आकांक्षा चौहान ब्लॉक प्रमुख संघ की जिलाध्यक्ष बनीं



**प्रदेश संगठन महामंत्री ने की नियुक्ति**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान को ब्लॉक प्रमुख संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

यह नियुक्ति ब्लॉक प्रमुख संघ के प्रदेश संगठन महामंत्री त्रिपुरेश मिश्रा ने की। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह सेनानी की संस्तुति पर आकांक्षा चौहान को यह दायित्व सौंपा। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और कार्यक्षमता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। श्रीमती चौहान जनपद में सभी ब्लॉक प्रमुखों के बीच संगठन का विस्तार करेंगी और उसे सशक्त बनाएंगी। त्रिपुरेश मिश्रा ने विश्वास व्यक्त किया कि वह इस भूमिका को सफलतापूर्वक निभाएंगी। उनके मनोनयन से समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। अपनी नियुक्ति पर आकांक्षा चौहान ने कहा कि वह प्रदेश नेतृत्व द्वारा सौंपे गए दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगी। उनके समर्थकों ने उन्हें बधाई दी।

# फेसबुक पर सूट दिखाकर 4 हजार की ठगी

## ऑनलाइन शॉपिंग के झांसे में आया उपभोक्ता, अतिरिक्त रकम मांगने पर खुली पोल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू/हल्दौर।** ऑन लाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। प्रशासन और साइबर पुलिस द्वारा बार-बार जागरूकता अभियान चलाने तथा एडवाइजरी जारी करने के बावजूद लोग ठगों के जाल में फंस रहे हैं। ऐसा ही एक मामला थाना हल्दौर क्षेत्र के पुलिस चौकी झालू क्षेत्र में सामने आया है, जहां फेसबुक पर सस्ते कपड़ों के विज्ञापन के झांसे में आकर एक व्यक्ति से हजारों रुपए की ठगी कर ली गई।

पीड़ित के अनुसार फेसबुक पर एक विज्ञापन में मात्र 499 रुपये में कॉटन सूट उपलब्ध होने का दावा किया गया था। विज्ञापन में ऑल इंडिया डिलीवरी और आकर्षक ऑफर दिखाए गए थे। विज्ञापन पर भरोसा कर उपभोक्ता ने दिए गए व्हाट्सएप नंबर पर संपर्क किया और कपड़े की जानकारी मांगी।

इसके बाद कथित विक्रेता ने व्हाट्सएप पर नाम, पता, मोबाइल नंबर और अन्य जानकारी मांगते हुए ऑर्डर बुक करने की बात कही। पीड़ित का आरोप है कि भुगतान प्रक्रिया के दौरान उससे लगभग चार हजार रुपए विभिन्न माध्यमों से जमा करा लिए गए। इतना ही नहीं, भुगतान के बाद भी उससे और रुपए जमा कराने का दबाव बनाया जाने लगा। लगातार अतिरिक्त रकम मांगे जाने पर उपभोक्ता को शक हुआ और उसे एहसास हुआ कि वह साइबर ठगी का शिकार हो चुका है। इसके बाद उसने आगे भुगतान करने से इनकार कर दिया। साइबर जानकारों का कहना है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिखाई देने वाले आकर्षक ऑफर, बेहद कम कीमत और केवल ऑनलाइन भुगतान की शर्त अक्सर ठगी का संकेत हो सकती है। ऐसे मामलों में किसी भी अनजान विक्रेता को भुगतान करने से पहले उसकी विश्वसनीयता की जांच अवश्य करनी चाहिए। पुलिस और साइबर विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिखने वाले लुभावने विज्ञापनों से सावधान रहें। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर रिपोर्ट करें। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऑनलाइन खरीदारी के बढ़ते चलन के साथ साइबर ठग भी नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में जागरूकता और सतर्कता ही ठगी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

# नगीना में गूंजीं उमरदीन शायर की यादें

## नामचीन हस्तियों ने दी खिराजे-अकीदत, नम आंखों से याद आया अदबी सफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एकेएम इंटर कॉलेज में आज की शाम शेरो-शायरी और जज्बात के नाम रही। सामरी साहित्य कला अकादमी सरायमीर के सौजन्य से मरहूम उस्ताद शायर जनाब उमरदीन शायर की याद में एक ताजीयती शेरी नशिस्त का आयोजन किया गया। इस भावुक और ऐतिहासिक शाम में जहां एक तरफ मरहूम शायर की याद में आंखें नम हुईं, वहीं उस्ताद शायरों के कलाम ने समां बांध दिया।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मशहूर अदबी शख्सियत डा. आलमगीर काजमी रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा को बेहद खूबसूरती से अमली जामा पहनाया।

महफिल की अध्यक्षता मरहूम उमरदीन शायर साहब के बड़े पुत्र मौहम्मद शाहिद ने की। जैसे ही मंच से रईस अहमद राज ने अपनी मखमली आवाज में संच. ालन शुरू किया, पूरा हॉल तालियों और वाह-वाह की सदाओं से गूंज उठा।

इस भावुक मौके पर मरहूम शायर के सुपुत्र मौहम्मद दानिश, मौहम्मद जीशान और मौहम्मद जाहिद विशेष रूप से मौजूद रहे। अपने वालिद के अदबी सफर और नगीना की सरजमीं को दिए गए उनके योगदान को याद कर माहौल बेहद गमगीन और गरिमामय हो गया। इस यादगारी महफिल में नगीना और बिजनौर जिले की कई नामचीन हस्तियों ने शिरकत की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से निशीत गर्ग एड., विनीत गर्ग, इंद्रजीत जोशी, कृष्ण कुमार विश्नोई, शमशाद रशीद महीगीर, फुरकान अहमद अंसारी उर्फ इंडियन नगीनवी, शेख मौहम्मद अंजार, शेख राशिद और तसलीम अहमद, निशात अहमद एड., अतहर शकील, मौहम्मद असलम, डा. इमरान सागर, अकरम नगीनवी, यासीन रहबर मौजूद रहे।

तमाम मेहमानों ने मरहूम उमरदीन साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। वक्ताओं ने कहा कि उमरदीन साहब जैसे उस्ताद शायर रोज-रोज पैदा नहीं होते, उनका जाना अदबी दुनिया के लिए एक ऐसा नुकसान है जिसकी भरपाई मुमकिन नहीं है। देर रात तक चली इस नशिस्त ने साबित कर दिया कि शायर मरते नहीं, अपने कलाम के जरिए हमेशा दिलों में जिंदा रहते हैं।

## एक नजर

### अतिक्रमण पर चला चाबुक



**नजीबाबाद।** शहर में लंबे समय से लोगों की परेशानी का कारण बने सड़क किनारे अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस ने सख्त अभियान चलाया। सराय चौकी प्रभारी सौरभ कुमार और एसआई अवधेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्टेशन रोड से मुख्य बाजार तक अतिक्रमण हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया। इस दौरान सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को जमकर फटकार लगाई गई और भविष्य में ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। एसआई अवधेश शर्मा ने भी दुकानदारों को नियमों का पालन करने की हिदायत देते हुए कहा कि यदि भविष्य में किसी भी दुकानदार द्वारा सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण किया गया, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

### मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज



**नहटौर।** क्षेत्र के हरगनपुर बाजार में रविवार को एक जनसेवा केंद्र संचालक से मारपीट और तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने मामले में चार नामजद सहित अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि कुछ युवक अचानक हरगनपुर स्थित जनसेवा केंद्र में घुसते हैं। हमलावर लाठी-डंडों से लैस होकर आते हैं और केंद्र संचालक सलमान पर ताबड़तोड़ हमला कर देते हैं। वीडियो में हमलावर दुकान के अंदर रखे लैपटॉप और अन्य सामान को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त करते दिखाई दे रहे हैं। भीड़-भाड़ वाले बाजार में हुई इस घटना से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। पुलिस की शुरुआती जांच के अनुसार, यह पूरा मामला फर्द निकालने को लेकर शुरू हुआ था। बताया जा रहा है कि सहारनपुर नवादा निवासी शत्रुघ्न ने संचालक सलमान को फोन करके फर्द निकालने के लिए कहा था। जब फर्द नहीं निकल पाई, तो आरोपी इसी बात से नाराज हो गया और अपने साथियों के साथ मिलकर केंद्र पर धावा बोल दिया। घटना के बाद घायल सलमान को स्थानीय लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सहानपुर नवादा के शत्रुघ्न सहित चार व्यक्तियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो को सबूत के तौर पर लिया गया है। वीडियो में दिख रहे अन्य अज्ञात हमलावरों की पहचान की जा रही है। नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# सहकारी समिति पर किसानों का फूटा गुस्सा

## फसल के लिए खाद न मिलने पर विधायक ने अधिकारियों को फटकारा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम शेरगढ़ स्थित बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स लिमिटेड) पर आज सुबह खाद लेने पहुंचे दर्जनों किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा। इससे नाराज किसानों ने केंद्र के बाहर प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए अपना रोष व्यक्त किया।

किसानों का कहना था कि इस समय गन्ना और धान की फसलों के लिए यूरिया और डीएपी खाद की अत्यधिक आवश्यकता है। समय पर खाद नहीं मिलने से फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। शेरगढ़ तथा आसपास के गांवों से आए किसान शेर सिंह, कुलवंत सिंह, बेगराज सिंह, मनीष, पंकज कुमार, राहुल, राजेश कुमार, फारूक अहमद, गुड्डो देवी, बरिया खातून, कलवा, चंद्रपाल सिंह और देवेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान सुबह से ही खाद मिलने की उम्मीद में समिति पर पहुंचे थे, लेकिन केंद्र बंद मिलने पर उनका गुस्सा फूट पड़ा। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने आरोप लगाया कि खाद विक्रय केंद्र नियमित रूप से नहीं खोले जा रहे हैं, जिसके कारण उन्हें बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। किसानों का यह भी आरोप है कि केंद्र के गोदाम में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होने के बावजूद उसका वितरण नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि विभागीय कर्मचारी जानबूझकर टालमटोल कर रहे हैं, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही खाद वितरण व्यवस्था सुचारू नहीं की गई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

उधर मामले में खाद विक्रय केंद्र पीसीएफ के प्रबंध निदेशक पुखराज सिंह ने बताया कि वह एक आवश्यक विभागीय बैठक के सिलसिले में जिला मुख्यालय गए हुए थे। उन्होंने बताया कि केंद्र पर तैनात सहायक आंशिक वितरक की अचानक तबीयत खराब हो जाने के कारण आज खाद का वितरण नहीं हो सका। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही व्यवस्था सामान्य कर किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपनी स्वेच्छानुसार मुस्लिम धर्म छोड़कर हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार हिन्दू धर्म अपना लिया है तथा भविष्य में मैं हमेशा हिन्दू धर्म का पालन करूंगी तथा मुझे भविष्य में पूर्व नाम चेतना गुप्ता व पुत्री का नाम आशु गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाए। **चेतना गुप्ता पुत्री स्व. श्री कोमल प्रसाद निवासी मौहल्ला जाब्तागंज, कस्बा, थाना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौ. वसीम उर्फ बाबर मेरे कहने में नहीं है। मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता रहता है। मौ. वसीम ने 2015 में अपनी मर्जी व पसंद से शादी की है। वह मेरा घर छोड़ कर अपने बीवी बच्चों सहित अपनी ससुराल कस्बा किरतपुर, जिला बिजनौर में रह रहा है। मैंने व मेरे परिवार ने सन 2021 से मौ. वसीम से समस्त ताल्लुक वास्ता खत्म कर लिया है और मैंने उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी क्रिया कलाप से मेरा या मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **मुमताज अहमद पुत्र मौ. अय्यूब, मौहल्ला मनिहारी सराय, कस्बा व तहसील नगीना, जिला बिजनौर**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स के यहां श्री गजेन्द्र सिंह पुत्र रमेश सिंह ने अपनी दुकान 58 वर्ग मी. स्थित खसरा नं. 1248, कस्बा स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है। उक्त दुकान को श्रीमती दुलारी देवी पत्नी रमेश सिंह ने बही सं. 1, जिल्द सं. 16662, पृष्ठ 67/80, क्रमांक 10523 दिनांक 21.05.2026 को दान किया था। यदि उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक या उत्तराधिकारी को आपत्ति हो तो वह आधार हाउसिंग फाईनेन्स लि. में पैनल अधिवक्ता को 7 दिन के भीतर आपत्ति निम्न पते पर दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

# पेट्रोल पम्पों से जनमानस को दी जाने वाली सुविधाएं मिली नदारद

**○ डीएम के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी व क्षेत्रीय अधिकारी ने की जांच, आधा दर्जन पेट्रोल पम्पों पर पाई गई कमियां**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिलाधिकारी के निर्देश पर पैट्रोल पम्पों की जिलापूर्ति अधिकारी के नेतृत्व में की गई जांच कार्रवाई में कई पैट्रोल पम्पों से जनमानस की सुविधायें नदारद थीं। कमियां पाये जाने वाले पैट्रोल पम्पों पर कार्रवाई को सम्बंधित बिक्री अधिकारियों को भेजा जायेगा।

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग द्वारा क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षकों के माध्यम से पेट्रोल पम्पों द्वारा आम जनमानस को उपलब्ध करायी जा रही जनसुविधाओं की जांच करायी गयी। टीम ने पैट्रोल पम्पों पर मुफ्त हवा, पानी, स्वच्छ पुरूष एवं महिला शौचालय, शौचालयों में दिव्यांगजन रैम्प एवं वॉश बेसिन की उपलब्धता, नो हेलमेट-नो फ्यूल का बैनर एवं पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता आदि की जांच की।क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षकों द्वारा की गई जाँच में 22 पेट्रोल पम्प मैसर्स ललतेश फिलिंग स्टेशन बबराला चन्दौसी रोड पर दिव्यांगजन रैम्प नहीं थी, जबकि मैसर्स गुन्नौर फिलिंग स्टेशन गुन्नौर में मुफ्त हवा एवं पानी नहीं, शौचालयों में दिव्यांगजन रैम्प एवं वॉश बेसिन नहीं मिला। मैसर्स हाजी हशमत हुसैन बदर हुसैन नगर सम्भल में शौचालयों में दिव्यांगजन रैम्प नहीं पायी गयी। मैसर्स आमिर फिलिंग स्टेशन नगर सम्भल शौचालयों में दिव्यांगजन रैम्प नहीं मिली। मैसर्स डी.एन. फिलिंग स्टेशन बहजोई साफ-सफाई की स्थिति ठीक नहीं थी। इसके अलावा मैसर्स बालाजी फिलिंग स्टेशन चन्दौसी पर साफ-सफाई की स्थिति ठीक नहीं। पायी गयी। डीएम ने बताया कि कमी पाये गये पेट्रोल पम्पों पर नियमानुसार कार्यवाही हेतु सम्बन्धित बिक्री अधिकारियों को पत्र भेजा जा रहा है।

## उपजिलाधिकारी ने शुरू कराया पुनरूद्वार कार्य

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अतिक्रमण मुक्त कराये गए तालाब और झील के पुनरूद्वार कार्य तेज कर दिया गया है। भारतल मदापुर में अतिक्रमण मुक्त करायी गई झील का उपजिलाधिकारी निधि पटेल के नेतृत्व में टीम झील के पुनरूद्वार कराने पहुंची। इस दौरान फर्टिलाइजर के सहयोग से झील के पुनरूद्वार कार्य शुरू कराया गया है। कार्य जल्द पूरा करने के भी निर्देश दिए गए हैं।





सम्भल। डा. यूसी सक्सेना पर रचित पुस्तक पितामह का समारोह में विमोचन करती नामचीन हस्तियां व समारोह में कथक नृत्य करते कलाकार।

# डा. यूसी सक्सेना का कद पितामह पुस्तक से भी बढ़कर: दीपा गुप्ता

**○चिकित्सा जगत में मानवीयता समाज सेवा की प्रतिमूर्ति डा. यूसी सक्सेना पर रचित पुस्तक पितामह का समरोह पूर्वक विमोचन**

**○समारोह में नामचीन हस्तियों ने डा. यूसी सक्सेना की शान में जमकर पढ़े कसीदे**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** चिकित्सा जगत में मानवीयता एवं समाज सेवा की प्रतिमूर्ति नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डा. यू.सी. सक्सैना आदर्शों पर साहित्यकार डा. दीपा गुप्ता द्वारा पितामह नामक पुस्तक का लेखन किया गया।जिसका नामचीन हस्तियों के हाथों समारोह पूर्वक विमोचन किया गया।

नगर के बैंक्वेट हॉल में आयोजित समारोह में कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि पितामह पुस्तक केवल एक डाक्टर की कहानी ही नहीं बल्कि हर उस शख्स की कहानी है जो समाज की पीढ़ा को समझता है। उन्होंने कहा कि डा. यू.सी. सक्सैना को आज यह सम्मान मिला और वह जिस मुकाम तक पहुंचे है। उसके लिए उन्होंने बहुत कुछ झेला और संघर्ष किया है। इसके साथ ही आचार्य ने शायराना अंदाज में डा. यू.सी. सक्सैना के आर्दशों को ब्यां किया। जिला जज एटा अहमदउल्ला खां ने कहा कि डा. यू.सी. सक्सैना को वह अपने छात्र जीवन से जानते है। उन्होने कहा कि जहां उन्होने हिन्द इंटर कालेज से शिक्षा हासिल की है वहीं डा. यू.सी. सक्सैना ने भी हिंद इंटर कॉलेज से ही शिक्षा ग्रहण की थी। डाक्टर साहब ने सदैव उनका हौसला बढ़ाया। साहित्यकार एवं पुस्तक लेखिका डा. दीपा गुप्ता ने कहा कि पितामह पुस्तक के माध्यम से डा. यू.सी. सक्सैना के जीवन आर्दशों को प्रस्तुत किया गया है। लेकिन इस पुस्तक में जो प्रस्तुत किया गया है डा. यू.सी. सक्सैना का कद इससे भी बढ़कर है। इसके साथ अन्य वकताओं ने भी डा. यू. सी. सक्सैना के शान में कसीदे पढ़े। कार्यक्रम के समापन पर डा. यू.सी. सक्सैना ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा किं 'है मेरे साथ सबकी दुआओं का काफिला', कह दो मुखलिबों से अकेला नहीं हूं मैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिटी मजिस्टेट सुधीर कुमार सोनी व संचालन नेहा मलय ने किया। इस अवसर पर शान्तनु सक्सेना, डा. निधि सक्सेना डा. अरविन्द गुप्ता, तरन्नुम अकील, डा. विनीत गुप्ता, राजेश सिंघल, कमल कांत तिवारी, कमल कौशल वार्ष्णेय, अभिताभ गर्ग, डा. वी.के. पूनिया, डा. शहजाद, डा. संजय वार्ष्णेय, विनय गुप्ता, संजय सांख्यधर, सुशील महरोत्रा, अनुराग रस्तौगी, राकेश अग्रवाल, अनुराग सुधाशुं, राजेन्द्र सिंह, मुकुल रस्तौगी, डा. अनुराग अग्रवाल, डा. संजय गुप्ता, डा. प्रशांत वार्ष्णेय, मौ. नाजिम, पवन रस्तौगी एड., अरविन्द सक्सैना एड. , शरद भारद्वाज एड. आदि उपस्थित रहे।

## पानी से भरी बाल्टी में डूबकर मासूम की मौत

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जुनावई थाना क्षेत्र के ग्राम काशीपुर में आंगन में खेलता दो वर्षीय मासूम पानी से भरी बालटी में डूबकर मौत हो गयी। बताते हैं कि मौहम्मद रेहान (2) अपने घर के आंगन में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। आंगन में टंकी के नीचे पानी से भरी प्लास्टिक की बाल्टी रखी हुई थी। खेलते-खेलते मासूम बाल्टी के पास पहुंच गया और उसको पकड़कर खड़ा होने के प्रयास में अंदर गिर गया। काफी देर तक बालक के गिरे रहने से उसकीम ौत हो गयी।

# मूल कार्य छोड़ अन्य विभागों में जमे हैं सफाई कर्मी

**○गांवों ओर तैनाती क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था हो रही है प्रभावित, अफसरों की आंख का तारा बने सफाई कर्मचारी कार्यालयों और अधिकारियों के वाहनों के बने हुए हैं चालक**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नगर पालिका व नगर पंचायतों में नियुक्त कई सफाई कर्मी अपनी मूल तैनाती पर कार्य न कर अफसरों के चहते बनकर काम कर रहे हैं। ऐंसे सफाई कर्मियों को उनकी मूल तैनाती पर न भेजकर शासनादेश का भी खुला उल्लंघन किया जा रहा है। जबकि सफाई कार्य के लिए नियुक्त सफाई कर्मी अपना मूल कार्य न करने से क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर इसका साफ असर पड़ रहा है।

जनपद की नगर पालिका और नगर पंचायतों के अलावा ब्लॉक क्षेत्र के गांवों की सफाई व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए पूर्ववर्ती सरकार में सफाई कर्मचारियों को नियुक्त किया गया था। सफाई कार्य के लिए नियुक्त हुए कई ऐंसे कर्मचारी हैं जिन्होने अफसरों से सांठगांठ कर अपनी तैनाती अलग-अलग कार्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, वाहन चालक आदि के काम के लिए करा ली है जबकि उनकी मूल तैनाती उनके मूल स्थान पर अंकित है। जबकि वास्तविकता इससे परे है। पद सफाई कर्मी लेकिन अपना काम छोड़कर कार्यालयों में बने हुए सफाई कर्मी अफसरों के चहते बने रहने से सफाई कार्य भी प्रभावित हो रहा है। बताया जा रहा है कि बहजोई स्थित जिला मुख्यालय पर एक दो नहीं बल्कि कई सफाई कर्मी गलत तरीके से तैनात हैं। क्योंकि इनको वास्तविकता में अपने मूल तैनाती ग्राम में तैनात होकर सफाई कार्य करने की है। मगर जिला मुख्यालय पर अधिकारियों की आंख का तारा बने सफाईकर्मी कार्यालय में कार्य देख रहे हैं। हालांकि अटैक ऑन करप्शन (आरटीआई) एसोसिशन के मंडल मुरादाबाद से मंडल अध्यक्ष रिंकू दिवाकर की ओर से सफाई कर्मियों के बारे में जिलाधिकार, जिला पंचायत राज अधिकारी और जिला विकास अधिकारी से भी लिखित शिकायती पत्र भेज चुके हैं। मगर बताया जा रहा है कि कोई भी प्रतिक्रिया अथवा कार्यवाही सफाई कर्मचारियों को उनकी मूल तैनाती वाले स्थानों के लिए नहीं की गयी है।

## कल्कि सेना द्वारा निकाली जायेगी भव्य गारूढ़ी यात्रा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर,कोट पूर्वी में श्री कल्कि सेना निष्कलंक दल द्वारा 66 वें श्री कल्कि जयंती महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष 'कुलदीप कुमार गुप्ता ने कहा' कि आगामी 16 व 17 अगस्त को श्री कल्कि सेना (निष्कलंक दल) द्वारा दो दिवसीय 66 वां श्री कल्कि जयंती महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसे लेकर समस्त तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है।

# चोरी के माल सहित तीन को पुलिस ने धर दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** थाना हजरत नगर गढ़ी पुलिस ने चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं में तीन आरोपियों को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम बारीपुर भमरौआ निवासी रोहित पाल पुत्र हरपाल सिंह ने 18 मई को तहरीर देकर घर की दीवार काटकर नकदी व अन्य सामान चोरी का आरोप आरोपियों पर लगाया था। दूसरी घटना 31 मई की है। जिसमें कस्बे के मौहल्ला गिन्नौरी निवासी हसन पुत्र छिददन ने टयूबवैल पर लगे स्टॅार्टर आदि चोरी होने की तहरीर दी थी। थानाध्यक्ष संजय कुमार व चौकी प्रभारी फिरोज खां ने कामेन्द्र कुमार, अनिल कुमार व गौरव त्यागी आदि के साथ ग्राम मिलक की ओर कच्चे रास्ते से कस्बे के मौहल्ला सादक सराय निवासी राशि पुत्र रफीक, शाकिर पुत्र अब्दुल सलाम उर्फ मख्तुआ व मौ. फहीम पुत्र नबी जान को चोरी किए गए सामान सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

# सिरसी कस्बे वासी अपने मौलिक अधिकारों से वंचित

**○ लोगों का एक सवाल कि आखिर कब बनगो अस्पताल**

**○ आजादी के अस्सी साल बाद भी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित**

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** कस्बेवासी आजादी के लगभग अस्सी साल में स्वास्थ्य सेवा जैसे मौलिक अधिकारों से वंचित हैं। इसके लिए स्थानीय नेताओं के साथ ही क्षेत्रीय सांसद और विधायक व विभागीय अधिकारी बराबर के हिस्सेदार हैं। जो समय-समय पर वादे तो करते हैं,लेकिन वादों पर अमल करने की जरूरत नहीं समझते।

मौलिक अधिकार बेबुनियदी और आवश्यक अधिकार हैं जो किसी किसी भी व्यक्ति के सर्वागीण विकास के लिए जरूरी होते है। इन्हे देश के सर्वोच्च कानून यानी संविधान में विशेष सुरक्षा प्रदान होती है। जनता की सेवा को झूठे वादे करने वालों ने लगभग पचास हज़ार की आबादी और दो लाख की आबादी के ग्रामीण इलाकों के केन्द्र बिन्दु वाले कस्बे की पूरी तरह अनदेखी कर रखी है। कस्बे में सत्तादल के साथ ही सत्ता में सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल के भी नेता हैं तथा विपक्षी सपा व सपा के नेताओं की भी कमी नहीं है। प्रदेश भर में शायद इतनी बड़ी आबादी का कस्बा सिरसी जैसा और कोइ नहीं होगा। जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है। 'जनता का एक ही सवाल है कि आखिर कस्बे में अस्पताल कब बनेगा'। जिम्मेदारों को इसका जवाब देना चाहिए।

## गंगा में डूबे दो युवकों की मौत

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मंगलवार को गुन्नपौर तहसील के सांकरा गंगाघाट पर कथा कलश चढ़ाने सांकरा घाट आए अलीगढ़ के भरतुआ निवासी श्याम व प्रवीण स्नान करते गहरे पानी में डूबने लगे। तेज बहाव के दोनो डूब गए।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल। मुख्य बाज़ार में अतिक्रमण हटवाते नगर मजिस्ट्रेट व पुलिस।

## अभियान चलाकर मार्ग कराए अतिक्रमण मुक्त

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार के नेतृत्व में नगर के मुख्य बाजार में अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त किये जाने हेतु निम्नलिखित मार्ग चिन्हित किये गये थे। अभियान के तहत यशोदा चौराहा से पुरानी तहसील होकर कोतवाली सम्भल तक। मुख्य डाकघर से टण्डन चौराहे तक, कोतवाली सम्भल से चमन सराय होकर नगर पालिका की टंकी तक, नगर पालिका टंकी से बाल विद्या मन्दिर स्कूल एवं ऐजंन्टी चौराहे से होकर भारतीय स्टेट बैंक तक, मनोकामना मन्दिर से पार्क से होकर हसनपुर रोड पर लिंक मार्ग पर, जनता पैट्रोल पम्प, बरेली सराय से प्रेम शंकर वाटिका, दुर्गा कालोनी तक, सरथल पुलिस चौकी से कल्कि विष्णु मन्दिर तक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया। पूर्व में भी 23 मई को यशोदा चौराहा से पुरानी तहसील होकर कोतवाली सम्भल मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। मंगलवार को भी क्षेत्राधिकारी संभल के साथ लगभग अपराह्न 3:00 बजे अभियान चलाकर मुख्य डाकघर से टंडन चौराहा मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है एवं इसके अलावा अन्य मार्गों को भी आगामी दिवसों में तीन-तीन दिवस के अंतराल पर अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

## सपा जिलाध्यक्ष को सांत्वना देने पहुंचे बदायूं सांसद

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** सपा जिलाध्यक्ष के पिता के इंतेकाल पर बदायूं सांसद ने पहुंचकर खिराजे अकीदत पेश की और दुख की इस घड़ी में उनके शामिल होना कहा। मंगलवार को ग्राम बराही निवासी समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी के पिता के इंतेकाल पर बदायूँ के सांसद आदित्य यादव पहुंचे। सांसद आदित्य यादव ने सपा जिलाध्यक्ष के पिता के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरी समाजवादी पार्टी उनके इस दुख में शामिल है। श्री यादव ने जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी के परिवार जनों से मुलाकात की।उन्होने कहा की मरहूम मोहम्मद अकबर अंसारी 17 साल लगातार ग्राम के प्रधान रहे थे। अपने गांव की उन्होंने सेवा की और भाईचारा कायम किया। उन्होंने गांव के विकास एवं भाईचारे के लिए प्रधान रहते हुए महत्वपूर्ण कार्य किये। श्री यादव ने जिला अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधाान बड़े भाई कौसर अली अंसारी को इस दुखद घड़ी में सांत्वना दी। इस मौके पर गुन्नौर विधायक राम खिलाड़ी यादव सहसवान विधायक बृजेश यादव कृष्ण मुरारी शंखधार, सुहैल इकबाल,अखिलेश यादव उमेश चंद्र दिवाकर शोभित कुमार काका प्रधान कौसर अली अंसारी सतीश प्रेमी आसिफ इकबाल बिट्टू कश्यप अमित यादव लियाकत खान तस्लीम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# चोरी के माल की बरामदगी को सर्राफा कारोबारी के पहुंची नोएडा पुलिस टीम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** चोरी के सोने का सामान बरामद करने पहुंची नोएडा की एसओजी पुलिस ने छापा मारा। छापे में पुलिस को सफलता हत्थे लगी अथवा नहीं इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को भी नहीं है। जबकि छापा मारने पहुंची पुलिस काफी देर तक चौधरी सराय चौराहे पर रूकी रही।

सम्भल और उप नगरी सराय तरीन में चोरी के साने चॉदी के गहनों की बरामदगी को प्रदेश से लेकर अन्य प्रदेशों की पुलिस छापा मार चुकी है। जबकि चोरी के गहनों की खरीदारी करने वाले कई को धर दबौच भी चुकी है।मंगलवार को भी नोएडा की एसओजी टीम यहां पहुंची। चर्चा है कि टीम के साथ एक महिला भी थी। टीम ने उप नगरी सराय तरीन और नगर के सर्राफा कारोबारी के यहां छापा मारा था। छापे में पुलिस को कोई सफलता मिली अथवा नहीं इसकी जानकारी न तो स्थानीय पुलिस की ओर से दी जा रही है और छापा मारने पहुंची नोएडा की एसओजी टीम भी देने से कतराती रही। काफी देर तक छापामार कार्रवाई की नोएडा पुलिस चौधरी सराय पुलिस चौकी पर रूकी रही, लेकिन पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब देने से बचती रही। बहरहाल यह पहला मामला नहीं है जब बाहर की पुलिस चोरी के गहने आदि की बरामदगी को छापा मार कार्वाही कर चुकी है। इससे पहले भी कई सर्राफा कारोबारियों के यहां बाहर की पुलिस दस्तक देकर चोरी का माल बरामद कर चुकी है। मंगलवार को भी नोएडा पुलिस के आने से तरह-तरह की चर्चायें हैं।

## गुन्नौर में अतिक्रमण बना मुसीबत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर गुन्नौर मे बढ़ते अतिक्रमण ने गुन्नौर का चेहरा बिगाड़ दिया है सड़कों पर अवैध कब्जों के कारण न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है बल्कि आमजन को रोजमर्रा की आवाजाही में भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है हालात यह हैं कि कई स्थानों पर सड़क से वाहन निकालना तक मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक दिक्कत तहसील चौराहे पर देखने को मिल रही है जहां अतिक्रमण का जमावड़ा बना रहता है टेंपो ठेले और रिक्शा चालकों द्वारा सड़क को घेरे रहने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है इसके चलते यहां आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है और लोगों को घंटों फंसे रहना पड़ता है तहसील चौराहे पर वादकारी और अन्य लोग अपने वाहनों से तहसील आते हैं लेकिन सड़क पर फैले अतिक्रमण के कारण वाहनों की कतार लग जाती है

# उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में चकरोड़ अवैध कब्जे से हुआ मुक्त

**○गुन्नौर के दौलत खां गांव में प्रशासन ने ग्रामीणों की शिकायत पर की कार्रवाई**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के दौलत खां गांव में सरकारी चक मार्ग पर किए गए अवैध कब्जे उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में पहुंची टीम ने हटा दिया है। जिससे रास्ता अतिक्रमण मुक्त हो गया। उच्चाधिकारियों के निर्देश परभू-माफियाओं और अवैध कब्जाधारकों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में की गई। ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया था।

जानकारी के अनुसार दौलत खां गांव में एक व्यक्ति ने प्लॉटिंग की आड़ में सरकारी चक मार्ग पर कब्जा कर लिया था इस अतिक्रमण के कारण ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो रहा था एसडीएम विकास चंद्र के नेतृत्व में राजस्व विभाग और पुलिस की एक संयुक्त टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने चक मार्ग पर किए गए अवैध निर्माण और अतिक्रमण को हटाकर रास्ते की पैमाइश कराई और मार्ग को पूरी तरह से खुलवा दिया। एसडीएम विकास चंद्र ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि तालाबों और चक मार्गों पर अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध कब्जाधारकों में हड़कंप मच गया है, जबकि ग्रामीणों ने चक मार्ग खुलने पर राहत व्यक्त की है।



बबराला। गुन्नौर के दौलतखां गांव में चकरोड को कब्जा मुक्त करती जेसीबी।

## एक लाख बयाने को लेकर चले लाठी-डंडे

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** थाना बबराला के गांव कहरोला गर्वी में जमीन की खरीद को दिए गए ब्याने में हकतलफी को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे से संघर्ष हो गया। जिसमें पांच ग्रामीण घायल हुए हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पर भेजा गया है।बता दें कि की थाना बबराला के गांव कहरोला गर्वी निवासी राजेंद्र व सियाराम की भूमि को ललतेश के पिता द्वारा 11 लाख 20 हजार में तय कर लिया था। और उन्होंने गुलफाम अपने भतीजे के माध्यम से एक लाख रुपये बयाना भिजवा दिया था। यह बयाना बुधवार को भेजा गया था। बताते हैं कि सोमवार को वह बयाना वापस कर दिया गया। बयाना वापस होने पर तो ललतेश ने गुलफाम से कहा कि हमारा बयाना वापस करो। आरोप है कि गुलफाम ने वापस करने से मना कर दिया। इसे लेकर दोनों पक्षों में लाठी डंडे से मारपीट हो गई। जिसमें गुलफाम, सचिन,ललतेश संतोष वीरवती आदि कुल पांच लोग घायल हुए हैं।घायलों को पुलिस द्वारा गुन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा गया है। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। वहीं गुलफाम का कहना है कि मेरी जेब में रखे एक लाख 5 सौ रुपये संतोष ललतेश ने निकाल लिये। वही बबराला थाना प्रभारी सौरभ त्यागी ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। घायलों को गुन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# रोटी नहीं जन्नत का टुकड़ा है दो 'जून की रोटी'

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गैस के चूल्हे पर नीली लौ को चूमकर जब रोटी फूलती है, तो वो सिर्फ आटे का गोला नहीं फूलता। फूलता है एक मजदूर का सीना, एक किसान का स्वाभिमान और एक परिवार का सुकून। सुबह और शाम, दो वक्त का निवाला। ये वो न्यूनतम है जो इंसान को इंसान बनाए रखता है। महलों के 56 भोग नहीं, झोपड़ी की वो दो रोटी जो इज्जत से जीने की गारंटी दे।

## मेहनत की भट्टी में सिका हुआ सुकून

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** तपती दोपहरी में ईंट गारे वाला, झुकी कमर से बीज बोता किसान, या 12 घंटे ठेला खींचने वाला जब शाम को घर लौटकर थाली में गरम रोटी देखता है, तो धरती पर ही जन्नत उतर आती है। उस एक ग्रास में दिनभर की जिल्लत, थकान और फिक्र सब पिघल जाते हैं। एक गरीब को रोटी से है, जो जंग वो हर सुबह अपने बच्चों के लिए लड़ता है, उस पर तो सारी मौहब्बत की किताबें न्यौछावर हैं।

## दो जून की रोटी का इंतेजाम सिर्फ पेट भरना नहीं

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** ये बाप का गुरूर है,जब बच्चे निवाला तोड़ते हैं। ये मां की ममता है, जो खुद फाका करके सबको खिलाती है। ये बच्चों का भविष्य है, स्कूल की फीस से लेकर किताबों तक का भरोसा।

## आज की कसौटी पर 'दो जून'

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** महंगाई की आंच तेज है। आटा-दाल की कीमतें हर महीने मजदूर की हिम्मत तोलती हैं। ऐसे में राशन की दुकान और मनरेगा की दिहाड़ी ही लाखों घरों का चूल्हा दोनों जून जलाए हुए है। क्योंकि 'दो जून की रोटी' दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है। ये मिल जाए, तो समझो सब मिल गया। अभी सिलेंडर की किल्लत होने पर लोग व्याकुल हो उठे थे। लकड़ी का इंतजाम कर रोटी की किल्लत सम्भाली थी।

# मानसून से पूर्व चैक डेम व अन्य संरचनाओं का सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित वाटरशेड विकास घटक, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उप कृषि निदेशक एवं प्रभारी भूमि संरक्षण अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि वाटरशेड विकास घटक के अंतर्गत जनपद की गुन्नौर एवं पवांसा इकाइयों में विभिन्न विकास कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इन कार्यों में तालाबों का निर्माण एवं पुनर्जीवन, चेक डैम निर्माण, कंटूर बंडिंग, पेरिफेरल बंडिंग एवं अन्य मृदा एवं जल संरक्षण संबंधी गतिविधियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि परियोजना क्षेत्र के किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने हेतु उच्च गुणवत्ता वाले बीज, उर्वरक एवं सक्षम कीटनाशक भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने ग्रामीण स्तर पर वाटरशेड समितियों के गठन एवं उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के उद्देश्यों, प्रगति एवं अब तक किए गए कार्यों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही मानसून के दौरान इन संरचनाओं की उपयोगिता एवं तालाबों में जल उपलब्धता की स्थिति की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत निर्मित तालाबों, चेक डैमों एवं अन्य संरचनाओं का फोटोग्राफिक अभिलेखीकरण (फोटो प्रलेखन) कराया जाए तथा कार्य पूर्ण होने के उपरांत संबंधित ग्रामों में समितियों का गठन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मानसून प्रारंभ होने से पूर्व सभी चेक डैमों एवं अन्य संरचनाओं का निरीक्षण, परीक्षण एवं सत्यापन कराया जाए, जिससे उनका अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कृषि उपनिदेशक को कृषि क्षेत्र में नवाचार करने वाले किसानों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। मोती की खेती की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जनपद की वर्धमान नदी एवं महिष्मती नदी के पुनरुद्धार कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग राजीव कुमार ने नदियों के पुनरुद्धार संबंधी प्रस्तावित एवं संचालित कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।जिलाधिकारी ने गंगा तटवर्ती गांवों में जैविक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु किसानों को उनकी जोत के आधार पर वर्गीकृत करने तथा कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

## डा. अलोक की यात्रा अविस्मरणीय

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो।** नगर के यशोदा रेस्टॊरेंट मे डा आलोक कुमार लिखित अंकोरवाट यात्रा कंबोडिया का अविस्मरणीय पर्यटन पुस्तक का विमोचन और लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ। डा. आलोक कुमार संभल के सूक्ष्म जैविकी विशेषज्ञ हैं, उन्होने सात साल पहले कंबोडिया की यात्रा और अंकोरवाट मंदिर भ्रमण किया था। अपने यात्रा अनुभव उन्होने अपनी इस पुस्तक मे शेयर किये हैं और विशेष रूप से कंबोडिया यात्रा के समय किन सावधानियों का ध्यान रखना है उसका उल्लेख इस पुस्तक मे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. अरविंद गुप्ता ने की मुख्य अतिथि डा. दीपा गुप्ता और विशिष्ट अतिथि डा. बिलाल वारसी थे। कार्यक्रम को प्रख्यात हिंदी साहित्यकार डा डीएन शर्मा का संरक्षण प्राप्त हुआ। इस अवसर पर नगर के प्रख्यात वरिष्ठ चिकित्सक डा यूसी सक्सेना पितामह, डा. शहजाद आलम, डा अजय त्यागी, श्याम शरण शर्मा, अनिरुद्ध अरोरा, डा परिमोहन वार्ष्णेय, भाजपा नेता संजय सांख्यधर, इंजीनियर मेघना हर्षित गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# काशीराम नगर रोड पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मझोला क्षेत्र के काशीराम नगर रोड स्थित शर्मा भोजनालय के पास मंगलवार सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार बाइक सवार ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।घटना की सूचना मिलते ही थाना मझोला पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हालांकि अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर



मोर्चरी में रखवा दिया तथा घटना की जानकारी परिजनों को दी। मृतका की पहचान कैलाशो देवी (पत्नी स्वर्गीय चुन्नीलाल) निवासी सी ब्लॉक, काशीराम नगर के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार के लोग जिला अस्पताल और बाद में मोर्चरी



पहुंचे। शव को देखते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिवार में मातम का माहौल है। मृतका के नाती हर्षित ने बताया कि उनकी नानी कैलाशो देवी काशीराम नगर के सी ब्लॉक में अकेली रहती थीं। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे उन्हें सूचना मिली कि नानी का शर्मा भोजनालय के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद जिला अस्पताल ले जाया गया है। जब वह अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने उन्हें बताया कि उनकी नानी की मौत हो चुकी है।

पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपी वाहन चालक की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में बढ़ती तेज रफ्तार वाहनों की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से प्रभावी यातायात नियंत्रण और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# खेत की होजिया में नहाते समय महिला को सांप ने डसा, जिला अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव में मंगलवार सुबह खेत पर चारा काटने गई एक महिला को सांप ने डस लिया। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। महिला को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।जानकारी के अनुसार, बिशनपुर निवासी 60 वर्षीय साबरा सुबह करीब 8 बजे अपने खेत पर चारा काटने गई थीं। चारा काटने के बाद वह खेत में बनी होजिया (पानी के टैंक) में नहा रही थीं। इसी दौरान होजिया में मौजूद एक सांप ने उनकी टांग पर डस लिया। सांप के काटते ही महिला की तबीयत बिगड़ने लगी और उन्होंने शोर मचाया।

महिला की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी मिलते ही उनके बेटे मोहम्मद



जाकिर ने तुरंत उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने महिला का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया और उनकी निगरानी की जा रही है।

मोहम्मद जाकिर ने बताया कि उनकी मां सुबह खेत पर चारा काटने गई थीं। चारा काटने के बाद वह होजिया में नहा रही थीं, तभी वहां मौजूद सांप ने उनकी टांग पर डस लिया। इसके बाद उन्हें बिना देर किए जिला अस्पताल ले जाया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात और गर्मी के मौसम में खेतों तथा पानी वाले स्थानों पर सांपों की मौजूदगी बढ़ जाती है, इसलिए लोगों को ऐसे स्थानों पर विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। फिलहाल महिला का इलाज जारी है और उनकी हालत पर चिकित्सकों की नजर बनी हुई है।

# कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश सचिव बने अनवर अली



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सैयद अनवर अली को उत्तर प्रदेश कॉग्रेस सोशल मीडिया का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। लकड़ी बालन निवासी सैयद अनवर अली को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह की संस्तुति पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है । सैयद अनवर अली के प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर उनके समर्थको ने उन्हें मुबारक. बाद दी और फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया। सैयद अनवर अली ने प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर जहां प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की चेयरपर्सन सुश्री शालिनी सिंह और हसनैन रिजवी, जीशान अली का समस्त पदाधिकारीयो/कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश सचिव सैयद अनवर अली ने कहा कि उनका सबसे पहले काम जो जिम्मेदारी उनको प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और शालिनी ने उनको दिलवाई है। वह उनकी कसौटी पर खरा उतरेंगे और कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस पार्टी की नीतियों को सोशल के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

# पांचवें मंगलवार को सद्भभावना नर्सिंग होम के सामने हनुमान चालीसा का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** ज्येष्ठ माह पुरुषोत्तम मास के पांचवें बड़े मंगलवार के अवसर पर श्री सिद्धबली गुरु जी सेवा संस्थान के द्वारा सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ एवं भोजन प्रसाद वितरण का किया गया। संस्थान के संस्थापक अरविंद चौधरी गुरु जी ने बताया की संस्थान पिछले चार मंगलवार को प्रेम भाव से धार्मिक आयोजन करता आ रहा है ,और हनुमान जी बाबा के आशीर्वाद और सभी बंधुओ के सहयोग और भक्तों के आगमन से कार्य हो रहे हैं। आज सद्भभावना नर्सिंग होम के सामने चौधरी कुँवर पाल सिंह के आवास पर यह कार्यक्रम किया गया ,जिसमें भारत माता हनुमान जी महाराज के सामने दीप प्रज्वलित कर श्री हनुमान चालीसा जी का पाठ हनुमान जी की आरती भारत माता के जयकारों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।भोजन का भोग भारत माता ,हनुमान जी को लगाकर भोजन प्रारंभ किया गया ।उसी के साथ-साथ कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को श्री राम जी का पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। संस्थान के द्वारा हनुमान चालीसा की प्रतियोगिता भी कराई गई ।जिन बच्चों ने हनुमान चालीसा सुनाई उनको हनुमान चालीसा की



पुस्तक हनुमान जी का सुंदर चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया,धनराशि भेंट कर बच्चों का सम्मान किया गया, हरथला निवासी दीपक सैनी उम्र 12 वर्ष ने बहुत अच्छे तरीके से श्री हनुमान चालीसा जी का पाठ सुनाया संस्थान के सभी सदस्यों ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और हनुमान जी के चित्र के साथ-साथ पुरस्कार राशि भेंट कर बच्चे का मनोबल बढ़ाया ,क्योंकि आज यह बच्चा धर्म का गुणगान करके सम्मानित हुआ है उसको देखकर अन्य बच्चों के अंदर भी प्रेरणा आ सके। कार्यक्रम में महेश शर्मा ,संजय शर्मा , कुंवर पाल सिंह ,उदय सिंह संजीव चौधरी मुकेश भटनागर आशु चौधरी .मोनू चौधरी ,रोहित बिश्नोई,विपिन चौधरी यशपाल चौधरी डॉक्टर उमंग रस्तोगी देवेंद्र सिंह जटराना नेम प्रकाश कश्यप सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**कुन्दरकी।** थाना कुंदरकी पुलिस ने 1 जून की रात गश्त व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रोबिन पुत्र रमेश निवासी ग्राम चकफाजलपुर, थाना कुंदरकी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से प्लास्टिक की पिपिया में रखी 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की। थाना कुंदरकी पर आरोपी के खिलाफ मु0अ0सं0 133/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना उ0नि0 अंकुर तेवतिया कर रहे हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ0नि0 अनूप कुमार व हे0का0 देवेन्द्र सिंह शामिल रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देश पर अवैध शराब व अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है।

## महिला हेल्प डेस्क पर सुनी गईं महिलाओं की समस्याएं



**बिलारी।** कोतवाली स्थित महिला हेल्प डेस्क पर प्रभारी उपनिरीक्षक छाया बालियान ने महिलाओं से जुड़े मामलों की सुनवाई कर उनके निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई की। उन्होंने शिकायत लेकर पहुंची महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उन्हें उचित कानूनी और सामाजिक परामर्श भी दिया। उपनिरीक्षक छाया बालियान ने कहा कि महिला संबंधी शिकायतों का संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ समाधान कराया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों और उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी देते हुए किसी भी समस्या की स्थिति में बेझिझक पुलिस से संपर्क करने की अपील की। महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा

# विधायक कमाल अख्तर ने पार्टी कार्यालय पर जनता की समस्याओं को सुनकर दिलाया समाधान का भरोसा

**कांठ ( शाह टाइम्स )**विधायक कांठ कमाल अख्तर ने कांठ कार्यालय पर क्षेत्र से आए हुए लोगों की समस्याएँ सुनीं, लोगों ने बिजली, सड़क, पानी, राजस्व, पेंशन, पुलिस एवं अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से तत्काल वार्ता की तथा समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए, उन्होने कहा कि जनता की सेवा और उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है, क्षेत्र की जनता ने जिस विश्वास और प्रेम के साथ उन्हें अपना प्रति. निधि चुना है, उस विश्वास पर खरा उतरना उनका कर्तव्य है, कहा कि आम जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए लगातार अधिकारियों के संपर्क में रहकर कार्य किया जा रहा है और आगे भी जनहित के मुद्दों को मजबूती के साथ उठाया जाता रहेगा। कार्यकर्ताओं एवं



पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव अब अधिक दूर नहीं है, इसलिए सभी कार्यकर्ता एवं नेता अभी से पूरी मजबूती के साथ चुनावी तैयारियों में जुट जाएँ, और पार्टी की नीतियों, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचारों, उनके विकास कार्यों तथा हितकारी योजनाओं को घर-घर और जन-जन तक पहुँचाने का कार्य करें। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता ,विक्रम सिंह यादव , अतिकुर रहमान, सकलेन, साजिद, प्रधान, अंजार, अमजद , आरिफ मलिक, अरशद, फुरकान, इकबाल पूर्व प्रमुख, मनोज चौधरी, रोहित गुर्जर, मुजा. हिद,एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# नवागत एसडीएम प्रिंस वर्मा से मिला व्यापार मंडल राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने मंगलवार को नव



नियुक्त उप जिलाधिकारी प्रिंस वर्मा से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने नगर की विभिन्न जनसमस्याओं एवं व्यापारियों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। व्यापार मंडल की ओर से एसडीएम प्रिंस वर्मा को राधा-कृष्ण की सुंदर प्रतिमा भेंट कर उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गईं। एसडीएम ने सभी पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त किया और आश्वासन दिया कि जनता एवं व्यापारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनहित के कार्यों के लिए सदैव तत्पर है तथा नागरिकों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, सुरेंद्र चुग, सुधीर अग्रवाल, शिवओम गुप्ता, प्रदीप सिंघल, दुष्यंत चौहान, अरिहंत जैन, विनीता रस्तोगी, रनवीर सिंह, सलीम अहमद सहित अन्य पदाधिकारी एवं व्यापारी मौजूद रहे। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नवागत एसडीएम का स्वागत करते हुए प्रशासन और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय की उम्मीद जताई। वहीं एसडीएम प्रिंस वर्मा ने सभी को सहयोग का भरोसा दिलाया।

## पीस पार्टी की मासिक बैठक में शांति बनाए रखने की अपील

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** पीस पार्टी की एक मासिक बैठक आज वरिष्ठ जिला महासचिव खालिद चौधरी के आवास मिलक पल्लुपुरा, घोसी पाकबड़ा मुरादाबाद में आयोजित की गई। बैठक में राज्य में व्याप्त अराजकता को लेकर चर्चा हुई और जनता से शांति बनाए रखने की अपील की गई। पीस पार्टी के वरिष्ठ जिला महासचिव खालिद चौधरी ने प्रदेश की जनता से आग्रह किया कि भेदभाव की राजनीति से दूर रहें और आपस में परस्पर सद्भाव बनाए रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।



खालिद चौधरी ने बताया कि पीस पार्टी का मकसद देश और प्रदेश में शांति का माहौल बनाए रखना है। खालिद चौधरी ने शासन और प्रशासन से मांग की कि किसी भी मामले में सही ढंग से जांच करके उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पीस पार्टी से जुड़ने की अपील की ताकि देश और प्रदेश में शांति का माहौल बनाए रखने वाली सरकार बन सके।बैठक में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इनमें शबनूर खालिद, मोहम्मद आरिफ, मुफस्सिल आलम, ताहिर हुसैन, इंतजार अली समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

# टीएमयू में पीबीबीएससी नर्सिंग के जॉनी और प्राची के सिर बंधा मिस्टर-मिस फेयरवेल का ताज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग के पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की फेयरवेल पार्टी में जॉनी सागर को मिस्टर फेयरवेल तो प्राची शर्मा को मिस फेयरवेल चुना गया। मिस्टर और मिस फेयरवेल को क्राउन पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित किया गया। मिस और मिस्टर फेयरवेल के चयन के लिए रैंप वॉक, इंट्रो और प्रश्ना. ेत्तरी राउंड हुए। इस मौके पर स्टुडेंट्स ने नृत्य, संगीत आदि की प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। पीबीबीएससी प्रथम वर्ष की स्टुडेंट्स- जॉली वार्ष्णेय, साक्षी शर्मा और रजनी यादव ने स्वागत नृत्य के संग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत की। पीबीबीएससी प्रथम वर्ष की तुलसी और रिया ने बालीवुड गीतों पर ग्रुप डांस की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। प्रथम वर्ष की शिवी ने सोलो डांस की प्रस्तुति देकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। मिस और मिस्टर फेयरवेल के निर्णायक मंडल में प्रो. सहर्ष वाल्टर और डॉ. शालिनी जोशी शामिल रहे। इससे पूर्व नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्राचार्या प्रो. जेसलीन एम., वाइस प्रिंसिपल प्रो. राम निवास आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शंखनाद किया। डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी ने कहा, यह विदाई केवल एक समारोह नहीं, बल्कि जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत है।

उन्होंने कहा, सफल नर्स वही होती है, जो सेवा, संवेदनशीलता और समर्पण की भावना के संग मरीजों की देखभाल करे। प्राचार्या प्रो. जेसलीन एम. ने स्टुडेंट्स की मेहनत, अनुशासन और उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा, कॉलेज का समय जीवन की अमूल्य धरोहर है, जो हमें जीवनभर प्रेरित करता है। उन्होंने स्टुडेंट्स को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और करुणा के संग आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा, नर्सिंग केवल एक करियर नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा का माध्यम है। कार्यक्रम में सुश्री एकजोत कौर, सुश्री अनुशी सिंह, श्री ऐलन सिंह आदि के संग-संग पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।







**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र पप्पू उर्फ धर्मेंद्र व पुत्रवधू श्रीमती मीरा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखल करती हूं व इनसे उत्पन्न संतानों को भी बेदखल करती हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती कुसमा पत्नी स्वर्गीय प्रर्थी सिंह निवासी ग्राम पंडिया थाना कुंदरकी, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र मौहम्मद दीन उर्फ गुड्डू को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मौहम्मद दीन उर्फ गुड्डू के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **मेराजउद्दीन पुत्र स्व. नसीरउद्दीन निवासी मौहल्ला जाहिदनगर करूला गली नम्बर-बी 7 थाना कटघर, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## जिला कारागार में महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के विकास पर समीक्षा बैठक आयोजित

**मुरादाबाद।** मा. उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश और शासन के निर्देशों के अनुपालन में जिला कारागार, मुरादाबाद में महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के समग्र विकास, स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी, मुरादाबाद ने की। इस दौरान प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रभारी वरिष्ठ जेल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय के बाल रोग विशेषज्ञ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में जिला कारागार में निरुद्ध पांच महिला बंदियों के साथ छह वर्ष से कम आयु के कुल पांच बच्चे रह रहे हैं। इनमें चार बालिकाएं और एक बालक शामिल है। समिति ने बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण, शिक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की।

अधिकारियों ने महिला बैरक का निरीक्षण कर बच्चों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में पाया गया कि कारागार परिसर में बच्चों के मनोरंजन एवं विकास के लिए चिल्ड्रेन पार्क और क्रेच जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। बच्चों के नियमित टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। कारागार में तैनात चिकित्सकों के साथ जिला चिकित्सालय के बाल रोग विशेषज्ञ समय-समय पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार उपलब्ध करा रहे हैं। बच्चों के संतुलित खान-पान और शैक्षिक आवश्यकताओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।समिति ने महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। साथ ही मा. उच्च न्यायालय के आदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कारागार प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों को ऐसा वातावरण दिया जाए जिससे उनके सर्वांगीण विकास में बाधा न आए और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा तथा संरक्षण मिल सके।

# शादी से लौट रहे परिवार की कार को ट्रक ने मारी टक्कर, बच्चे समेत छह घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दिल्ली नेशनल हाईवे पर मंगलवार को एक सड़क हादसे में शादी समारोह से लौट रहे परिवार के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मझोला थाना क्षेत्र में गागन नदी पुल के पास हुआ, जहां सड़क किनारे खड़ी पंचर कार में तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर पेड़ के नीचे बैठे परिवार के लोगों पर चढ़ गई।जानकारी के अनुसार सभी लोग रामपुर जिले के स्वार क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद अमरोहा जिले के हसनपुर लौट रहे थे। रास्ते में उनकी कार का टायर पंचर हो गया। इसके बाद परिवार ने कार को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। परिवार के दो सदस्य पंचर ठीक कराने चले गए, जबकि बाकी लोग सड़क किनारे पेड़ के नीचे बैठकर उनका इंतजार कर रहे थे।इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी कार में टक्कर मार दी। टक्कर के प्रभाव से कार आगे बढ़कर पेड़ के नीचे बैठे लोगों को कुचलती चली गई।



हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।सूचना मिलते ही यूपी-112 पीआरवी टीम मौके पर पहुंची और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकाला और उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।हादसे में घायल होने वालों में दीपिका, मानवी, लक्ष्मी, प्रिया, मनीषा और मयंक शामिल हैं। इनमें एक बच्चा भी बताया जा रहा है।

सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।पुलिस ने ट्रक और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसे के कारण कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उपनिरीक्षक योगेश कुमार मलिक बने निरीक्षक एसएसपी ने स्टार लगाकर दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद में पुलिस विभाग के लिए गौरव का क्षण रहा, जब उपनिरीक्षक योगेश कुमार मलिक को पदोन्नति प्राप्त कर निरीक्षक पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने उन्हें निरीक्षक पद के स्टार लगाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।पुलिस कार्यालय में आयोजित एक सादे लेकिन गरिमामय कार्यक्रम के दौरान एसएसपी ने कहा कि पदोन्नति किसी भी अधिकारी के उत्कृष्ट कार्य, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम होती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि निरीक्षक योगेश कुमार मलिक भविष्य में भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पेशेवर दक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए पुलिस विभाग की गरिमा को और अधिक बढ़ाएंगे।इस अवसर पर



उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी योगेश कुमार मलिक को बधाई दी तथा उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं व्यक्त कीं। पदोन्नति के बाद उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग द्वारा दिए गए इस सम्मान और विश्वास पर वह पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे तथा जनता की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सभी ने निरीक्षक योगेश कुमार मलिक को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### लाइनपार चौकी प्रभारी पर गिरी गाज एसएसपी ने किया निलंबित

**मुरादाबाद (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने मझोला थाना क्षेत्र की लाइनपार चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस) सौरभ सुमन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई उनके विरुद्ध लगाए गए गंभीर आरोपों के आधार पर की गई है। पुलिस विभाग से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह द्वारा प्रस्तुत आख्या में उपनि. रीक्षक सौरभ सुमन के कार्य व्यवहार और दायित्व निर्वहन को लेकर गंभीर टिप्पणियां दर्ज की गई थीं। जांच में उनके द्वारा अपने पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता तथा अकर्मण्यता प्रदर्शित किए जाने के आरोप सामने आए हैं।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आरोपों की गंभीरता को देखते हुए उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली-1991 के नियम 17(1)(ए) के प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए सौरभ सुमन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अनुशासनहीनता, लापरवाही और कर्तव्यों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विभागीय कार्यप्रणाली को पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है।निलंबन की अवधि के दौरान उपनिरीक्षक सौरभ सुमन विभागीय नियमों के अनुसार निर्धारित मुख्यालय से संबद्ध रहेंगे। मामले में आगे विभागीय जांच की प्रक्रिया भी जारी रहेगी, जिसके आधार पर आगामी कार्रवाई तय की जाएगी।

### घरौनी वितरण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बिलारी।** ग्राम नरुखेड़ा के ग्रामीणों ने नागरिक एकता परिषद के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी बिलारी को ज्ञापन सौंपकर स्वामित्व योजना के तहत लंबित घरौनी (भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र) शीघ्र वितरित कराने की मांग की। परिषद अध्यक्ष प्रेम कुमार एवं संस्थापक एडवोकेट आसिफ कमल के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि गांव के अधिकांश लोगों को अभी तक घरौनी प्राप्त नहीं हुई है, जिससे बैंक ऋण, विरासत और अन्य आवश्यक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने घरौनी की वर्तमान स्थिति स्पष्ट करने तथा शीघ्र वितरण की मांग उठाई। एसडीएम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में अमरपाल यादव, रमेश कुमार, दीनदयाल यादव, रवि शंकर रस्तोगी, मो. बिन आलम, लाल सिंह, वीर सिंह, महेंद्र, नवाब सिंह, अनिल गुप्ता, मनोज कुमार, हरि सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### तीन महीने का हक कागजों में, दो महीने का राशन थैले में!

**ठाकुरद्वारा।** एक ओर सरकार गरीबों को खाद्यान्न सुरक्षा देने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में राशन वितरण व्यवस्था सवालों के घेरे में है। आरोप है कि शासन के स्पष्ट आदेश के बावजूद राशन डीलर तीन माह के स्थान पर केवल दो माह का राशन वितरित कर रहे हैं। इससे राशन कार्ड धारकों में भारी नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा निर्धारित मात्रा में राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। लाभार्थियों को न केवल एक माह का राशन कम दिया जा रहा है, बल्कि जो राशन मिल भी रहा है, उसमें भी निर्धारित मानक से कटौती की जा रही है। ऐसे में गरीब परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने का संकट खड़ा हो गया है। राशन कार्ड धारकों का आरोप है कि मामले की शिकायत कई बार आपूर्ति निरीक्षक से की जा चुकी है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं। शिकायतों के बावजूद राशन डीलरों के रवैये में कोई बदलाव नहीं आया है। इससे लोगों के मन में यह सवाल उठने लगा है कि आखिर शिकायतों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। अखिल भारतीय किसान यूनियन के धर्मपाल सिंह , भारतीय किसान यूनियन के मंत्री हरीराज सिंह का कहना है कि जब शासन तीन माह का राशन भेज रहा है तो रास्ते में एक माह का राशन आखिर कहां गायब हो रहा है। लोगों के बीच यह चर्चा भी आम हो गई है कि बिना विभागीय संरक्षण के इतनी बड़ी अनियमितता संभव नहीं है। यही वजह है कि अब राशन वितरण प्रणाली की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। क्षेत्र के कार्ड धारकों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, कम राशन वितरण करने वाले डीलरों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा सभी पात्र लाभार्थियों को उनका पूरा राशन दिलाने की मांग की है। गरीबों के हिस्से का अनाज शायद रास्ते में ही कहीं डाइटिंग पर निकल जाता है। सरकारी रिकॉर्ड में राशन पूरा बंट जाता है, लेकिन गरीब की झोली तक पहुंचते-पहुंचते उसका वजन कम हो जाता है। सवाल यह है कि यह चमत्कार आखिर हो कैसे रहा है।

# झुलसे चेहरे से मुस्कान तकः सेव गर्ल ट्रस्ट के प्रयासों से बेटी अनमोल के जीवन में लौटी नई उम्मीद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से प्रेरित होकर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सेव गर्ल ट्रस्ट की अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल लगातार बेटियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही हैं। इसी क्रम में उन्होंने गंभीर रूप से झुलसी बेटी अनमोल के उपचार की प्रगति की जानकारी लेने के लिए वरिष्ठ प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. इंद्रवीर उपाध्याय से मुलाकात की।बेटी अनमोल का चेहरा एक दुर्घटना में गंभीर रूप से झुलस गया था, जिसके कारण उसे लंबे समय तक विशेष चिकित्सकीय देखभाल की आवश्यकता रही। सेव गर्ल ट्रस्ट और प्रिया अग्रवाल के प्रयासों से उसका उपचार पहले दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में डॉ. महेश मंगल के निर्देशन में कराया गया। इसके बाद मुरादाबाद में डॉ. इंद्रवीर उपाध्याय द्वारा उसका उपचार लगातार जारी रखा गया।डॉ. उपाध्याय ने बताया कि अनमोल के स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और उसका चेहरा पहले की अपेक्षा काफी हद तक ठीक हो चुका है। उन्होंने कहा कि आगे भी आवश्यक चिकित्सा प्रक्रिया जारी रहेगी।प्रिया अग्रवाल ने कहा कि बेटियों को केवल स्वास्थ्य सुविधाएं ही नहीं, बल्कि बेहतर शिक्षा और आत्मनिर्भर बनने के अवसर भी मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि सेव गर्ल ट्रस्ट अनमोल को उपचार के साथ-साथ शिक्षा और अन्य आवश्यक सहयोग भी उपलब्ध करा रहा है, ताकि वह भविष्य में सम्मानपूर्वक जीवन जी सके और अपने पैरों पर खड़ी हो सके।उन्होंने अनमोल के साहस और संघर्ष को प्रेरणादायक बताते हुए समाज से ऐसे बच्चों के सहयोग के लिए आगे आने की अपील की। इस अवसर पर रीना मल्होत्रा, पूजा अग्रवाल, श्वेता गुप्ता, दिव्या अग्रवाल और रेखा मदान सहित कई लोग उपस्थित रहे।



# दो घरों के ताले तोड़कर लाखों रुपये के आभूषण समेट कर ले गए चोर

**मूढ़ापांडे।** सोमवार की रात जीरो प्वॉइंट चौकी के गांव मिलक लक्ष्मीपुर कट्टई में चोरों ने ईद पर रिश्तेदारी में गए दो लोगों के घरों के मैन गेट के ताले तोड़कर लाखों



रुपए की नकदी और चार हजार रुपए का केश ले गए, चोरी की सूचना पर परिजन अपने घरों में पहुंचे तो अंदर कमरों के ताले टूटे पड़े थे जिसके बाद पीड़ितों ने मौके पर डायल 112 को बुलाया और थाने में दीन मोहम्मद पुत्र छिद्दा निवासी मिलक लक्ष्मीपुर कट्टई ने जीरो प्वॉइंट चौकी और थाना मूंढापांडे में तहरीर दी है,दूसरे पीड़ित नसीम पुत्र सईद निवासी मिलक लक्ष्मीपुर कट्टई के मैन गेट के ताले तोड़कर चार हजार रुपए की नकदी चोर ले गए वह भी अपनी ससुराल गए हुए थे,पीड़ित दीन मोहम्मद ने बताया कि उनके घर के मैन गेट का ताला तोड़कर चोरों ने घर में रखे बड़े लड़के की शादी के लिए बहु के लिए गहने -चार जोड़ी चांदी की चौने, चांदी के हाथ फूल,चार कड़े सोने के, एक जोड़ी सोने की वाली, सोने की गले की चौन, एक अंगूठी सोने की, दो सोने के गले के हार घर में रखे जिन्हें चोर चोरी कर ले गए, जबकि दोनों पीड़ितों के घर हाइवे से गांव में को जाने वाले मैन रास्ते में पड़ते हैं।

# गर्भपात के बाद महिला की मौत, पति समेत छह लोगों पर मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** दहेज उत्पीड़न और जबरन गर्भपात के आरोपों के बीच एक विवाहिता की मौत का मामला सामने आया है। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास-ससुर, ननद समेत दो चिकित्सकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रामपुर जनपद के थाना टांडा क्षेत्र स्थित गांव सेंधा निवासी देवदत्त ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पुत्री प्रियंका की शादी 22 फरवरी 2023 को ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव मानावाला निवासी विकास यादव के साथ हुई थी। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज और नकदी की मांग को लेकर प्रियंका का मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करने लगा था। शिकायत के अनुसार, 16 दिसंबर 2023 को प्रियंका ने एक पुत्री को जन्म दिया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष का रवैया नहीं बदला और उसे पुत्र न होने का ताना देकर प्रताड़ित किया जाता रहा। आरोप है कि कई बार उसके साथ मारपीट भी की गई। एक बार उसे घर से निकाल दिया गया, लेकिन बाद में समझौता होने पर वह पुनः ससुराल लौट गई। इसी दौरान वह दोबारा गर्भवती हो गई।

देवदत्त का आरोप है कि 26 मई को पति और अन्य परिजन प्रियंका को उत्तराखंड के काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भपात कराया गया। गर्भपात के बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, लेकिन समय पर समुचित उपचार नहीं कराया गया। बताया गया कि 27 मई को प्रियंका ने अपने मायके पक्ष को अपनी हालत की जानकारी दी। सूचना मिलने पर परिजन पहले ससुराल पहुंचे, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। बाद में उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतका के पिता का आरोप है कि बेटी की हालत गंभीर होने पर उसका पति अस्पताल छोड़कर फरार हो गया। उन्होंने गर्भपात कराने और लगातार की गई मारपीट को ही बेटी की मौत का कारण बताया है। पुलिस ने पति विकास यादव, ससुर राम सिंह, सास प्रवेश देवी, ननद सुशीला तथा काशीपुर के निजी अस्पताल से जुड़े डॉ. अरुण कुमार और डॉ. वी. कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विधान समिति की बैठक में कुंदरकी विधायक ने मुरादाबाद में

# मेडिकल कॉलेज और ब्लॉक स्तर पर विशेष कैंप की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आज लखनऊ में प्रतिनिहित विधायन समिति की बैठक सभापति राजीव सिंह उर्फ बब्बू भैया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सिंचाई विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में समिति सदस्य एवं कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि मुरादाबाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण और घनी आबादी वाला जनपद है। यहां लगभग 50 लाख नागरिक रहते हैं, फिर भी अब तक कोई राजकीय मेडिकल कॉलेज स्थापित नहीं है। गंभीर बीमारियों में लोगों को मेरठ, बरेली, लखनऊ, दिल्ली जाना पड़ता है। इससे मरीजों और परिजनों को आर्थिक, शारीरिक व मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से गरीब, किसान, मजदूर और ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिक समय पर इलाज नहीं ले पाते। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए आधुनिक सुविधाओं से युक्त



राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना जनहित में आवश्यक है। मुरादाबाद मंडल के अन्य जनपदों से भी बड़ी संख्या में मरीज यहां आते हैं, जिससे स्वास्थ्य संस्थानों पर दबाव बढ़ता है।

विधायक ने सिंचाई विभाग की समस्या रखते हुए बताया कि ग्राम मनकरा, मिलक, सहरिया में लगभग 1500 बीघा कृषि भूमि हर साल बरसात में जलभराव से प्रभावित होती है। इसका मुख्य कारण भीतखेड़ा एवं हिरनखेड़ा के रकबे में स्थित गूल की समय पर सफाई न होना है। पानी का प्रवाह बाधित होने से खेतों में पानी भर जाता है और फसलें नष्ट हो जाती हैं। उन्होंने बरसात से पहले गूल की सफाई कराने के लिए संबंधित को आदेशित करने की मांग की। विकास खंड स्तर पर विशेष कैंप की मांग कुंदरकी विधायक ने गरीब, निराश्रित महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ सहजता और समयबद्ध तरीके से देने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा विकास खंड स्तर पर विशेष कैंप लगवाने की भी मांग की।बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिहित विधायन समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# 72 घंटे से ठप बिजली आपूर्ति 25 गांवों में हाहाकार

## पेयजल संकट गहराया, इनवर्टर जवाब दे गए, भीषण गर्मी में लोग बेहाल

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के करीब 25 गांवों में पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमराई हुई है। लगभग 72 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी के बीच बिजली न मिलने से लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है, जबकि इनवर्टर और बैटरियां भी जवाब दे चुकी हैं। क्षेत्र के गांव गोपी वाला , निर्मलपुर, कालेवाला, मा धोवाला, कमालपुरी , फ सिया पूरा , वंकावाला, पंडितपुर, रघुनाथपुर, लोगी कला, वादर झल्ला, नहनूवालासहित 25 गांव से अधिक ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग समस्या के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है। कई गांवों में नलकूप और सबमर्सिबल पंप बंद पड़े हैं, जिसके चलते लोगों को पीने के पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है। महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। बिजली गुल रहने से घरों में अंधेरा पसरा हुआ है। रात के समय गर्मी और उमस के कारण लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है। बुजुर्ग, बच्चे और बीमार व्यक्ति सबसे अधिक प्रभावित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बिजली न मिलने से मोबाइल फोन चार्ज करना भी मुश्किल हो गया है, जिससे लोगों का संपर्क व्यवस्था से भी जुड़ाव प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के कई लाइनमैनों के मोबाइल फोन बंद आ रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को समस्या की जानकारी देने और समाधान की स्थिति जानने में दिक्कत हो रही है।

लोगों का कहना है कि बिजली विभाग के अधिकारियों से भी संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है।क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो वे बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप कर बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी के इस दौर में लगातार तीन दिन तक बिजली गुल रहना विभागीय लापरवाही को दर्शाता है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो जनाक्रोश और बढ़ सकता है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा पुराना नाम TAUFEEK पुत्र MOHD.YAMEEN था। अब मैंने अपना नाम बदलकर TAUFEEQ पुत्र MOHD. YAMEEN रख लिचा है। भविष्य में मुझे इसी नास से जाना जाए। निवासी ग्राम मोहम्मद अलीपुर लालमन उर्फ रामसहायवाला शेरकोट जिला बिजनौर।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र एहतेशाम व उसकी पत्नी अक्शा के अमर्यादित आचरण के कारण इन दोनों से अपने समस्त सम्बंध समाप्त कर इन दोनों को अपनी समस्त चल/अंचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके अच्छे बुरे कार्यो के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी ओर मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होंगी। **मौ० तोफीक पुत्र मौ० रफीक मौहल्ला नेजो सराय अफजलगढ़ तहसील धामपुर (बिजनौर)।**

**नाम परिवर्तन सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMAD. SUAIV पुत्र MOHAMMAD. SULEMAN था। अब मेने अपना नाम बदलकर MOHD SHUAIB पुत्र MOHAMMAD SULEMAN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। VILL. MUSAPAPURTA-JYAB-POST SHERKOT जिला बिजनौर।

# चार जून को होने वाली रालोद की विशाल जन सभा एवं महारैली की तैयारियां जोरों पर

## पूर्व विधायक विजय यादव और जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी ने लिया जनसभा स्थल का जायजा





**ठाकुद्वारा।** नगर के सनातन धर्म हिन्दू इंटर कॉलेज के मैदान में आगामी 04 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) की विशाल जनसभा एवं महारैली की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लगातार तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी ने अन्य पदाधिकारियों के साथ जनसभा स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर मंच, टेंट, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पूर्व विधायक विजय यादव ने कहा कि 04 जून को आयोजित होने वाली जनसभा एवं महारैली में क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों के पहुंचने की संभावना है। इसे लेकर पार्टी संगठन के साथ पूर्व विधायक पूरी तरह सक्रिय है तथा सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता हाजी मुख्तार सैफी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को ऐतिहा. सिक एवं सफल बनाने के लिए पूरी ताकत के साथ जुटने का संकल्प लिया। रालोद पदाधिकारियों का कहना है कि यह जनसभा क्षेत्र की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

# ओपनिंग में सूर्यवंशी के साथ कोहली

■ एक ऐसी सीरीज जिसमें यकीन करना मुश्किल हो, सूर्यवंशी ने दूसरे नम्बर के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज से 44 रन ज्यादा बनाए

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से सबको प्रभावित करने वाले राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में चुना गया है। उनके साथ ओपनिंग में उनका जोघेदार विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की रन मशीन विराट कोहली को बनाया गया है।



टीम ऑफ द टूर्नामेंट वैभव सूर्यवंशी :पारियां 16 (रन 776) स्ट्राइक रेट 237.30 औसत 48-50 (1ग100/ 5ग50 टीम में चुनने के लिए इससे आसान घ्सला शायद ही कोई और हो सकता था। एक ऐसी सीरीज जिसमें यकीन करना मुश्किल हो, वैभव सूर्यवंशी ने दूसरे नम्बर के सबसे बेहतरीन बल्लेबा से 44 रन घ्डादा बनाए, उनका स्ट्राइक रेट 23 पॉइंट बेहतर था और उन्होंने दूसरों के मुकाबले 29 छक्के ज्यादा लगाए। रन और रफ्तार की गिनती तो देख ली, अब घ्रा खेल की क्वालिटी भी देखिए: चैंपियन टीम के खिलाफ 202 रनों का पीछा करते हुए सिर्फ 26 गेंदों पर 78 रन ठोक दिए, सिर्फ 36 गें. दों में शतक जमाया, करो या मरो वाले एक बेहद जरूरी मैच में 221 रनों का पीछा करते हुए 38 गेंदों पर 93 रन बनाए, अपने पहले प्लेऑफ मैच में सिर्फ 29 गेंदों पर 97 रन की तूफानी पारी खेली और फिर क्वालीफायर 2 में जहां एक तरफ लगातार विकेट गिर रहे थे, वहां उन्होंने 47 गेंदों पर 96 रनों की शानदार पारी खेली। उम्र चाहे जो भी हो और मंच चाहे जितना बड़ा, यह वाकई हैरान कर देने वाला प्रदर्शन है। विराट को. हली: पारियां 16 (रन 675) स्ट्राइक रेट 165-84 औसत 56-25 1ग100/5ग50 उम्र और तघ्र्बे के दूसरे छोर पर खड़े विराट कोहली ने एक बार फिर अपना वही पुराना अंदाघ दिखाया जिसके लिए वे जाने जाते हैं। लगातार चौथे सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाए।

लेकिन इससे भी ज्यादा हैरान करने वाली बात यह थी कि उन्होंने अपना एक ऐसा रूप दिखाया जो पहले कभी नहीं देखा गया था: धीमे खेल की जगह उन्होंने तूफानी रफ्तार को चुना, लगभग हर दूसरी गेंद पर बाउंड्री लगाने की कोशिश की और पावरप्ले में विरोधी टीम पर हावी रहे। इस सीजन में जहां पावरप्ले जीतना सबसे अहम था, कोहली ने पहले छह ओवरों में 175 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इस दौर में 200 से घ्डादा रन बनाने वाले 16 अन्य बल्लेबाघें में से सिर्घ् पांच ही उनसे बेहतर कर पाए। सीजन का आघ्रिी मैच उन्होंने आईपीएल में अपने सबसे तेज अर्धशतक के साथ घ्त्म किया।

वह आईपीएल में 77 बार 50 या उससे ज्यादा का स्कोर बना चुके हैं। और हां, वह 37 साल के हैं। इशान किशन (विकेटकीपर) :पारियां 15 ( रन 602) स्ट्राइक रेट 182-42 ( औसत 40-13) 6ग50 द्य कैच/स्टंप 9/1 रजत पाटीदार (कप्तान) : पारियां 15 (रन 501) स्ट्राइक रेट 192.69 (औसत 41-75) 5ग50 हेनरिक क्लासेन पारियां 15 ( रन 624 (स्ट्राइक रेट 160-00 ( औसत 48-00 (6ग50 नीतीश कुमार रेड्डी : मैच 14) रन 302 ( स्ट्राइक रेट 171-59 (विकेट 8 ( इकॉनमी 10-41 क्रुणाल पंड्या : मैच 16 ( रन 226 (स्ट्राइक रेट 145-80) विकेट 14 (इकॉनमी 8-41 सुनील नारायण : मैच 13 (विकेट 15 (इकॉनमी 6-64 ( औसत 22.60 जोफ्रा आर्चर : मैच 16 ( विकेट 25 (इकॉनमी 9.31 (औसत 22-36 भुवनेश्वर कुमार : मैच 16 (विकेट 28 (इकॉनमी 7.95 (औसत 17-89 कगिसो रबाडा : मैच 17 (विकेट 29) इकॉनमी 9-68 ( औसत 21-58 साकिब हुसैन : मैच 11 ( विकेट 15 ( इकॉनमी 9-45 ( औसत 26-46 आरसीबी की जीत के बाद वृंदावन पहुंचे विराट-अनुका, प्रेमानंद महाराज से लिया आशीर्वाद मथुरा।

# श्रीराम बालाजी पुरुष युगल के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचे

**पेरिस, वार्ता।** भारत के श्रीराम बालाजी और उनके ब्राजीलियाई जोड़ीदार मार्सेलो डेमोलिनर ने सोमवार को फ्रेंच ओपन के मेन्स डबल्स क्वार्टर-फाइनल में धमाकेदार एंट्री की।

उन्होंने जर्मनी के छठी वरीयता प्राप्त केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी को हराया। इस साल रौलां गैरो में बिना किसी वरीयता के खेल रहे भारतीय टेनिस खिलाड़ी और मार्सेलो डेमोलिनर की जोड़ी ने, राउंड ऑफ 16 के मैच में जर्मनी के दो ग्रैंड स्लैम विजेताओं को हराने में 1 घंटा 25 मिनट का समय लिया। उन्होंने 7-5, 6-4 से यह उलटफेर भरी जीत हासिल की। जर्मनी की अनुभवी टेनिस जोड़ी पर मिली इस जीत के साथ ही, 36 साल के श्रीराम बालाजी ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। जर्मनी की यह जोड़ी पिछले महीने मोंटे-कार्लो मास्टर्स जीतकर पेरिस पहुंची थी। सेमी-फाइनल में जगह बनाने के लिए, भारत-ब्राजील की यह जोड़ी अब दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन के हेनरी पैटन और फनिलैंड के हैरी हेलियोवारा की जोड़ी से भिड़ेगी। पहले सेट के दूसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बाद बालाजी और डेमोलिनर पर शुरुआत में ही दबाव आ गया था। हालांकि, उन्होंने अगले ही गेम में विरोधी की सर्विस तोड़कर तुरंत वापसी की। जब सेट 5.5 की बराबरी पर था, तब बालाजी और डेमोलिनर ने 11वें गेम में निर्णायक बढ़त बनाई और फिर अपनी सर्विस बचाते हुए पहला सेट 7.5 से जीत लिया।

## खेल विशेष

### अफगानिस्तान टेस्ट के लिए आकिब नबी सहित छह खिलाड़ियों को बुलाया गया

**नई दिल्ली, वार्ता।** आकिब नबी, जो अफगानिस्तान टेस्ट के लिए टीम में जगह नहीं बना पाए थे, उन छह गेंदबाजों में से एक हैं जो नेट बॉलर के तौर पर भारतीय टीम से जुड़े हैं। ए गेंदबाज 6 जून से मुल्लांपुर में होने वाले मैच की तैयारी में टीम की मदद करेंगे। चुने गए नेट बॉलर: आकिब नबी, गुरजपनीत सिंह, प्रिस यादव, सारांश जैन, जीशान अंसारी, शिवांग कुमार। नबी के अलावा, इस लिस्ट में दो और तेज गेंदबाज हैं, युवा और प्रभावशाली प्रिस यादव और तमिलनाडु के गुरजपनीत सिंह। प्रिंस, जिन्होंने आईपीएल में तेजी से अपना नाम बनाया है, इस एकमात्र टेस्ट के बाद होने वाले वनडे मैचों के लिए भी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। स्पिन गेंदबाजों में, ऑफ-स्पिनर सारांश जैन के पास काफी अनुभव है। फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में, उन्होंने मध्य प्रदेश के लिए 52 मैचों में 181 विकेट लिए हैं। उनके एमपी के साथी खिलाड़ी, जिन्होंने अभी तक घरेलू क्रिकेट में रेड-बॉल (टेस्ट) डेब्यू नहीं किया है।

### श्रीराम फाइनेंस ने पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन के साथ साझेदारी की घोषणा की

**बेंगलुरु, वार्ता।** श्रीराम समूह की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) ने आज पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन (पीएसबी) के साथ प्रेजेंटिग प्रायोजक के रूप में अपनी साझेदारी की घोाणा की। इस सहयोग की घोाणा श्रीराम फाइनेंस के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन उमेश रेवंकर और भारत के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी तथा पीएसबी के संस्थापक पद्मश्री प्रकाश पादुकोण ने बेंगलुरु स्थित पादुकोण-द्रविड़ सेंटर ऑफ स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में की। इस साझेदारी के माध्यम से एसएफएल वित्तीय समावेशन और सामुदायिक विकास के जरिए राट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है। अब यह प्रतिबद्धता खेल और देशभर की जमीनी स्तर की प्रतिभाओं तक भी विस्तारित होगी। इस सहयोग के तहत भारत में पीएसबी के सभी मौजूदा और भविय के केंद्र श्रीराम फाइनेंस प्रेजेंट्स पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन नाम से संचालित होंगे। इस पहल का उद्देश्य देशभर में विभिन्न आयु वर्गों और उभरते खिलाड़ियों के लिए जमीनी स्तर पर संरचित बैडमिंटन प्रशिक्षण की पहुंच को और मजबूत करना है। साझेदारी की प्रमुख विशोताएं- नेमिग राइट्स: भारत में पीएसबी के सभी मौजूदा और भविय के केंद्र श्रीराम फाइनेंस प्रेजेंट्स पाद. ुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन नाम से संचालित होंगे। अपैरल स्पॉन्सरशिप: पीएसबी अकादमियों में खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ के बीच 2,000 से अधिक ब्रांडेड टी-शर्ट वितरित की जाएंगी।

# भारत के विजय शंकर एलपीएल में डेब्यू के लिए तैयार

■ वहीं, श्रीलंका के इंटरनेशनल खिलाड़ी अविका फर्नांडो सीजन 6 के ड्राफ्ट में कुल मिलाकर नम्बर 1 पिक के तौर पर उभरे

**कोलंबो, वार्ता।** भारत के ऑलराउंडर विजय शंकर लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) 2026 में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बनने के लिए तैयार हैं, क्योंकि उन्हें कैंडी रॉयल्स ने साइन किया है। वहीं, श्रीलंका के इंटरनेशनल खिलाड़ी अविका फर्नांडो सीजन 6 के ड्राफ्ट में कुल मिलाकर नम्बर 1 पिक के तौर पर उभरे, जब फ्रेंचाइजी ने इस टूर्नामेंट के बहुप्रतीक्षित छठे सीजन के लिए अपनी टीमें पूरी कर लीं।



17 जुलाई से 8 अगस्त तक होने वाली इस प्रतियोगिता से पहले हुए ड्राफ्ट में, सभी पांचों फेंचाइजी ने जाने-माने इंटरनेशनल सितारों, उभरते हुए विदेशी टैलेंट और श्रीलंका के प्रमुख क्रिकेटरों के मिश्रण से अपनी टीमों को मजबूत किया। इससे लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धी सीजन में से एक के लिए मंच तैयार हो गया है। एलपीएल 2026 ड्राफ्ट में पहली कुल मिलाकर पिक का अधिकार रखने वाली मौजूदा चैंपियन एससी जाफना किंग्स ने श्रीलंका के इंटरनेशनल खिलाड़ी अविका फर्नांडो को नम्बर 1 पिक के तौर पर चुनकर प्रक्रिया की शुरुआत की। किंग्स ने अनुभवी ऑलराउंडर डेविड वीस, अफगानिस्तान के ओपनर इब्राहिम जादरान और नेपाल के लेग-स्पिनर संदीप लामिछाने को शामिल करके अपनी टीम को और मजबूत किया। ए खिलाड़ी डुनिथ वेलालगे और भानुका राजपक्षे जैसे बड़े नामों के साथ जुड़ेंगे, क्योंकि फेंचाइजी अपने खिताब का बचाव करना चाहती है और प्रतियोगिता में अपनी सफल दौड़ को आगे बढ़ाना चाहती है। भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के लिए चर्चा का सबसे बड़ा विाय विजय शंकर की भागीदारी होगी, जिन्होंने 2019 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। यह अनुभवी ऑलराउंडर कैंडी रॉयल्स की एक मजबूत टीम में शामिल हो रहा है, जिसमें मोईन अली, वानिदु हसरंगा और एंजेलो मैथ्यूज जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। रॉयल्स ने ड्राफ्ट के जरिए रहमानुल्लाह गुरबाज, डैनियल सैम्स, कुसल परेरा और नुवान तुारा को शामिल करके अपनी लाइन-अप को और मजबूत किया। दूसरी ओर, कोलंबो कैप्स ने इंटरनेशनल खिलाड़ी मुजीब उर रहमान को शामिल करके अपनी लाइन-अप को मजबूत किया, जो उनके आइकॉन खिलाड़ियों जिमी नीशम, कुसल मेंडिस और कामिदु मेंडिस के पूरक के तौर पर काम करेंगे। दंबुला सिक्सर्स ने अपने साथ महेश थीक्षाना और फजलहक फारूकी जैसे साबित हो चुके मैच-विनर्स को जोड़ा है, साथ ही दिनेश चांदीमल और दुमंथा चमीरा जैसे बड़े नामों को भी शामिल किया है। वहीं, गाले गैलेंट्स ने अपनी टीम को श्रीलंका के कप्तान चरित असलंका और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वैन डेर डुसेन के साथ और मजबूत किया है, ए दोनों नए सीजन से पहले दासुन शनाका और ईशान मलिगा जैसे बड़े नामों के साथ टीम में शामिल हुए हैं। खिलाड़ियों के इस ड्राफ्ट ने अंतर्राट्रीय स्तर पर काफी दिलचस्पी जगाई है, जिसमें 21 देशों के 650 से ज्यादा विदेशी क्रिकेटरों ने चयन के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। यह इस बात को दिखाता है कि लंका प्रीमियर लीग की वैश्विक लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और यह इस क्षेत्र की सबसे बड़ी टी 20 प्रतियोगिताओं में से एक के तौर पर उभर रही है। लंका प्रीमियर लीग के छठे संस्करण में एससी जाफना किंग्स, कैंडी रॉयल्स, कोलंबो कैप्स, दंबुला सिक्सर्स और गाले गैलेंट्स की टीमें एक-दूसरे से मुकाबला करेंगी। यह टूर्नामेंट 'डबल राउंड-रॉबिन' प्रारूप में खेला जाएगा, जिसके बाद प्लेऑफ मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 17 जुलाई, 2026 को होगी और इसका समापन 8 अगस्त, 2026 को खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले के साथ होगा। ओसाका को हराकर सबालेंका क्वार्टरफाइनल में पेरिस। शीर्ा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने सोमवार को फ्रेंच ओपन के महिला सिगल्स क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए जापान की नाओमी ओसाका को हराया, जबकि तीन इताल. वी खिलाड़ी पुरु सिगल्स के अंतिम आठ में पहुंच गए।

# टिम डेविड पर मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया

■ डेविड को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया

**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज टिम डेविड पर उनकी मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया है और उन्हें दो डिमेरिट पॉइंट भी दिए गए हैं।



यह कार्रवाई नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के फाइनल मैच के दौरान खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए की गई है। डेविड को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो मैच के दौरान किसी खिलाड़ी, टीम अधिकारी, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य तीसरे व्यक्ति पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट के किसी अन्य उपकरण, जैसे पानी की बोतल) फेंकने से संबंधित है। यह घटना पहली पारी के 10वें ओवर में हुई, जब एक विकेट गिरने के बाद, डेविड ने अंपायर नितिन मेनन की दिशा में आक्रामक तरीके से एक आइस बैग फेंका। डेविड ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी, जवागल श्रीनाथ द्वारा लगाए गए दंड को मान लिया। यह इस सीजन में डेविड का तीसरा लेवल 1 का अपराध था( उन्होंने अपना पहला अपराध मैच 20 (एक डिमेरिट पॉइंट) में और दूसरा अपराध मैच 54 (दो डिमेरिट पॉइंट) में किया था।

# रजत पाटीदार का सामना माधव तिवारी से

**इंदौर, वार्ता।** मध्य प्रदेश के सबसे बड़े क्रिकेट आयोजनों में से एक आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी-20 सिंधिया कप के नए सीजन का इंतजार अब लगभग खत्म हो चुका है। 3 जून से ऐतिहासिक होलकर स्टेडियम में शुरू होने जा रहे इस टूर्नामेंट को लेकर पूरे इंदौर में उत्साह का माहौल है। राज्य भर की शीर्ा क्रिकेट प्रतिभाएं आने वाले हफ्तों में रोमांचक मुकाबलों के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में अनुभवी ग्वालियर चीताज का सामना नई टीम उज्जैन फाल्कन्स से होगा। दोनों टीमें अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेंगी, ऐसे में क्रिकेट प्रेमियों को रोमांच से भरपूर मुकाबले की उम्मीद है। ग्वालियर चीताज को दो बार के आईपीएल विजेता कप्तान रजत पाटीदार की मौजूदगी से मजबूती मिलेगी, जबकि उज्जैन फाल्कन्स के पास युवा और प्रतिभाशाली ऑलराउंडर माधव तिवारी होंगे, जिन्होंने आईपीएल 2026 में लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। ग्वालियर चीताज के पूर्व मुख्य कोच और वर्तमान में उज्जैन फाल्कन्स से जुड़े सुनील धोलपुरे ने मध्य प्रदेश लीग को युवा क्रिकेटरों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताते हुए कहा, एमपीएल ने युवा क्रिकेटरों के लिए एक शानदार मंच तैयार किया है। पहले खिलाड़ियों को क्लब क्रिकेट, जिला टूर्नामेंट, संभागीय प्रतियोगिताओं और राज्य स्तरीय कैंपों से होकर गुजरना पड़ता था, तब जाकर उन्हें पहचान मिलती थी। एमपीएल ने इस प्रक्रिया को बदल दिया है और खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच उपलब्ध कराया है, जहां वे दबाव की परिस्थितियों में चयनकर्ताओं, स्काउट्स और फेंच. इजी टीमों के सामने अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। यह लीग युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खुद को साबित करने और अपने क्रिकेट करियर को नई दिशा देने का अवसर देती है। उन्होंने आगे कहा कि, हम अपनी टीम में माधव तिवारी जैसे खिलाड़ी को पाकर बेहद खुश हैं। उन्होंने आईपीएल 2026 में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है और कम उम्र में ही अपनी शानदार क्षमता का परिचय दिया है। हमें पूरा विश्वास है कि वह एमपीएल में भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखेंगे और इस सीजन टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# साईराज बहुतुले भारतीय टीम में स्पिन-बॉलिंग कोच के तौर पर शामिल हुए

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** भारत के पूर्व लेग-स्पिनर साईराज बहुतुले, न्यू चंडीगढ़ में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले, पुरुों की टीम में स्पिन-बॉलिंग कोच के तौर पर शामिल हो गए हैं। 53 साल के बहुतुले व्हाइट-बॉल क्रिकेट में भी भारत के स्पिनरों के साथ काम करेंगे।

बहुतुले का सबसे हालिया कार्यकाल आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के साथ था, जहां उन्होंने स्पिन-बॉलिंग कोच के तौर पर काम किया था। इससे पहले, वह केरल और बंगाल की पुरुों की टीमों के साथ भी रह चुके हैं। नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में शामिल होने से पहले, 2018 से 2021 तक वह राजस्थान रॉयल्स के सपोर्ट स्टाफ का भी हिस्सा थे। जब राहुल द्रविड़ हेड कोच थे, तब उन्होंने इंडिया 'ए' के असाइनमेंट और भारत की कुछ सीरीज के लिए सपोर्ट स्टाफ के तौर पर काम किया था, इसके बाद आईपीएल 2025 में वह एक और साल के लिए आरआर के साथ जुड़ गए थे। बहुतुले का इंटरनेशनल करियर उतार-चढ़ाव भरा रहा, उन्होंने 1997 में भारत के लिए डेब्यू किया और 2003 में अपना आखिरी मैच खेला। इन सालों के दौरान,



उन्होंने सिर्फ दो टेस्ट और आठ वनडे मैच खेले। हालांकि, घरेलू क्रिकेट में उनका प्रदर्शन शानदार रहा: लगभग 20 साल लंबे अपने करियर में, उन्होंने 188 फर्स्ट-क्लास मैचों में 630 विकेट और 143 लिस्ट 'ए' मैचों में अपनी लेग-स्पिन गेंदबाजी से 197 विकेट लिए। बहुतुले भारत के उस सपोर्ट स्टाफ में शामिल होंगे, जिसमें अभी कोई स्पिन-बॉलिंग कोच मौजूद नहीं है।

# सोबो मुंबई फाल्कन्स की टी-20 मुंबई महिला लीग में पहली ऐतिहासिक जीत

■ भारत की स्टार खिलाड़ी सायली सतघरे ने सोबो मुंबई फाल्कन्स की कमान संभालते हुए तीन विकेट लेकर टीम को आगे से लीड किया

**मुंबई, वार्ता।** मंगलवार को मुंबई क्रिकेट के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा गया, जब वानखेड़े स्टेडियम में पहली नुवामा प्राइवेट टी-20 मुंबई महिला लीग शुरू हुई।

भारत की स्टार खिलाड़ी सायली सतघरे ने सोबो मुंबई फाल्कन्स की कमान संभालते हुए तीन विकेट लेकर टीम को आगे से लीड किया, उनकी टीम ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में ठाणे स्काई राइजर्स को 16 रनों से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। 174 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए, ओपनर मानसी पाटिल (46) ने लगातार अंतराल पर अपने साथियों के विकेट गिरने के बावजूद ठाणे स्काई राइजर्स के लिए जीत की उम्मीदें बनाए रखीं। महक पोकर (23, रिटायर्ड हर्ट) और साइमा ठाकोर (29) ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन वे इसे बड़ी पारी में नहीं बदल पाईं, वहीं, सतघरे की शानदार अगुवाई में फाल्कन्स के गेंदबाजों ने विपक्षी टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा। मैच के आखिरी पलों में, विकेटकीपर खुशी भाटिया ने सिर्फ 16 गेंदों में 28 रनों की जुझारू पारी खेली और गेंद को जोरदार तरीके से हिट करते हुए ठाणे की उम्मीदों को जिदा रखा। हालांकि, 19वें ओवर में उनके आउट होते ही स्काई राइजर्स की जीत की उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं और मैच पूरी तरह से फाल्कन्स के पक्ष में चला गया। इससे पहले, ठाणे स्काई राइजर्स कप्तान साइमा ठाकोर की शानदार शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही। साइमा ने टूर्नामेंट की पहली ही गेंद पर विकेट लेकर इतिहास रचा था और उसी ओवर में एक और विकेट भी चटकाया था। नौ कैच छूटने की गलतियों का फायदा उठाते हुए, सोबो मुंबई फाल्कन्स ने हली गाला (45 नाबाद) की तूफानी पारी की बदौलत मैच में वापसी की( उन्हें रिया चौधरी (43), सिमरन शेख (30) और सारिका कोली (26) का भी अहम सहयोग मिला, जिसकी बदौलत टीम ने 20 ओव. रों में 173/6 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। सोमवार को खेले गए पुरुों के टूर्नामेंट के पहले दिन, आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबअर्ब और मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स के बीच एक बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। यह मैच 'सुपर ओवर' में जाकर तय हुआ, जिसमें सिद्धेश लाड की कप्तानी वाली रॉयल्स टीम ने बाजी मारी। जब दोनों टीमों ने अपने-अपने 20 ओवरों के आखिर में एक जैसा 165 का स्कोर बनाया, तो मैच सुपर ओवर में चला गया।

## जनसुविधाओं की जांच में छह पेट्रोल पंपों पर मिलीं कमियां, कार्रवाई के निर्देश



**चन्दौसी।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग द्वारा जनपद के पेट्रोल पंपों पर आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जांच कराई गई। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारियों एवं पूर्ति निरीक्षकों की टीम ने 01 जून 2026 को जनपद के 22 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुफ्त हवा एवं पानी की व्यवस्था, पुरुष एवं महिला शौचालयों की स्वच्छता, दिव्यांगजन रैंप, वॉश बेसिन, 'नो हेलमेट-नो फ्यूल' बैनर तथा पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता सहित विभिन्न बिंदुओं की जांच की गई। जांच में छह पेट्रोल पंपों पर विभिन्न प्रकार की कमियां पाई गईं। मैसर्स ललतेश फिलिंग स्टेशन, बबराला-चन्दौसी रोड पर दिव्यांगजन रैंप नहीं मिला। मैसर्स गुन्नौर फिलिंग स्टेशन, गुन्नौर पर मुफ्त हवा और पानी की व्यवस्था नहीं थी तथा शौचालयों में दिव्यांगजन रैंप और वॉश बेसिन भी उपलब्ध नहीं थे। मैसर्स हाजी हशमत हुसैन बदर हुसैन पेट्रोल पंप, नगर सम्भल और मैसर्स आमिर फिलिंग स्टेशन, नगर सम्भल पर शौचालयों में दिव्यांगजन रैंप नहीं पाए गए। वहीं मैसर्स डी.एन. फिलिंग स्टेशन, बहजोई तथा मैसर्स बालाजी फिलिंग स्टेशन, चन्दौसी पर साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग ने बताया कि जिन पेट्रोल पंपों पर कमियां पाई गई हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने हेतु संबंधित तेल कंपनियों के बिक्री अधिकारियों को पत्र भेजा जा रहा है। प्रशासन द्वारा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

## ईद-उल-जुहा पर बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय सम्मानित



**चन्दौसी।** ईद-उल-जुहा के अवसर पर नगर पालिका परिषद चन्दौसी द्वारा की गई उत्कृष्ट सफाई एवं पेयजल व्यवस्था के लिए जनता जागरूक समिति ने पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय को उनके कार्यालय में सम्मानित किया। समिति के संस्थापक अध्यक्ष शाह आलम मंसूरी ने कहा कि इस वर्ष ईद-उल-जुहा के मौके पर नगर पालिका द्वारा सफाई और पानी की व्यवस्था के लिए किए गए प्रयास सराहनीय रहे। उन्होंने पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, अधिशासी अधिकारी तथा समस्त पालिका कर्मियों को बधाई देते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की। शहर काजी मरगूब अहमद ने कहा कि ईद के दौरान नगर में कहीं भी गंदगी या कूड़े के ढेर दिखाई नहीं दिए। नगर पालिका की ओर से विभिन्न स्थानों पर ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी की तैनाती की गई थी, जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावी बनी रही। हाफिज मतीन अशरफी ने कहा कि चन्दौसी के इतिहास में पहली बार ईद के अवसर पर इतनी बेहतर सफाई व्यवस्था देखने को मिली है। वहीं उमेर शमसी ने पालिकाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गुलाम साबिर, बाबा अत्ताउररहमान पाशा, रुमान चौधरी, काजी मरगूब अहमद, हाजी कलीम, नजर मोहम्मद, पूर्व सभासद मोहम्मद अनस, सुफियान, रियाज अहमद, हाफिज मतीन अशरफी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम से जुड़ी महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्र में चौपाल आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, स्वावलंबन एवं अधिकारों से



संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही एंटी रोमियो टीम ने बाजारों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों एवं धार्मिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम 1930, एम्बुलेंस 108 सहित अन्य सेवाओं के पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

## सड़क दुर्घटना के मामले में डेढ़ माह बाद एसएसपी के आदेश से मुकदमा दर्ज

कांठ (शाह टाइम्स) सड़क दुर्घटना होने के डेढ़ माह वाद पुलिस को एसएसपी के आदेश से मुकदमा दर्ज करना पड़ा है। घटना 15 अप्रैल की है नीतू पत्नी सोनू निवासी हसनपुर पालकी थाना स्योहारा का कहना है कि वह 15 अप्रैल को अपने चार माह के पुत्र सिवान के साथ भाई रितिक पुत्र बृजपाल की मोटरसाइकिल पर बैठकर भीकनपुर से ससुराल जा रही थी जैसे ही पतंजलि मेडिकल के सामने पहुंचे तभी एक दूसरे बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी जिसमें भाई उसका पुत्र और वह घायल हो गए और वहीं से गुजर रहे ट्रैक्टर की चपेट में भी आ गए महिला का आरोप है कि बाइक का चालक उसके दोनों पैरों को कुचलता हुआ आगे निकल गया राहगीरों की मदद से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन करके दाहिना पैर काट दिया और दूसरे पैर में राड डाल दी दूसरा पैर भी घुटनो तक काला पड़ गया है और सूख रहा है।

जिसके ऑपरेशन की प्रक्रिया चल रही है इस दुर्घटना में भाई रितिक और सिवान को भी चोट आई है एसएस पी के आदेश से छजलेट पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## पुलिस ने एक वारंटी और दो का किया शांतिभंग में चालान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** पुलिस ने एक वारंटी और दो को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर चालान किया है शाहपुर निवासी सरफराज पुत्र



कलुआ 2022 के मुकदमे में वारंटी चल रहा था इसके अलावा सलेमपुर गांव निवासी रिजवान पुत्र फरीदुद्दीन मोहम्मद अयाज पुत्र फरीदुद्दीन को शांति भंग में गिरफ्तार कर संबंधित अदालतों में पेश किया है।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिवार में मचा कोहराम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** थाना बहजोई क्षेत्र के कस्बे में एक युवक ने घर के कमरे में पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार में को. हराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक प्रतीक कुमार गुप्ता (30 वर्ष) पुत्र प्रमोद कुमार गुप्ता घर पर अकेला था। उसके पिता प्रमोद कुमार गुप्ता अधिवक्ता हैं और रोज की तरह चन्दौसी कचहरी में प्रैक्टिस करने गए हुए थे। मृतक का बड़ा भाई हिमांशु गुप्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई में नेत्र चिकित्सक के पद पर कार्यरत है तथा मुरादाबाद में रहता है। मृतक की माता भी बड़े बेटे के साथ मुरादाबाद में रहती हैं। बताया जाता है कि घर में अकेले होने के दौरान प्रतीक कुमार गुप्ता ने किसी समय दुपट्टे का फंदा बनाकर जान दे दी। काफी देर तक कोई हलचल न होने पर घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिजनों के अनुसार मृतक अविवाहित था। करीब 15 दिन पूर्व उसने कलेक्ट्रेट के सामने समोसा-पकौड़ी की दुकान शुरू की थी और अपने कारोबार को जमाने में जुटा हुआ था। उसकी अचानक मौत से परिवार, रिश्तेदारों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई है।पुलिस का कहना है कि मृत्यु के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दबंगई के बल पर जमीन कब्जाने का आरोप, पीडित ने पुलिस से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना क्षेत्र के ग्राम बुद्धनगर खण्डुवा निवासी कुंवरपाल पुत्र बाबूराम ने गांव के ही एक दंपति पर दबंगई के बल पर जमीन कब्जाने का प्रयास करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली चन्दौसी में तहरीर दी है। कुंवरपाल ने बताया कि वह ग्रेटर नोएडा की एक निजी फर्म में नौकरी करता है, जबकि उसका मकान और जमीन गांव में स्थित है। आरोप है कि गांव निवासी रामनिवास पुत्र मटरू, जो अक्सर शराब के नशे में रहता है, लंबे समय से उसे गाली-गलौज और धमकियां देता आ रहा है।

पीडित के अनुसार 1 जून की शाम करीब 4.30 बजे रामनिवास अपनी पत्नी के साथ लाठी-डंडे लेकर उसके घर पहुंचा और अभद्रता करते हुए गंभीर मुकदमे में फंसाने तथा जेल भिजवाने की धमकी दी। साथ ही जमीन पर जबरन कब्जा करने की बात भी कही। पीडिघ्त ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## तीन साल में भी पूरा नहीं हुआ 36बी रेलवे ओवरब्रिज, जाम से बेहाल शहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शहर के 36बी रेलवे फाटक पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज लोगों के लिए राहत के बजाय परेशानी का कारण बनता जा रहा है। करीब तीन वर्ष पहले शुरू हुआ ओवरब्रिज निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है, जिससे शहरवासियों को रोजाना भारी जाम का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य की धीमी गति पर लोग सवाल उठा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या को लेकर उदासीन नजर आ रहे हैं। 36बी फाटक पर निर्माण कार्य के चलते अधिकांश यातायात का दबाव 30बी रेलवे फाटक पर आ गया है। चन्दौसी रेलवे जंक्शन से प्रतिदिन 15 से अधिक ट्रेनों का संचालन होता है, जिसके कारण फाटक बार-बार बंद रहता है। सुबह 10 बजे के बाद लगातार कई ट्रेनों के आवागमन से कई बार फाटक लंबे समय तक बंद रहता है और एक-एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थिति इसलिए भी गंभीर है क्योंकि शहर का रोडवेज बस स्टैंड अंदरूनी क्षेत्र में स्थित है। अलीगढ़, नोएडा, मुरादाबाद,



बदायूं, बिसौली सहित विभिन्न शहरों से आने-जाने वाली बसें इसी मार्ग से गुजरती हैं। वहीं मालगोदाम रोड पर बढ़ते अतिक्रमण ने समस्या को और विकराल बना दिया है। सड़क संकरी हो चुकी है और फाटक खुलने के बाद भी वाहनों को निकलने में काफी समय लग जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज का निर्माण समय पर पूरा हो जाता तो शहर को जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती थी। लेकिन तीन साल बाद भी परियोजना अधूरी है और आम जनता इसकी कीमत रोजाना समय, ईंधन और मानसिक परेशानी के रूप में चुका रही है। लोगों का आरोप है कि जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी इस समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। यदि निर्माण कार्य की नियमित निगरानी होती और तय समयसीमा का पालन कराया जाता तो शहर को इस बदहाल स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। अब शहरवासियों की मांग है कि ओवरब्रिज निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कराया जाए और मालगोदाम रोड से अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए।

## अटबा में पन्द्रह दिन से बिजली न मिलने पर महिलाओं ने बिजली घर पहुंच कर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव अटबा में बीते पन्द्रह दिनों से ग्रामीणों को बिजली नहीं मिल पा रही थी जिससे मंगलवार को गांव की लाइन सही करके विधुत आपूर्ति बहाल करने तक बिजलीघर बंद रखने की मां मांग कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले पन्द्रह दिनों से हमारे गांव अटबा में



ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया और महिलाओं सहित ग्रामीणों ने बिजली घर डारनी पहुंचकर प्रदर्शन किया तथा वहां अन्य गांवों की विद्युत आपूर्ति भी बंद करा दी। ग्रामीणों ने बिजली कर्मचारियों से पहले अटबा लगभग आधे गांव की विद्युत आपूर्ति बंद पड़ी है जिससे पचास से साठ घरों में अंधेरा छाया हुआ है, बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं तथा गर्मी में पंखा आदि उपकरण नहीं चल पाने से बच्चे बुजुर्ग आदि सभी लोग गर्मी से बेहाल हैं, मोबाइल चार्जिंग के लिए भी इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। फोन पर अबर अभियंता से बात करने पर तत्काल तीन कर्मचारियों को भेजकर लाइन सही कर विधुत आपूर्ति बहाल करने के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुये और अन्य गांवों की विद्युत आपूर्ति शुरू हुई। लगभग आधा घंटा बिजलीघर डारनी से विधुत आपूर्ति बंद रही। प्रदर्शन करने वालों में ग्राम प्रधान मुन्नालाल, जोगेंद्र, विकास, केदार सिंह, रोबिन, राजीव, मनोज, श्रीपाल, बृजपाल, जितेंद्र, अंकित कुमार तथा सरोज, अनीता, नीलम, संतोष, नीलज, सोमवती, पिंकी, ओमवती, राजवती, अतरकली आदि महिलाएं शामिल रहीं। अवर अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों ने आधे गांव में बिजली नहीं पहुंचने की बात कही है जिसे सही करने के लिए तीन बिजली कर्मचारियों को तत्काल मौके पर भेजा गया है और शाम तक विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

## इंस्पेक्टर अनुज तोमर का स्थानांतरण भावभीनी विदाई

**चन्दौसी।** कोतवाली चन्दौसी में तैनात इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर का बरेली रेंज में स्थानांतरण होने पर सहकर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया तथा स्मृति चिह्न भेंट कर उनके कार्यकाल की सराहना की। विदाई समारोह में वक्ताओं ने कहा कि अनुज तोमर ने अपने कार्यकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उनके व्यवहार और कार्यशैली ने विभाग में एक सकारात्मक पहचान बनाई है। इस दौरान इंस्पेक्टर ने अपने सहकर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चन्दौसी में मिला सहयोग और स्नेह हमेशा उनकी स्मृतियों में बना रहेगा। उन्होंने सभी साथियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## 2027 चुनाव की तैयारी में जुटी सुभासपा, रवि चौधरी ने सपा और पूर्व जनप्रतिनिधियों पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के जिला कार्यालय पर मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष एवं मुरादाबाद देहात विधानसभा-27 के प्रभारी रवि चौधरी ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति और क्षेत्रीय मुद्दों पर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी और क्षेत्र के पूर्व जनप्रतिनिधियों पर जमकर हमला बोला।रवि चौधरी ने कहा कि चुनाव के समय जनता के बीच सक्रिय दिखाई देने वाले कई नेता चुनाव खत्म होते ही क्षेत्र से गायब हो जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों से जनता को विकास के नाम पर केवल आश्वासन मिले हैं, जबकि बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।उन्होंने बताया कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें विधानसभा-27 देहात का प्रभारी नियुक्त किया है, जिसके बाद संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2027 का चुनाव जनता के सम्मान, विकास और विश्वास का चुनाव होगा।प्रेस वार्ता में रवि चौधरी ने पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव नजदीक आते ही कुछ नेता जनता के हितैषी बनने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब उन्हें अवसर मिला था तब क्षेत्र में बिजली, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए अपेक्षित कार्य क्यों नहीं किए गए।सुभासपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी एनडीए गठबंधन का हिस्सा है और गठबंधन की सरकार बिना भेदभाव सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने प्रदेश में सड़क नेटवर्क, कानून व्यवस्था और विकास कार्यों को एनडीए सरकार की उपलब्धियां बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना की।मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए रवि चौधरी ने कहा कि यदि जनता उन्हें अवसर देती है तो वे विधानसभा की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने दावा किया कि विकास, शिक्षा, रोजगार और जनहित के मुद्दों पर काम कर विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश के अग्रणी क्षेत्रों में शामिल किया जाएगा।

## रामगंगा नदी की धारा बलपूर्वक मोड़ने का विरोध, 50 गांवों पर मंडराया खतरा

**मुरादाबाद।** रामगंगा नदी की मुख्य धारा को बलपूर्वक सिकन्दरपुर पट्टी की ओर मोड़ने के प्रयास का ग्रामीणों ने विरोध किया है। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर नदी की धारा को प्राकृतिक प्रवाह में ही बहने देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में रामगंगा नदी ग्राम रूस्तमपुर बढ़मार, ऐतमाली से होते हुए नाजरपुर, लोधीपुर वासू, वीरपुर वरियार से गुजरकर कोसी नदी में मिल रही है। फसली वर्ष 1365 के अभिलेखों के अनुसार भी नदी की मुख्य धारा गोवर्धनपुर, नाजरपुर, लोधीपुर वासू, वीरपुर वरियार होकर बहती थी। अभी नदी रूस्तमपुर बढ़मार, ऐतमाली के रकवे से सीधे लोधीपुर वासु की तरफ बह रही है। आरोप है कि अब रूस्तमपुर बढ़मार के रकवे से सिकन्दरपुर पट्टी की तरफ रामगंगा की मुख्य धारा को बलपूर्वक मोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसे जनहित के खिलाफ बताया। उनका कहना है कि यदि नदी की धारा बदली गई तो करीब 50 गांव प्रभावित होंगे। इससे जान-माल, फसल व पशुधन की भारी हानि होगी। सरकारी सड़क, पुल व अन्य सार्वजनिक संपत्ति को भी नुकसान पहुंचेगा। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए रामगंगा नदी को वर्तमान प्राकृतिक मार्ग पर ही बहने दिया जाए। नदी की धारा को बलपूर्वक परिवर्तित करने के प्रयास पर तत्काल रोक लगाई जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि धारा मोड़ी गई तो बाढ़ व कटान से बड़े क्षेत्र में तबाही होगी। प्रशासन से इस मामले में कर जांच व कार्रवाई की मांग की गई है।

### एक नजर

## बिजली का करंट लगने से सगे भाई-बहन की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

**बहजोई।** थाना क्षेत्र के ग्राम बहापुर में मंगलवार दोपहर बिजली का करंट लगने से सगे भाई-बहन की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में कोहराम मच गया। गांव



बहापुर निवासी राशिद पुत्र शाहिद (25 वर्ष) दोपहर करीब 1 बजे घर में बिजली का तार ठीक कर रहा था। इसी दौरान उसे अचानक करंट लग गया, जिससे वह जोर से चीख पड़ा। राशिद की चीख सुनकर पास में खाना बना रही उसकी बहन गुड़िया उम्र 22 वर्ष उसे बचाने के लिए दौड़ी, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गई। दोनों को तड़पता देख परिजनों और पड़ोसियों ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बिजली की लाइन का तार तोड़कर किसी तरह दोनों को करंट के प्रभाव से अलग किया और तत्काल उपचार के लिए बहजोई के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक राशिद के ममेरे भाई हनीफ ने बताया कि राशिद दिल्ली में पुताई का कार्य करता था और ईद के अवसर पर घर आया हुआ था। राशिद चार भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था।

उससे छोटी उसकी बहन गुड़िया थी, जबकि तीन छोटे भाई मजदूरी का कार्य करते हैं। एक साथ भाई-बहन की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार ने इस मामले में किसी भी प्रकार की पुलिस कार्रवाई कराने से इनकार कर दिया है। गांव में घटना को लेकर शोक का माहौल बना हुआ है।

## एनपीपीए ने मधुमेय सहित 30 जरूरी दवाओं के दाम किए तय, नई कीमत दुकान पर चस्पा करेंगे मेडिकल स्वामी

**कांठ ( शाह टाइम्स )** राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने तीस जरूरी दवाओं की खुदरा कीमत तय कर दी है। इसमें विटामिन डी-3, ओरल सॉल्यूशन, कैल्शियम, विटामिन सप्लीमेंट, मधुमेह रोधी दवा, हृदय रोग की दवाओं के साथ अंग प्रत्यारोपण में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल हैं।केंद्रीय औषध विभाग रसायन और उर्वरक मंत्रालय के औषध विभाग द्वारा जारी इस आदेश के अनुसार एनपीपीए ने दवाओं की कीमत ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर 2013 के प्रावधानों के तहत तय की गई है। एनपीपीए ने कहा कि कुछ चुनिंदा फॉर्मुलेशन के लिए दवाओं की कीमत तय की गई है उन्हें नई दवा की श्रेणी में रखा गया है। आदेश में जिन दवा बनाने वाली और मार्केटिंग कंपनियों का नाम है उन पर ये आदेश लागू होगा। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि तय की गई कीमत में जीएसटी नहीं जोड़ा गया है।हड्डी रोग की दवाएं सस्ती: विटामिन-डी 3 ओरल सॉल्यूशन जिसमें कोलेकैल्शिफेरोल 60,000 आईयू नैनो ड्रॉपलेट शामिल है। इसकी कीमत 14.91 रुपये तय की गई है। हड्डी रोग, विटामिन की कमी और न्यूरो संबंधी समस्या में दिए जाने वाले फॉर्मुलेशन जैसे कैल्शियम, विटामिन-डी 3, मिथाइलकोबालामिन, एल मिथाइल फोलेट कैल्शियम व पायरीडोक्सल-5 स दवा विक्रेताओं को नई कीमत चस्पा करनी होगी। एनपीपीए ने मधुमेह रोगियों को दी जाने वाली जरूरी दवा की कीमत 11.91 रुपये तय की है। एटोरवास्टाटिन फेनोफाइब्रेट की प्रति टैबलेट कीमत 18.46 रुपये तय कर दी गई है। एलर्जी में दी जाने वाली दवा बिलास्टिन और मॉन्टेलुकास्ट की एक गोली की कीमत 21.22 रुपये तय कर दी गई है। एनपीपीए ने कहा है कि दवा बनाने वाली कंपनियों को तय कीमत के अनुसार ही पूरे पत्ते की कीमत तय करनी होगी। कंपनियों को कीमत फॉर्म-4 में इंटीग्रेटेड फॉर्मास्युटिक्ल डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम पर अपलोड करनी होगी।आदेश में एनपीपीए ने स्पष्ट कहा है कि खुदरा और थोक दवा विक्रेताओं को दवा की नई कीमत दुकान पर चस्पा करनी होगी। अगर कोई विक्रेता तय कीमत से अधिक पैसा वसूलता है तो कीमत पर ब्याज के साथ पैसा जमा करना होगा।

## यप परिवार ने ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल को किया विशाल भंडारा



**मुरादाबाद।** पावन ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगलवार के अवसर पर यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल परिवार के धार्मिक प्रकोष्ठ ने श्सेवा परमो धर्मश् के सिद्धांत पर चलते हुए सिद्ध मनोकामना मंदिर में विशाल भंडारा आयोजित किया।सभी सदस्य मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। सर्वप्रथम वीर हनुमान जी के समक्ष भोग-प्रसाद अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। हनुमान चालीसा का पाठ और आरती के पश्चात भोग-प्रसाद वितरण प्रारम्भ हुआ। नौतपा की भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में भक्तों और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। सभी ग्रुप सदस्यों ने इस सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया और सभी को आत्मिक आनंद की अनुभूति हुई।अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने सभी से आह्वान करते हुए प्रण लिया कि ष्सेवा परमो धर्मष के अंतर्गत पूरे ज्येष्ठ माह के सभी आठ बड़े मंगलवार को ऐसे ही धार्मिक कार्य एवं प्रसाद वितरण में वे अग्रसर रहेंगे।इस अवसर पर प्रेमबाला, सोनिया शर्मा, ज्योति, दीपा, निधि गोयल, पूनम, सारिका, संजना, सोनिया, अंशू, भावना गुप्ता, पूजा गोयल, रजनी मित्तल, रुचि गुप्ता, जूही, गीता, सोनिया पंवार, नेहा, चांदनी, अनामिका, श्वेता, कविता, पूनम आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## ससुराल में रह रहे व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मां ने हत्या का लगाया आरोप

**चन्दौसी।** ससुराल में रह रहे एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले में मृतक की मां ने कोतवाली चन्दौसी में तहरीर देकर बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है और निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, मृतक दीपक मूल रूप से



मृतक दीपक।

ग्राम खेमपुर, तहसील गवाना, जनपद अलीगढ़ का निवासी था। उसकी शादी वर्ष 2009 में हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। विवाह के बाद उसके चार बच्चे हुए। बताया जाता है कि दीपक पिछले करीब दो वर्षों से मौलागढ़ क्षेत्र में अपनी ससुराल के पास किराये के मकान में रह रहा था। मृतक की मां मुन्नी देवी के अनुसार, 25 मई की रात करीब 2:50 बजे ससुराल पक्ष की ओर से फोन कर सूचना दी गई कि दीपक ने आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर परिजन अगले दिन चन्दौसी पहुंचे और शव को अपने गांव ले जाकर पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया। मुन्नी देवी का आरोप है कि उनके बेटे की आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या की गई है। उन्होंने कोतवाली चन्दौसी में प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की गहन जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 3 जून 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# फिर बढ़ेगी महंगाई

केंद्र सरकार महंगाई रोकने में लगातार विफल होती आ रही है, जिसका असर आम आदमी पर हो रहा है, लेकिन अभी पेट्रोल डीजल की कीमतों में वृद्धि होने वाली है, जिसके कारण आने वाले महीनों में परिवहन एवं विनिर्माण लागत बढ़ सकती है और आम उपभोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है, जिससे अब लोगों की जेबें और खाली हो जाएंगी। सरकार का दावा है कि यह सब कुछ अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण है, लेकिन जनता का मानना है कि यह सब कुछ सरकारी दावे हैं, जिसके सापेक्ष देश में महंगाई नहीं बढ़नी चाहिए थी। सरकार ने पिछले महीने में तीन बार पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ाए, जिसके कारण देश के लोगों ने अपने वाहन न निकालकर अन्य साधनों का प्रयोग शुरू कर दिया है। परंतु एक रिपोर्ट में फिर से पेट्रोलिय पदार्थों के दामों में बढ़ोतरी की संभावना जताई गई है, जो लोगों को परेशान करने वाली होगी। रिपोर्ट कहती है कि 15 मई के बाद से पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है और अगर कच्चे तेल के दाम ऊंचे स्तर पर बने रहते हैं, तो यह बढ़ोतरी निकट भविष्य में 10 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच सकती है। क्रिसिल का कहना है कि इसका असर पूरी अर्थव्यवस्था में ढुलाई लागत में बढ़ोतरी के जरिये दिखेगा, जिससे खाने-पीने की चीजों और अन्य वस्तुओं की महंगाई दोनों बढ़ेंगी। ईंधन कीमतों में वृद्धि का सीधा असर महंगाई पर पड़ेगा। ईंधन कीमतों में 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी से खुदरा मुद्रास्फीति करीब 0.36 प्रतिशत बढ़ सकती है। अगर ईंधन कीमतें 10 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ जाती हैं, तो खुदरा महंगाई में करीब 0.48 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। कि ईंधन के दाम बढ़ने का सर्वाधिक प्रभाव सड़क परिवहन पर पड़ेगा, क्योंकि इसकी लागत का लगभग 42 प्रतिशत हिस्सा ईंधन पर निर्भर है। इससे माल ढुलाई महंगी हो जाएगी और इसका असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ेगा। देश में करीब 71 प्रतिशत माल ढुलाई सड़क मार्ग के जरिये ही होती है। ढुलाई लागत बढ़ने से दूधा, फल, दालें, चाय-काफी, मसाले, अंडे, मांस और मछली जैसे खाद्य उत्पादों की कीमतों में तेजी आ सकती है, क्योंकि ये बड़े पैमाने पर परिवहन नेटवर्क पर निर्भर हैं। कपड़ा, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, लकड़ी उत्पाद, सीमेंट और सिरेमिक जैसे क्षेत्रों में भी लागत बढ़ेगी।रसायन, कोयला और धातु क्षेत्र भी महंगाई की चपेट में आएंगे। ऐसी स्थिति में कंपनियां लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर डाल सकती हैं या उत्पाद की मात्रा में कटौती कर सकती हैं। सितंबर 2025 में जीएसटी दरों में की गई कटौती से कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन ऊंची ऊर्जा लागत के असर को यह पूरी तरह संतुलित नहीं कर पाएगी। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में कच्चे तेल की औसत कीमत 112 डॉलर प्रति बैरल रही है, जो पूरे वर्ष के अनुमान 95 डॉलर प्रति बैरल से अधिक है।

## सरकार के लिए भी एक खुली चुनौती



बदमाशों द्वारा मेरठ जिले में राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या समाज को झकझोर देने वाली है, अत्यंत दु:खद और चिंताजनक इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सकेगी, अनुष्का की आखिरी गति. विधियां आरोपी श्याम धानक के साथ दर्ज हुई थीं, इस तरह के घटनाक्रम न केवल पुलिस- प्रशासन के लिए चेतावनी होते हैं, अपितु सरकार के लिए भी एक खुली चुनौती के समान हैं।

**-सुश्री मायावती**
**अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों, वरिष्ठ स्तंभकारों और लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, यहां प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**
**( सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003 )**

# टूटते भरोसे के वेंटिलेटर पर देश की परीक्षा व्यवस्था





योगेश कुमार गोयल

**जब छात्र यह मानने लगें कि सफलता मेहनत से नहीं बल्कि 'सेटिंग' से मिलती है तो यह केवल शिक्षा का नहीं बल्कि सामाजिक नैतिकता का भी पतन है। अब सवाल यह है कि समाधान क्या है? क्या हर बार जांच, गिरफ्तारी और बयानबाजी से काम चल जाएगा? स्पष्ट है कि नहीं। सबसे पहले परीक्षा प्रणाली में पूर्ण डिजिटल और एन्क्रिप्टेड मॉडल लागू करना होगा। प्रश्नपत्रों को परीक्षा से कुछ मिनट पहले तक सुरक्षित सर्वर में रखा जाए और सीधे केंद्रों पर डिजिटल रूप में उपलब्ध कराया जाए। इससे छपाई और परिवहन से जुड़ी कमजोरियां समाप्त होंगी।**

भारत में परीक्षा अब केवल योग्यता का आकलन नहीं रह गई है, बल्कि यह करोड़ों सपनों की निर्णायक कसौटी बन चुकी है लेकिन जब यही कसौटी बार-बार संदिग्ध हो जाए, जब मेहनत और ईमानदारी की जगह 'जुगाड़' और 'माफिया नेटवर्क' हावी हो जाएं, तब यह केवल परीक्षा का संकट नहीं बल्कि राष्ट्र के भविष्य का संकट बन जाता है।

पेपर लीक के चलते नीट-यूजी 2026 परीक्षा का रद्द होना, सीबीएसई की ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली पर उठे गंभीर सवाल और एसएससी जीडी परीक्षा में धांधली, यह घटनाएं मिलकर यह साबित करती हैं कि भारत की परीक्षा प्रणाली अब गहरे संस्थागत संकट में फंस चुकी है और भारत की परीक्षा प्रणाली अब वेंटिलेटर पर है। नीट-यूजी 2026 का घटनाक्रम तो इस विफलता की सबसे भयावह तस्वीर पेश करता है। लगभग 22.79 लाख छात्रों की मेहनत, उनके परिवारों के त्याग और वर्षों की तैयारी एक झटके में शून्य हो गई। यह केवल एक परीक्षा का रद्द होना नहीं था बल्कि उस विश्वास का टूटना था, जिस पर पूरी शिक्षा व्यवस्था टिकी हुई है। इससे भी अधिक चिंताजनक तथ्य यह है कि इस बार मामला केवल बाहरी गिरोहों तक सीमित नहीं रहा बल्कि जांच में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के भीतर तक मिलीभगत के आरोप सामने आए।

सीबीआई की जांच और संसदीय समिति की पूछताछ में यह संकेत मिले हैं कि प्रश्नपत्र तैयार करने और परीक्षा प्रबंधन से जुड़े कुछ अधिकारियों ने मोटी रकम लेकर चुनिंदा छात्रों तक प्रश्नपत्र पहुंचाने का काम किया। यदि यह आरोप सही हैं तो यह केवल भ्रष्टाचार नहीं बल्कि संस्थागत विश्वासघात है। जिस संस्था को निष्पक्षता की गारंटी देनी थी, वही यदि धांधली का हिस्सा बन जाए, तो पूरी व्यवस्था का नैतिक आधार ही खत्म हो जाता है। नीट पेपर लीक की प्रकृति भी सामान्य नहीं थी। 'गेस पेपर' के नाम पर लगभग 150 से अधिक प्रश्नों का हूबहू मिल जाना, परीक्षा से पहले 600 अंकों तक के सवालों का प्रसार, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर खुलेआम प्रश्नपत्र का घूमना, यह सब किसी संयोग का परिणाम नहीं हो सकते। यह एक संगठित, बहुस्तरीय और तकनीकी रूप से सक्षम नेटवर्क का संकेत है, जो परीक्षा प्रणाली की हर कमजोर कड़ी को भेद चुका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि 2024 में पेपर लीक के बाद भी कोई ठोस सुधार क्यों नहीं हुआ? सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों, जांच समितियों और सिफारिशों के बावजूद 2026 में स्थिति और बदतर कैसे हो गई? इसका सीधा अर्थ है कि समस्या तकनीकी कम और इच्छाशक्ति की अधिक है। भारत की परीक्षा प्रणाली का ढांचा ही कई स्तरों पर कमजोर है। प्रश्नपत्रों की छपाई से लेकर वितरण तक की प्रक्रिया में निजी एजेंसियों और आउटसोर्स कर्मचारियों की बड़ी भूमिका रहती है। यही वह जगह है, जहां से माफिया नेटवर्क अपनी जड़ें जमाता है। जब प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्र तक पहुंचने से पहले ही स्कैन होकर डिजिटल रूप में फैल सकता है तो यह स्पष्ट संकेत है कि सुरक्षा तंत्र केवल कागजों पर मजबूत है, जमीन पर नहीं। दूसरी ओर, कोचिंग उद्योग का अनियंत्रित विस्तार इस संकट को और गहरा कर रहा है। मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाएं अब हजारों करोड़ रूपए का बाजार बन चुकी हैं। इस बाजार में 'सफलता' एक उत्पाद है, जिसे खरीदने के लिए छात्र और अभिभावक किसी भी हद तक जाने को मजबूर हैं। इसी मानसिकता का फायदा उठाकर एजुकेशन माफिया 'सीक्रेट पेपर', '100 प्रतिशत सलेक्शन गारंटी' और 'इनसाइडर एक्सेस' जैसे झूठे वादों के जरिए पूरे सिस्टम को खोखला कर रहा है। यदि नीट प्रकरण परीक्षा प्रणाली की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है तो सीबीएसई का ओएसएम विवाद मूल्यांकन प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर चोट करता है। डिजिटल मूल्यांकन को पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से लागू किया गया था लेकिन इसके परिणाम उलटे दिखाई दिए। पास प्रतिशत में गिरावट, मेधावी छात्रों को अपेक्षा से कम अंक मिलना और स्कैन की गई कॉपियों में भारी गड़बड़ियां, यह सब इस बात के संकेत हैं कि तकनीक को बिना पर्याप्त तैयारी और परीक्षण के लागू किया गया। कई छात्रों ने शिकायत की कि उनकी कॉपियां धुंधली थी, कुछ को गलत उत्तर पुस्तिकाएं मिली और कुछ मामलों में तो पूरी कॉपी ही किसी और की थी। यह स्थिति केवल तकनीकी त्रुटि नहीं मानी जा सकती बल्कि यह सरासर गंभीर प्रशासनिक लापरवाही है। यदि एक छात्र की मेहनत को किसी दूसरे की कॉपी से बदल दिया जाए तो यह केवल गलती नहीं है बल्कि उस छात्र के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। शिक्षा मंत्रालय और बोर्ड भले ही इन खामियों को सीमित मामलों तक बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश करें लेकिन छात्रों में बढ़ता असंतोष इस बात का प्रमाण है कि समस्या व्यापक है। तीसरी बड़ी घटना, एसएससी कांस्टेबल जीडी परीक्षा में धांधली, इस बात को और स्पष्ट करती है कि यह संकट किसी एक परीक्षा या संस्था तक सीमित नहीं है। उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में पेपर लीक, तकनीकी खराबी और प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण परीक्षा रद्द करनी पड़ी। ग्रेटर नोएडा में यूपी एसटीएफ द्वारा पकड़े गए रैकेट ने इस धांधली के आधुनिक रूप को उजागर किया। प्रॉक्सी सर्वर, स्क्रीन शेयरिंग ऐप्स और डमी कैंडिडेट्स के जरिए परीक्षा में हेरफेर किया जा रहा था। यह पारंपरिक नकल या पेपर लीक से कहीं अधिक खतरनाक है क्योंकि इसमें तकनीक का इस्तेमाल कर पूरी प्रणाली को भीतर से हैक किया जा रहा है। इन तीनों घटनाओं को एक साथ देखें तो एक भयावह तस्वीर उभरती है, एक ऐसी व्यवस्था, जहां प्रश्नपत्र सुरक्षित नहीं, मूल्यांकन विश्वसनीय नहीं और परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है। सबसे अधिक पीड़ित वह छात्र है, जो ईमानदारी से मेहनत करता है। ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों छात्र, जिनके माता-पिता ने कर्ज लेकर या जमीन गिरवी रखकर उन्हें कोचिंग दिलाई, आज सबसे ज्यादा निराश हैं। एक परीक्षा रद्द होने का मतलब केवल दोबारा परीक्षा देना नहीं होता बल्कि यह मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और आत्मविश्वास के टूटने का कारण बनता है। इस पूरे संकट का एक और खतरनाक पहलू है व्यवस्था के प्रति बढ़ता अविश्वास।

# आर्थिक संकट की चुनौतियों का सामना करता प्रिंट मीडिया

**प्रिंट मीडिया से जुड़े सीनियर पत्रकारों से बात करने के बाद यही बात सामने आती है कि उनका कहना है कि जब तक सरकार प्रिंट मीडिया की आर्थिक स्थिति पर गंभीरता से ध्यान देकर आर्थिक संकट का समाधान करने का प्रयास नहीं करेगी तब तक इस समस्या का कोई हल नहीं निकल सकता है।**



शिबली रामपुरी

प्रिंट मीडिया आज आर्थिक संकट के दौर से बुरी तरह से गुजर रहा है और अब प्रिंट मीडिया में काम करने वाले बहुत सारे तजुर्बेकर पत्रकारों की नौकरी जा चुकी है और कुछ की नौकरी कभी भी जा सकती है क्योंकि अब प्रिंट मीडिया में चाहे कोई अखबार छोटा हो या बड़ा हो हर किसी के सामने आर्थिक तौर पर एक बहुत बड़ा संकट खड़ा हो चुका है। इस संकट से अगर कोई प्रिंट मीडिया को निकाल सकता है तो वह है हमारी सरकार।

जब तक सरकार प्रिंट मीडिया पर गंभीरता से ध्यान नहीं देगी तब तक प्रिंट मीडिया की समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता है। प्रिंट मीडिया से जुड़े पत्रकारों के सामने रोजी रोटी का ऐसा संकट खड़ा है कि अधि. कतर पत्रकार भारी परेशानियों के दौर से गुजर रहे हैं। प्रिंट मीडिया में अंग्रेजी से लेकर हिंदी और उर्दू तीनों शामिल हैं और सबसे अधिक परेशानी हिंदी और उर्दू प्रिंट मीडिया के सामने खड़ी हो चुकी है। उर्दू अखबारों में तो अब चंद ही अखबार ऐसे हैं जो नियमित प्रकाशित हो रहे हैं अधिकतर समाचार पत्र आर्थिक संकट से खुद को बाहर निकालने में असफल रहे और आखिरकार वो अखबार बंद हो चुके हैं और उनसे जुड़े पत्रकारों की आर्थिक स्थिति का आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अखबार बंद होने के बाद उन पत्रकारों को अपना घर परिवार चलाने में कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा होगा। प्रिंट मीडिया के दौर में अंग्रेजी अखबारों की स्थिति अभी तक फिर भी कुछ सही मानी जा सकती है लेकिन यह भी एक कड़वी हकीकत है कि अंग्रेजी प्रिंट मीडिया की स्थिति पहले जैसी तो बिल्कुल नहीं रही है वरना अंग्रेजी मीडिया का एक सुनहरा दौर हुआ करता था, लेकिन अब उसमें काफी कमी आ चुकी है। प्रिंट मीडिया से जुड़े सीनियर पत्रकारों से बात करने के बाद यही बात सामने आती है कि उनका कहना है कि जब तक सरकार प्रिंट मीडिया की आर्थिक स्थिति पर गंभीरता से ध्यान देकर आर्थिक संकट का समाधान करने का प्रयास नहीं करेगी तब तक इस समस्या का कोई हल नहीं निकल सकता है क्योंकि प्रिंट मीडिया का अधि. कतर दारोमदार सरकार की नीतियों पर है और सरकार को नीतियों को आसान बनाने की जरूरत है। आपने देखा होगा कि किस तरह से प्रिंट मीडिया से नौकरी जाने के बाद कई पत्रकारों ने यूट्यूब चैनल पर काम करना शुरू कर दिया और वहां पर भी काफी संघर्ष कर रहे हैं क्योंकि उनको डिजिटल मीडिया का इतना अनुभव नहीं है तो उनके सामने यहां भी काफी चुनौतियां हैं हालांकि



कुछ पत्रकार डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया पर काफी अच्छा काम भी कर रहे हैं लेकिन ऐसे पत्रकारों की गिनती काफी कम है। ऐसे हालात को देखते हुए अब केंद्र सरकार से ही प्रिंट मीडिया को उम्मीद रह जाती है कि केंद्र सरकार ऐसी नीतियां बनाए कि जिससे प्रिंट मीडिया का वजूद खतरे में ना पड़े और प्रिंट मीडिया का वह सुनहरा दौर फिर से लौट आए कि जब प्रिंट मीडिया भी आकर्षण का एक केंद्र ना सिर्फ हुआ करता था बल्कि इसमें रोजगार के बहुत सारे अवसर भी पर्याप्त होते थे। युवाओं की एक बड़ी आबादी पढ़ लिखकर प्रिंट मीडिया में जाना चाहती थी और अपना भविष्य उज्जवल बनाने का एक बेहतरीन माध्यम प्रिंट मीडिया माना जाता था मगर बदलते वक्त के साथ अब सब कुछ बदल चुका है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पेपर लीक की आड़ में डिजिटल शिक्षा पर 'दो कौड़ी' का तंज





प्रो. आर.के. जैन

**यदि यह कुछ नहीं जानते, तो यह सफलता कैसे संभव हुई? हालांकि कुछ अपवाद हो सकते हैं, लेकिन उनसे पूरे योगदान को नकारा नहीं जा सकता। अंजना जी, यह आरोप केवल शिक्षकों पर नहीं, उनके समर्पण और मेहनत पर भी सवाल उठाता है।**

भारतीय शिक्षा जगत में यह शायद ही पहले कभी देखने को मिला हो कि एक टीवी स्टूडियो में कही गई टिप्पणी इतनी तेजी से राष्ट्रीय बहस का विषय बन जाए। लेकिन जब वरिष्ठ एंकर अंजना ओम कश्यप ने नीट पेपर लीक पर चर्चा के दौरान यूट्यूब शिक्षकों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक्सप्लेनर बनाते हैं, जानते कुछ नहीं और उन्हें दो कौड़ी के यूट्यूब गुरु तक कह दिया, तो यह सिर्फ एक टीवी बहस नहीं रही। यह बयान देखते ही देखते ब्लैकबोर्ड पर ब्रेकिंग न्यूज बन गया। वास्तव में, यह डिजिटल शिक्षा की बढ़ती ताकत के सामने मुख्यधारा मीडिया की असहजता को उजागर करता है। अंजना का यह हमला तथ्यों से अधिक पूर्वाग्रह का प्रतीक प्रतीत होता है।

जब लाखों छात्रों का भरोसा किसी मंच से जुड़ जाए, तो उस पर उठी उंगली केवल व्यक्तियों पर नहीं, पूरी व्यवस्था पर सवाल बन जाती है। अंजना ओम कश्यप की इस टिप्पणी को खान सर, अभिनय शर्मा जैसे लोकप्रिय यूट्यूब शिक्षकों पर भी लागू माना गया। उन्होंने कुछ डिजिटल शिक्षकों को 'बड़ा फ्रॉड' तक कह दिया। यह टिप्पणी ऐसे समय आई, जब लाखों छात्र ऑनलाइन शिक्षा के सहारे अपने सपने संवार रहे हैं। इसलिए इसे केवल कुछ शिक्षकों पर नहीं, बल्कि पूरे डिजिटल शिक्षा जगत की साख पर प्रहार माना गया। सवाल है, क्या यह आलोचना तथ्यों पर आधारित है या महज सुर्खियां बटोरने की कोशिश? क्या कुछ अपवादों के आधार पर पूरे समुदाय को कटघरे में खड़ा करना उचित है? शोर और आरोपों से परे, किसी भी व्यवस्था का मूल्यांकन उसके परिणामों से होता है। पिछले एक दशक में यूट्यूब आधारित शिक्षा ने लाखों छात्रों तक ज्ञान पहुंचाया, जिनकी पहुंच महंगी कोचिंग तक नहीं थी। खान सर और अभिनय शर्मा जैसे शिक्षकों ने दूर-दराज क्षेत्रों के युवाओं को अवसर, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास दिया। इनके पक्ष में सबसे बड़ा प्रमाण लाखों सफल छात्र हैं। यदि यह कुछ नहीं जानते, तो यह सफलता कैसे संभव हुई? हालांकि कुछ अपवाद हो सकते हैं, लेकिन उनसे पूरे योगदान को नकारा नहीं जा सकता। अंजना जी, यह आरोप केवल शिक्षकों पर नहीं, उनके समर्पण और मेहनत पर भी सवाल उठाता है। जब दुनिया थम-सी गई थी और शिक्षा के पारंपरिक रास्ते बंद हो गए थे, तब डिजिटल मंचों ने सीखने की लौ बुझने नहीं दी। कोविड महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षक लाखों विद्यार्थियों के लिए सहारा बने। स्कूलों और कक्षाओं के बंद रहने पर मोबाइल और इंटरनेट के जरिए शिक्षा घर-घर पहुंची। जहां कई कोचिंग संस्थानों की फीस लाखों रूपए तक है, वहीं अनेक यूट्यूब शिक्षक मुफ्त या कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते रहे। डिजिटल प्लेटफॉर्म ने शिक्षा को सीमित दायरों से निकालकर आम लोगों तक पहुंचाया है। ऐसे योगदान को अनदेखा कर पूरे समुदाय को फ्रॉड बताना न केवल अनुचित, बल्कि एकतरफा दृष्टिकोण भी है। हालांकि कुछ चैनलों में क्लिकबेट, भ्रामक थंबनेल और पेड कोर्स की आक्रामक मार्केटिंग जैसी समस्याएं भी मौजूद हैं। विवाद के बीच शिक्षकों की प्रतिक्रिया ने अंजना के आरोपों पर नए सवाल खड़े कर दिए। अभिनय सर और खान सर जैसे शिक्षकों ने कहा कि उनका काम छात्रों का भविष्य संवारना है, न कि सनसनी फैलाना। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई उन्हें ज्ञानहीन सिद्ध कर दे, तो वे सीखने को तैयार हैं, लेकिन निराधार आरोप स्वीकार्य नहीं हैं। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर छात्रों ने भी खुलकर उनका समर्थन किया। हजारों प्रतिक्रियाओं में छात्रों ने बताया कि इन शिक्षकों ने शिक्षा को महंगे दायरों से निकालकर आम लोगों तक पहुंचाया है। ऐसे में दो कौड़ी जैसी टिप्पणी केवल शिक्षकों पर नहीं, बल्कि उन लाखों छात्रों और परिवारों के विश्वास पर भी चोट करती है, जो उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते हैं।

इस प्रकरण ने मुख्यधारा मीडिया की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े किए हैं। जब यूट्यूब शिक्षक नीट लीक, सीबीएसई विवादों और शिक्षा व्यवस्था की खामियों पर आवाज उठाते हैं, तो उन्हें फ्रॉड कहकर खारिज कर दिया जाता है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या टीवी एंकर हर विषय के अंतिम विशेषज्ञ हैं? यदि डिजिटल मंचों की विश्वसनीयता पर संदेह किया जाता है, तो टीआरपी-केंद्रित बहसों की निष्पक्षता भी जांच के दायरे में आनी चाहिए। अंजना ओम कश्यप का बयान इसी विरोधाभास को उजागर करता है। एक ओर डिजिटल शिक्षक शिक्षा की पहुंच बढ़ा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके योगदान पर संदेह जताया जा रहा है। डिजिटल शिक्षा जगत भी कमियों से पूरी तरह अछूता नहीं है। कुछ यूट्यूब चैनलों पर क्लिकबेट और भ्रामक जानकारी की समस्या मौजूद है, जिसकी आलोचना और जवाबदेही आवश्यक है। कुछ टीचर्स पर पेपर लीक या गलत मार्गदर्शन के आरोप भी लगते रहे हैं। लेकिन कुछ उदाहरणों के आधार पर पूरे समुदाय को फ्रॉड या दो कौड़ी का कहना उचित नहीं। शिक्षा में गुणवत्ता जरूरी है, पर उसके नाम पर पूरे आंदोलन को अपमानित नहीं किया जा सकता। किसी भी व्यवस्था का मूल्यांकन तथ्यों और परिणामों से होना चाहिए, न कि अपमानजनक टिप्पणियों से। अंजना का बयान इसी अतिसामान्ईकरण की मिसाल प्रतीत होता है। वस्तुत:, इस पूरे विवाद का केंद्र कोई एंकर या शिक्षक नहीं, बल्कि शिक्षा का बदलता परिदृश्य है। आज करोड़ों छात्र सीमित संसाधनों के बीच डिजिटल मंचों के सहारे अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। ऐसे में मुख्यधारा मीडिया और डिजिटल शिक्षा जगत, दोनों से संतुलन, जवाबदेही और संवाद की अपेक्षा है। किसी शिक्षक का मूल्यांकन आरोपों या उपहास से नहीं, बल्कि उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों से होना चाहिए। दो कौड़ी के गुरु जैसी टिप्पणी केवल शिक्षकों पर नहीं, बल्कि उन करोड़ों छात्रों के विश्वास और आकांक्षाओं पर भी आघात हैय ऐसे में संबंधित टिप्पणी पर पुनर्विचार और खेद की अपेक्षा स्वाभाविक है। शिक्षा राष्ट्र की नींव हैय इसलिए इस पर विमर्श पूर्वाग्रह नहीं, तथ्यों और सम्मान के आधार पर होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रूसी बैलेस्टिक मिसाइलों से दहल उठा कीव

## 13 की मौत, यह हाल के महीनों में मॉस्को की ओर से किए गए सबसे बड़े हमलों में से एक

**कीव।** यूक्रेन पर रूस के मिसाइल और ड्रोन हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से नौ लोग निप्रो में और चार राजधानी कीव में मारे गए। यह हाल के महीनों में मॉस्को की ओर से किए गए सबसे बड़े हमलों में से एक है। बीबीसी के अनुसार, रात भर हुए इन हवाई हमलों में आवासीय इमारतें मलबे में तब्दील हो गईं, जिसमें कई बच्चों सहित दर्जनों लोग घायल हुए हैं।



■ रातभर हुए इन हवाई हमलों में आवासीय इमारतें मलबे में तब्दील हो गईं, जिसमें कई बच्चों सहित दर्जनों लोग घायल हुए हैं: बीबीसी

आपातकालीन दल कीव में मलबे के नीचे दबे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए तेजी से काम कर रहा है। मंगलवार तड़के यूक्रेन के अधिकतर हिस्सों में हवाई हमले के अलर्ट जारी कर दिए गए थे। मंगलवार को राजधानी कीव के केंद्र से धुएं के बड़े गुबार उठते देखे गए, जहां सैन्य प्रशासन प्रमुख ने बैलिस्टिक मिसाइलें दागे जाने की चेतावनी दी। वहीं, कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने निवासियों से शेल्टरों में ही रहने का आग्रह किया। सुबह-सुबह हुए इन हमलों के दौरान एक के बाद एक दर्जन से अधिक तेज विस्फोटों की आवाजों के बीच ड्रोनों की गूंज सुनी जा सकती थी। मेयर क्लिट्स्को ने बताया कि इस हमले के कारण एक पेट्रोल पंप, एक निर्माण स्थल, कई अपार्टमेंट ब्लॉकों और दो घरों के पास आग लग गई। पूरे शहर में बिजली गुल होने की भी रिपोर्टें हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इस कार्रवाई को यूक्रेन के पिछले हमलों का जवाब बताते हुए एक बयान में कहा कि इस 'हमले के सभी उद्देश्य' पूरे कर लिए गए हैं। पिछले हफ्ते पूर्वी यूक्रेन के कब्जे वाले हिस्से में एक छात्र छात्रावास पर हुए घातक हमले के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराते हुए रूस ने 'व्यवस्थित हमला' शुरू करने की चेतावनी दी थी। वहीं, यूक्रेन का कहना था कि उसने रूस की एक सैन्य इकाई को निशाना बनाया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने सोमवार रात अपने वीडियो संबोधन में ही एक 'बड़े हमले' की आशंका जताते हुए निवासियों से हवाई हमले के अलर्ट पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया था। मंगलवार सुबह जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने रात भर चले इस हमले में 656 स्ट्राइक ड्रोन और बैलिस्टिक, क्रूज व एंटी-शिप सहित विभिन्न प्रकार की 73 मिसाइलें दागी हैं। रूसी मिसाइलों को रोकने के लिए इस्तेमाल होने वाले इंटरसेप्शन हार्डवेयर का जिक्र करते हुए यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि हमें पैट्रियट सिस्टम के लिए मिसाइलों की आपूर्ति के लिए अमेरिका से तत्काल मदद की आवश्यकता है।

# भारत-दक्षिण अफ्रीका द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाएंगे

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति शिपोकोसा पॉलुस माशातिले ने मंगलवार को यहां उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जताई। दोनों नेताओं ने भारत-दक्षिण अफ्रीका द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ बनाने पर सार्थक चर्चा की, जिसमें व्यापार, निवेश, रक्षा सहयोग, कौशल विकास तथा जन-से-जन संबंधों को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने विकासशील देशों की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने तथा ब्रिक्स, जी-20, इब्सा और हिंद महासागर तटीय संघ जैसे बहुपक्षीय मंचों में सहयोग बढ़ाने पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों की पूर्ण क्षमता का उपयोग करने के उपायों पर चर्चा की।




श्रीनगर। हवाई अड्डे पर मक्का से आने वाले हज यात्रियों के पहले जत्थे का स्वागत करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

# जल्द शुरू हो सकता है 'अल नीनो' का खतरनाक दौर

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि 'अल नीनो' का एक नया और खतरनाक दौर अगले कुछ हफ्तों में शुरू हो सकता है, जिससे जलवायु परिवर्तन की मार झेल रही धरती के तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की ओर से जारी इस चेतावनी में कहा गया है कि अल नीनो के साल 2026 के बाकी महीनों में और मजबूत होने का अनुमान है, जिससे दुनिया के कई हिस्सों में भीषण और चरम मौसम देखने को मिल सकता है।कई देशों की मौसम एजेंसियों के अनुमान बताते हैं कि यह अब तक का सबसे मजबूत अल नीनो हो सकता है, जिसे विशेषज्ञ 'सुपर अल नीनो' भी कह रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध तरीके से ट्रक चलाने वाले 30 भारतीय गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे और व्यावसायिक ट्रक चलाने वाले लगभग 30 भारतीयों को एक संघीय अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा है कि इन सभी को जल्द ही देश से निर्वासित किया जाएगा। अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा एजेंसी ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि 11 से 15 मई के बीच एरिजोना के युमा सेक्टर में चलाए गए 'आपरेशन चेकमेट' के दौरान सीमा गश्ती एजेंटों ने 52 लोगों को गिरफ्तार किया, जो अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे थे।

### अमेरिका के आयोवा में अंधाधुंध गोलीबारी सात लोगों की मौत

**आयोवा (अमेरिका)।** अमेरिका के आयोवा राज्य के मस्कटाइन में एक घरेलू विवाद के कारण गोलीबारी हुई। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस विभाग के अनुसार, बंदूकधारी ने भी खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बंद. कधारी की पहचान 52 वर्षीय रयान विलिस मैकफार्लैंड के रूप में की है। उसने तीन अलग-अलग स्थानों पर छह व्यक्तियों की हत्या की। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मार ली। मस्कटाइन पुलिस विभाग को दोपहर करीब 12:12 बजे गोल. ीबारी की सूचना मिली थी।

### यूएनईपी ने भीषण गर्मी से निपटने के लिए शुरू की पहल

**नैरोबी।** संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते और जानलेवा मौसमी खतरों में से एक 'भीषण गर्मी' से निपटने के लिए एक नया वैश्विक अभियान शुरू किया है। विश्व पर्यावरण दिवस से ठीक पहले 'हीट एक्शन डे' पर शुरू की गई इस पहल में दुनिया भर के 50 से अधिक शहर एक साथ आए हैं। 'फिफ्टी एट फिफ्टी' नामक इस पहल का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी से निपटने की तैयारियों को मजबूत करना है।

# लेबनान पर इजरायली हमले से ट्रम्प नाराज

## इजरायल के पीएम नेतन्याहू को फोन कर फटकार लगाई, कहा: पागल हो गए हो क्या, तुरंत ये सब रोको



■ नेतन्याहू ने सेना को लेबनान में अपने जमीनी अभियान का विस्तार करने का निर्देश दिया है
■ इजरायल ने नबातिएह शहर के निकट एक रणनीतिक पहाड़ी पर स्थित ऐतिहासिक ब्यूफोर्ट किले पर भी कब्जा कर लिया है

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंज. मिन नेतन्याहू को लेबनान में इजरायल की सैन्य कार्रवाई को लेकर कड़ी फटकार लगाते हुए संयम बरतने की सलाह दी है। एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प ने टेलीफोन पर बातचीत में नेतन्याहू को 'पागल' बताया और उन पर कृतघ्न होने का आरोप लगाया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बातचीत के दौरान एक समय ट्रम्प ने ऊंची आवाज में पूछा कि आप आखिर कर क्या रहे हैं? यह कथित बातचीत उस समय हुई जब नेतन्याहू ने इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) को बेरूत के दाहिएह क्षेत्र में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला करने का आदेश दिया था। इजरायली सेना द्वारा जमीनी अभियान तेज किए जाने और वर्षों में पहली बार लेबनान के भीतर अधिक गहराई तक प्रवेश करने के कारण दक्षिणी लेबनान में हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। नेतन्याहू ने रविवार को जारी एक बयान में कहा था कि उन्होंने सेना को लेबनान में अपने जमीनी अभियान का विस्तार करने का निर्देश दिया है। इजरायल ने नबातिएह शहर के निकट एक रणनीतिक पहाड़ी पर स्थित ऐतिहासिक ब्यूफोर्ट किले पर भी कब्जा कर लिया है। इजरायली सेना ने इससे पहले 1982 में इस 12वीं शताब्दी के किले पर कब्जा किया था और लेबनान से वापसी करने तक 18 वर्षों तक उस पर नियंत्रण बनाए रखा था। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि लेबनान में इजरायली हमले सात अप्रैल को अमेरिका और ईरान के बीच हुए व्यापक युद्धविराम समझौते का उल्लंघन हैं। अराघची ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि ईरान और अमेरिका के बीच हुआ युद्धविराम स्पष्ट रूप से सभी मोर्चों पर लागू है, जिसमें लेबनान भी शामिल है। किसी एक मोर्चे पर इसका उल्लंघन, सभी मोर्चों पर युद्धविराम का उल्लंघन माना जाएगा। इसके परिणामों के लिए अमेरिका और इजरायल जिम्मेदार होंगे। फोन वार्ता के बाद ट्रम्प ने अपनी बात. चीत को 'सकारात्मक और उपयोगी' बताया और कहा कि इजरायल बेरूत में कोई बड़ा सैन्य अभियान नहीं चलाएगा। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि आज मेरी बिबी नेतन्याहू से बातचीत हुई। मैंने उनसे कहा कि वे लेबनान की राजधानी बेरूत में कोई बड़ा हमला न करें। उन्होंने अपने सैनिकों को वापस मोड़ दिया।

## युद्धविराम पर सहमति होने के बावजूद के लेबनान में झड़पें जारी

**बेरूत/तेल अवीव।** अमेरिका की तैयार की गई आंशिक युद्धविराम योजना को इजरायल और हिजबुल्ला दोनों पक्षों की ओर से स्वीकार किए जाने के बाद भी लेबनान में जमीनी स्तर पर संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। समझौते की घोषणा के बावजूद आज भी अलग-अलग इलाकों में दोनों पक्षों के बीच भीषण झड़पें जारी रहीं। बीबीसी ने सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट की है कि दक्षिणी लेबनान और सीमावर्ती क्षेत्रों में सैन्य गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं। इजरायली सेना और हिजबुल्ला के लड़ाके कई मोर्चों पर आमने-सामने हैं। इस कारण इस शांति समझौते के टिके रहने पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। इस आंशिक युद्धविराम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में जारी मानवीय संकट को कम करना और पूर्ण शांति के लिए रास्ता तैयार करना था। हालांकि जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है, जहां दोनों ही पक्ष एक-दूसरे पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगा रहे हैं। राजनयिक हलकों में चिंता जताई जा रही है कि यदि इन झड़पों को तुरंत नहीं रोका गया तो स्थिति एक बार फिर पूरी तरह नियंत्रण से बाहर हो सकती है।

# इजरायली हमलों से गाजा में मृतक संख्या बढ़कर 72938 हुई



■ पिछले 48 घंटों के दौरान सात शवों और 25 घायलों को गाजा के अस्पतालों में लाया गया

**गाजा।** फलस्तीन के गाजा पट्टी क्षेत्र पर इजरायल के हमले निरंतर जारी है और इन हमलों से गाजा में अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 72938 पहुंच गई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि पिछले 48 घंटों के दौरान सात शवों और 25 घायलों को गाजा के अस्पतालों में लाया गया है।

मंत्रालय के अनुसार पिछले साल 11 अक्टूबर को युद्धविराम लागू होने के बाद से अब तक गाजा में 929 लोगों की मौत हो चुकी है और 2811 अन्य घायल हुए हैं। इसके अलावा मलबे के नीचे से 781 शवों को भी निकाला गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सात अक्टूबर 2023 से अब तक गाजा में मृतकों की कुल संख्या 72938 और घायलों की संख्या 172919 तक पहुंच गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल ने अमेरिका के समर्थन से सात अक्टूबर 2023 को गाजा पट्टी के निवासियों के खिलाफ व्यापक सैन्य अभियान शुरू किया था। हालांकि, वह हमास आंदोलन को समाप्त करने और इजरायल के बंदियों की वापसी सुनिश्चित करने के अपने घोषित उद्देश्यों को हासिल करने में विफल रहा और अंततः हमास के साथ युद्धविराम पर सहमत होना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, युद्धविराम लागू होने के बाद भी इजरायल ने इसके कुछ प्रावधानों को लागू करने से इनकार किया है और गाजा पट्टी पर अपने सैन्य अभियान जारी रखे हैं।

# एक भी मोर्चे पर युद्धविराम का उल्लंघन पूरे समझौते का उल्लंघन: अराघची



■ युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन के परिणामों की जिम्मेदारी अमेरिका और इजरायल पर होगी

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान और अमेरिका के बीच हुए युद्धविराम का किसी भी एक मोर्चे पर उल्लंघन पूरे युद्धविराम समझौते का उल्लंघन माना जाएगा, जिसमें लेबनान भी शामिल है। अराघची ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह युद्धविराम बिना किसी अस्पष्टता के सभी मोर्चों पर लागू एक व्यापक युद्धविराम है, जिसमें लेबनान भी शामिल है।

उन्होंने लिखा कि इस युद्धविराम का किसी एक मोर्चे पर किया गया कोई भी उल्लंघन सभी मोर्चों पर युद्धविराम के उल्लंघन के रूप में माना जाएगा। विदेश मंत्री ने कहा कि युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन के परिणामों की जिम्मेदारी अमेरिका और इजरायल पर होगी। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब लेबनान में युद्धविराम लागू होने के बावजूद इजरायल की ओर से हमले जारी हैं। ईरानी समाचार एजेंसी इरना की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल रक्षा बलों ने दक्षिणी लेबनान के कस्बों और गांवों पर हमले जारी रखे हैं, जिनमें घरों और नागरिकों को निशाना बनाया गया। इसे युद्धविराम का बार-बार उल्लंघन बताया गया है।

## ईरान ने उत्तरी इजरायली निवासियों को इलाका खाली करने की दी चेतावनी

**तेहरान।** ईरान ने इजरायल के कब्जे वाले उत्तरी इलाकों के लोगों को चेतावनी दी है कि अगर इजरायल ने लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हमला किया तो वे तुरंत यहां से निकल जाएं ईरानी समाचार एजेंसी के अनुसार, 'खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर' की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहियाह के साथ-साथ खुद लेबनानी राजधानी पर भी बमबारी करने की धमकी दी है।

# सैनिकों की कमी से जूझ रहे इजरायल में बवाल

## सैन्य भर्ती के खिलाफ कट्टरपंथी यहूदी सड़कों पर उतरे, हिंसा प्रदर्शन के साथ-साथ आगजनी

**तेल अवीव।** इजरायल में अनिवार्य सैन्य भर्ती के विरोध में हजारों अति-रूढ़िवादी (अल्ट्रा- आर्थोडाक्स) यहूदियों ने देशभर में प्रदर्शन किया। जिससे हिंसा और बवाल की स्थिति बन गई। प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख सड़कों और रेल मार्गों को अवरुद्ध कर दिया तथा कई स्थानों पर वाहनों में आग लगा दी, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। इजरायली पुलिस के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने कई प्रमुख चौराहों को जाम कर दिया और एक स्थान पर बस से उतरे एक सैनिक पर भी हमला किया।



■ भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वाटर कैनन और घुड़सवार बल का सहारा लेना पड़ा

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वाटर कैनन और घुड़सवार बल का सहारा लेना पड़ा। विरोध प्रदर्शन के कारण यरुशलम और तेल अवीव महानगरीय क्षेत्र समेत देश के मध्य हिस्से में यातायात व्यवस्था लगभग ठप हो गई। कई राजमार्ग बंद कर दिए गए और सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बाधित रहीं। इजरायल में अधिकांश यहूदी पुरुषों और महिलाओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है। हालांकि, राजनीतिक रूप से प्रभावशाली अल्ट्रा-आर्थोडाक्स समुदाय को लंबे समय से धार्मिक शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के आधार पर सैन्य सेवा से छूट मिलती रही है। अब इस छूट पर खतरा मंडरा रहा है। कई आम इजरायली नागरिक इस व्यवस्था से नाराज हैं, क्योंकि लगातार सैन्य अभियानों के चलते इजरायली सेना सैनिकों की कमी से जूझ रही है, जिससे सेना पर दबाव बढ़ रहा है। इस बीच भी अल्ट्रा-आर्थोडाक्स समुदाय के अधिकांश युवा भर्ती से बाहर रहते हैं। यही मुद्दा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के लिए भी संकट बन गया है। अल्ट्रा-आर्थोडाक्स दलों द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद समय से पहले चुनाव की आशंका भी बढ़ गई है। संसदीय समिति के आंकड़ों के अनुसार, हर साल करीब 13000 अल्ट्रा-आर्थोडाक्स युवा 18 वर्ष की भर्ती आयु तक पहुंचते हैं, लेकिन इनमें से 10 प्रतिशत से भी कम सेना में शामिल होते हैं।

सैनिकों की भारी कमी से जूझ रही इजरायली सेना अनिवार्य सैन्य सेवा की अवधि बढ़ाने पर विचार कर रही है। वर्तमान में अधिक. ांश यहूदी पुरुषों को लगभग तीन वर्ष और महिलाओं को दो वर्ष की अनिवार्य सैन्य सेवा देनी होती है, जिसके बाद रिजर्व ड्यूटी भी करनी पड़ती है। यरुशलम में प्रदर्शनकारी इजरायल ट्रापर ने कहा, श्यह समुदाय इसे अपने अस्तित्व की लड़ाई मानता है। सेना में शामिल होने का मतलब धर्म से समझौता करना है। हम अपना धर्म नहीं छोड़ना चाहते, इसलिए यह हमारे लिए जीवन-मरण का सवाल है। कई प्रदर्शनकारियों ने ऐसे पोस्टर भी उठाए जिन पर लिखा था कि हम जियोनिस्ट बनकर जीने से बेहतर यहूदी बनकर मरना पसंद करेंगे।

# डोनाल्ड ट्रम्प सरकार को बड़ा झटका

## संघीय अपील अदालत के न्यायाधीशों ने ट्रांसजेंडर सैनिकों को प्रतिबंधित करने को अवैध करार दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन की वह नीति, जिसके तहत ट्रांसजेंडर सैनिकों को सैन्य सेवा से बाहर रखा गया था, अवैध है। संघीय अपील अदालत के न्यायाधीशों के एक विभाजित पैनल ने यह फैसला सुनाया। अमेरिकी अपील अदालत के डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया सर्किट के तीन न्यायाधीशों के पैनल के बहुमत वाले फैसले में मार्च 2025 में वाशिंगटन डीसी की अमेरिकी जिला न्यायाधीश एना रेयेस के फैसले को बड़े पैमाने पर बरकरार रखा गया।



■ संघीय अपील अदालत के न्यायाधीशों के एक विभाजित पैनल ने यह फैसला सुनाया

रेयेस ने अपने फैसले में कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का ट्रांसजेंडर सैनिकों को सैन्य सेवा से बाहर करने संबंधी कार्यकारी आदेश संभवतः उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। रेयेस द्वारा छह सक्रिय ट्रांसजेंडर सैन्यकर्मियों और सेना में शामिल होने की इच्छा रखने वाले दो अन्य लोगों की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक निषेधाज्ञा जारी किए जाने के बाद प्रशासन ने इसके खिलाफ अपील की थी। अपील अदालत के बहुमत ने फैसला दिया कि निषेधाज्ञा का दायरा सीमित किया जाए और यह केवल उन वादियों पर लागू हो जो वर्तमान में सेना में सेवा दे रहे हैं। सेना में शामिल होने की कोशिश कर रहे लोगों को इसमें शामिल नहीं किया गया। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू नहीं होगा, जिससे ट्रम्प प्रशासन को पूरे अपील न्यायालय से मामले की सुनवाई कराने का अनुरोध करने के लिए समय मिल जाएगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट पिछले वर्ष ट्रांसजेंडर सैन्य प्रतिबंध को लागू रहने की अनुमति दे चुका है, जबकि इस मामले से जुड़ी कानूनी प्रक्रिया अभी जारी है। इस प्रतिबंध को चुनौती देने वाला एक अन्य मुकदमा वाशिंगटन राज्य में भी दायर किया गया था, जिसमें अदालत ने नीति को चुनौती देने वाले वादियों के पक्ष में फैसला सुनाया था। जनवरी 2025 में ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें कहा गया था कि ट्रांसजेंडर सैन्यकर्मियों की यौन पहचान श्एक सैनिक की सम्मानजनक, सत्यनिष्ठ और अनुशासित जीवनशैली के प्रति प्रतिबद्धता से टकराती है, यहां तक कि उसके निजी जीवन में भी और यह सैन्य तैयारियों के लिए हानिकारक है।

# हिंदूफोबिया और मंदिरों पर हमलों की निंदा का प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक प्रमुख सांसद ने प्रतिनिधि सभा के उस प्रस्ताव का समर्थन किया है, जिसमें हिंदू-अमेरिकी समुदाय के देश की अर्थव्यवस्था में योगदान का सम्मान किया गया है। इसके साथ ही हिंदूफोबिया, हिंदू विरोधी पूर्वाग्रह और मंदिरों पर हमलों की निंदा की गई है।

■ भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने किया समर्थन अमेरिका ने 40 लाख से ज्यादा हिंदुओं का किया स्वागत

इस प्रस्ताव का समर्थन सोमवार को डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना ने किया। इसे मिशिगन से भारतीय मूल के डेमोक्रेट सांसद थानेदार ने पेश किया था। 24 जनवरी 2025 को पेश किए गए इस प्रस्ताव को अब तक 32 सांसदों का समर्थन मिल चुका है। इनमें राजा कृष्णमूर्ति और सुहास सुब्रमण्यम भी शामिल हैं। कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व करने वाले डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस प्रस्ताव के समर्थन की घोषणा की। रो खन्ना ने अपनी पोस्ट में कहा कि मुझे सांसद थानेदार के विधेयक **H-Res-69** का सह-प्रायोजक बनने पर गर्व है। यह प्रस्ताव अमेरिका में हिंदू-अमेरिकी समुदाय के निरंतर योगदान और उसकी जीवंत विविधता का सम्मान करता है, जबकि हम अपने देश के बहुजातीय लोकतंत्र को और मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि हिंदू धर्म दुनिया के सबसे बड़े और सबसे प्राचीन धर्मों में से एक है, जिसके 100 से अधिक देशों में 1.2 अरब से ज्यादा अनुयायी हैं। इसमें जिक्र किया गया है कि हिंदू धर्म विभिन्न परंपराओं और आस्था प्रणालियों का समूह है, जो स्वीकार्यता, पारस्परिक सम्मान और शांति जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को बढ़ावा देता है।

